

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran


11 चैंपियंस ट्रॉफी को पाकिस्तान से बाहर स्थानांतरित करने की खबरों पर... | ट्रंप ने उच्चतम न्यायालय से हश मनी मामले में सजा सुनाए जाने पर रोक लगाने का अनुरोध किया 12

वर्ष : 12 | अंक : 267 | पटना, शुक्रवार, 10 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# अप्रवासियों के दिल में धड़कता है भारत, दुनिया में आपसे मेरा सिर ऊंचा : मोदी

भुवनेश्वर/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। आयोजन स्थल पर मौजूद लोगों को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा- मैंने हमेशा भारतीय डाइस्पोरा को भारत का राष्ट्रदूत माना है। मुझे खुशी होती है जब दुनिया में आप सभी साथियों से बात करता हूं। जो प्यार मिलता है उसे भूल नहीं सकता। प्रधानमंत्री ने कहा, आपका स्नेह आशीर्वाद मेरे साथ रहता है। मैं सभी का निजी तौर पर आभार करता हूं। आपको थैंक यू भी बोलना चाहता हूं। वो इसलिए क्योंकि आपकी वजह से मुझे दुनिया में गर्व से सिर ऊंचा रखने का मौका मिलता है। बीते दस साल में मेरी दुनिया के अनेक लीडर से मुलाकात हुई है। अपने देश के भारतीय डाइस्पोरा की बहुत प्रशंसा करता हूं। इसका एक बड़ा कारण वो सोशल वैल्यूज हैं जो आप सभी वहां की सोसाइटी में दिखाते हैं। हम सिर्फ मदर ऑफ डेमोक्रेसी ही नहीं हैं बल्कि जीवन का हिस्सा हैं। पीएम मोदी ने प्रवासियों के दिलों में धड़कते भारत की बात की। बोले, भारतीय हर जगह जुड़ जाते हैं, हमें विविधता सिखानी नहीं पड़ती, हमारा जीवन ही इससे चलता है। इसलिए भारतीय जहां भी जाते हैं, वहां की सोसाइटी से जुड़ जाते हैं। जहां जाते हैं, वहां के नियमों और परम्पराओं की इज्जत करते हैं। देश की सेवा करते हैं। विकास में योगदान करते हैं। इनके बीच हमारे दिल में भारत भी धड़कता रहता है। हम भारत की हर खुशी में खुश होते हैं। उत्सव मनाते हैं। 21वीं सदी का भारत जिस गति से आगे बढ़ रहा है, जिस गति से विकास के काम हो रहे हैं, वह अभूतपूर्व है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के ऐतिहासिक और



सांस्कृतिक महत्व की बात कही। बोले, यह समय उत्सव का है। हम महाकुंभ, मकर संक्रांति, लोहड़ी और पोंगल जैसे पर्वों के बीच एकत्र हुए हैं, जो हमारे समाज की विविधता और एकता को प्रदर्शित करते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि 9 जनवरी 1915 को महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटे थे और तब से यह दिन विशेष रूप से मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने ओडिशा की सांस्कृतिक धरोहर की सराहना करते हुए कहा, ह्लओडिशा की भूमि पर कदम-कदम पर संस्कृति का प्रतीक देखने को मिलता है। यह भूमि हमारे सम्राट अशोक की शांति की धरोहर को संजोए हुए है। ओडिशा का यह ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व हमें शांति, विकास और वैश्विक समृद्धि की दिशा में प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री ने भारत के विकास की गति पर जोर देते हुए कहा, बीते 10 वर्षों में भारत ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है और आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। यह अभूतपूर्व सफलता है और हम आगे बढ़ते हुए तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने कहा, आज भारत का चंद्रयान अपनी सफलता की ओर बढ़ रहा है, हम नवीकरणीय ऊर्जा, मेट्रो, बुलेट ट्रेन, और मेड इन इंडिया उत्पादों के साथ प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंच रहे हैं। यह सभी कारक भारत के वैश्विक प्रभाव को मजबूत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, भारत की सफलता को अब दुनिया देख रही है और हमारे विकास की दिशा का सम्मान किया जा रहा है। हमारा देश न केवल अपने मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाता है, बल्कि वैश्विक दक्षिण की आवाज भी बनता है।

## संक्षिप्त खबरें

### सुकमा-बीजापुर सीमा पर मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर



सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर जिलों की सीमा से लगे कोर माओवादी क्षेत्र में गुरुवार की सुबह सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ के दौरान तीन नक्सलियों को ढेर कर दिया गया। सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ के बारे में आगे की जानकारी ऑपरेशन पूरा होने के बाद अलग से जारी की जाएगी। सुकमा डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड, स्पेशल टास्क फोर्स और कमांडो बटालियन फॉर रेसोल्यूट एक्शन की संयुक्त टीम द्वारा बुधवार को शुरू किया गया यह ऑपरेशन, क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी के आधार पर किया गया था। पूरे दिन छिटपुट गोलीबारी की खबरें मिलती रहीं। इसबीच बस्तर के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने कहा कि माओवादियों के कोर जोन में यह मुठभेड़ हो रही है। सुकमा डीआरजी, एसटीएफ और कोबरा की संयुक्त पुलिस पार्टी माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर नक्सल विरोधी सर्च अभियान में रवाना हुई थी। इस अभियान के दौरान आज सुबह से सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है। पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि मुठभेड़ स्थल और आसपास के क्षेत्रों की सुरक्षा बलों द्वारा सघन सर्चिंग भी जारी है। सुरक्षा बल फिलहाल मुठभेड़ स्थल और उसके आसपास गहन तलाशी अभियान चला रहे हैं।

## मुख्यमंत्री ने सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के बिहार डायरी एवं कैलेण्डर 2025 का किया लोकार्पण

# कैलेण्डर में राज्य में चलायी जा रही अग्रणी योजनाओं को किया गया समावेशित



प्रात: किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 01 अणे मार्ग स्थित संकल्प में बिहार सरकार के सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित बिहार डायरी 2025 एवं कैलेण्डर 2025 का लोकार्पण कर राज्य की जनता को समर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के सचिव अनुपम कुमार ने हरित पौधा भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। बिहार कैलेण्डर-2025 में राज्य में चलायी जा रही अग्रणी योजनाओं को समावेशित किया गया है। विगत वर्षों में बिहार कई परिवर्तनों का साक्षी रहा है, जिसके फलस्वरूप राज्य ने विकास के क्षेत्रों में नये कीर्तिमान स्थापित किए हैं। वर्ष 2005 के बाद से ही राज्य सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर सरकारी नौकरी एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। नियुक्तियों की प्रक्रिया को गति मिलने से मानव संसाधन की उपलब्धता के साथ-साथ रोजगार के अवसर बढ़े हैं। राज्य की औद्योगिक नीति में हुए परिवर्तनों से उद्यमी बिहार में उद्योग लगाने के लिए उत्साहित हैं। कृषि एवं मत्स्य प्रक्षेत्र में ड्रोन तकनीक का प्रयोग प्रारंभ किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग करके राज्य के स्कूलों में डिजिटल माध्यम से शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। नयी सड़कों के निर्माण ने न केवल आवागमन को सुगम किया है बल्कि अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान की है। बिजली व्यवस्था में व्यापक सुधार के कारण राज्य के लोगों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। राज्य में विधि व्यवस्था को सुदृढ़ करने के दृष्टिकोण से पुलिस आधुनिकीकरण पर बल दिया जा रहा है। बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना जीविका महिलाओं के विकास, सशक्तीकरण एवं गरीबी के उन्मूलन के लिए कार्य कर रही है। महिला सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बिहार राज्य महिला सशक्तीकरण नीति-2015 पूरे राज्य में लागू है। बिहार के पर्यटन स्थलों में पर्यटकीय सुविधाओं का चरणबद्ध तरीके से विस्तार किया जा रहा है। राज्य में कई उत्कृष्ट एवं प्रतिष्ठित (आइकॉनिक) भवनों का निर्माण हुआ है, जो नये बिहार के प्रतीक हैं। नवंबर 2024 में बिहार में महिला एशियाई हॉकी चैम्पियन्स ट्रॉफी का आयोजन किया गया, जिसके फलस्वरूप पूरा विश्व हॉकी की दुनिया में भारत की विजयगाथा का साक्षी बन चुका है। बिहार को सुंदर, हरित और स्वच्छ बनाने तथा जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों से कारगर ढंग से निपटने के लिए राज्य में जल-जीवन-हरियाली अभियान चलाया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम दिखने लगे हैं। बिहार डायरी एवं कैलेण्डर के लोकार्पण के अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव स अमृतलाल मीणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव सह सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह तथा सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के निदेशक वैभव श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### औद्योगिक विकास से लेकर रोजगार सृजन को दर्शाया गया

पटना। बिहार कैलेण्डर-2025 में राज्य में चलायी जा रही अग्रणी योजनाओं को समावेशित किया गया है। जनवरी माह के पृष्ठ पर औद्योगिक विकास एवं निवेश को दशार्या गया है। बिहार में औद्योगिक विस्तार को सुनिश्चित करने के लिए नीतिगत ढांचे में बदलाव करते हुए इथेनॉल पॉलिसी, टेक्सटाइल एवं लेदर पॉलिसी के साथ-साथ स्टार्टअप पॉलिसी लागू की गयी है। फरवरी माह के पृष्ठ पर रोजगार सृजन को दशार्या गया है। सरकारी विभागों एवं उनके क्षेत्रीय कार्यालयों में रिक्त पड़े महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियों की प्रक्रिया को गति मिलने से मानव संसाधन की उपलब्धता के साथ-साथ रोजगार के अवसर बढ़े हैं। वर्ष 2025 के मध्य तक 34 लाख लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करा दिए जायेंगे। मार्च माह के पृष्ठ पर खेल-कूद के क्षेत्र में किए गये कार्यों को दशार्या गया है। खेल-कूद के विकास तथा खिलाड़ियों के कल्याण हेतु प्रतिबद्ध बिहार सरकार द्वारा 09 जनवरी, 2024 को खेल विभाग का गठन किया गया। यह बिहार सरकार का सबसे नया विभाग है। यह विभाग राज्य में खेल से संबंधित सभी संस्थाओं का संचालन करता है। अप्रैल माह के पृष्ठ पर महिला सशक्तीकरण को दशार्या गया है। महिलाओं को सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक और राजनैतिक रूप से सबल बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मई माह के पृष्ठ पर आधारभूत संरचना में विकास को दशार्या गया है। राज्य के सुदूर क्षेत्रों से पटना पहुँचने का लक्ष्य 6 घंटे रखा गया था, जिसे अब प्राप्त कर लिया गया है। अब इस लक्ष्य को घटाकर 5 घंटे कर दिया गया है, जिसकी प्राप्ति हेतु राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। जून माह के पृष्ठ पर शिक्षा के क्षेत्र में किये गये कार्यों को दशार्या गया है। शिक्षा के क्षेत्र में बिहार ने कई नये कीर्तिमान स्थापित किए हैं। शिक्षक बहाली में भी बिहार ने नया इतिहास रचा है, जिसमें एक ही अभियान में लाखों शिक्षकों की नियुक्ति की गयी। राज्य का 2024 का शिक्षा बजट दशार्ता है कि शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। जुलाई माह के पृष्ठ पर विधि व्यवस्था एवं पुलिस आधुनिकीकरण को दशार्या गया है। राज्य में विधि व्यवस्था को सुदृढ़ करने के दृष्टिकोण से पुलिस आधुनिकीकरण पर बल दिया जा रहा है।

# बिहार विधान परिषद की रिक्त सीट के लिए ललन प्रसाद ने किया नामांकन



### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा रहें मौजूद

प्रात: किरण

पटना। बिहार विधान परिषद की खाली हुई एक सीट के लिए एनडीए समर्थित जनता दल यूनाइटेड के प्रत्याशी ललन प्रसाद ने गुरुवार को नामांकन का पर्चा दाखिल किया। इस दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित मंत्रिमंडल के कई अन्य सदस्य और नेता मौजूद रहे। ललन प्रसाद को नीतीश कुमार का करीबी बताया जाता है। शेखपुरा जिले के सुजावलपुर गांव के रहने वाले प्रसाद काफी दिनों से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ जुड़े हुए हैं। नामांकन का पर्चा दाखिल करने के बाद प्रसाद ने पार्टी के नेतृत्व को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि नेतृत्व ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है। ललन प्रसाद समता पार्टी के समय से ही नीतीश कुमार के साथ काम कर रहे हैं। 52 साल के ललन प्रसाद धानुक समाज से आते हैं। वर्ष 2001 से 2006 तक वह शेखपुरा के घाट कुसुंभा प्रखंड के प्रखंड जदयू अध्यक्ष थे। बिहार के नालंदा जिले के अस्थावां विधानसभा के प्रभारी भी रहे। वर्ष 2009 से 2013 तक शेखपुरा जिला जदयू के उपाध्यक्ष रहे। शेखपुरा जिला परिषद के सदस्य व उपाध्यक्ष रहे। जदयू प्रदेश राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य भी हैं। उल्लेखनीय है कि राजद नेता सुनील कुमार सिंह की विधान परिषद की सदस्यता रद्द होने के बाद यह सीट खाली हुई थी। उनका कार्यकाल 2026 तक था। विधान परिषद आचार समिति ने सिंह की सदस्यता पिछले साल समाप्त कर दी थी। उसके बाद यह सीट खाली हो गई थी। इस सीट के लिए 16 जनवरी को नामांकन वापस लेने की तारीख रखी गई है। आवश्यकता पड़ी तो 23 जनवरी को विधानसभा में मतदान होगा।

# पथ व पुल निर्माण में भूमि अधिग्रहण की समस्या का होगा समाधान : विजय

### आर्थिक अनियमितता के मामले में नपेगें दोषी अधिकारी



पटना। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने विभागीय पदाधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करते हुए कई अहम निदेश दिये। समीक्षा में यह विषय सामने आया कि बिना भूमि अधिग्रहण के निविदा प्रकाशित हो जाने के बावजूद भूमि अधिग्रहण से जुड़ी बाधाओं के कारण नियत समय पर कार्य पुरा नही हो पाता है। भारत सरकार की वर्तमान व्यवस्था में तयशुदा अनुपात में भूमि अधिग्रहण के बाद ही निविदा के माध्यम से कायार्देश निर्गत किया जाता है। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने विभागीय पदाधिकारियों को निदेश दिया है कि इस संबंध में यथाशीघ्र कार्रवाई की जाय, ताकि कार्य समय पर पूरे हो सकें। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने समीक्षा में स्पष्ट निदेश दिया कि आर्थिक अनियमितता के मामले में संलिप्त पदाधिकारियों पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी। गुणवत्तापूर्ण कार्य ससमय पुरे किये जायें, यह विभागीय पदाधिकारियों का दायित्व है। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री के समक्ष बैठक में एक विषय आया कि संवेदक कार्यो का कुछ हिस्सा छोटे संवेदकों को उप पट्टे पर बिना अनुमति के भी देते है। ऐसे मामलों पर संज्ञान लेकर शीघ्र कार्रवाई का निदेश वरीय पदाधिकारियों को दिया गया है। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बैठक में यह भी निदेश दिया कि विगत तीन वर्षों में विभाग में संवेदकों से जुड़े न्यायिक मामलों की गहन समीक्षा की जाय और उस पर एक विस्तृत प्रतिवेदन एक सप्ताह के अन्दर प्रस्तुत किया जाय। ऐसी शिकायतें मिली हैं कि संवेदक और पदाधिकारियों की मिलीभगत के कारण न्यायालय के समक्ष विभागीय पक्ष सबलता से नही रखा जाता है। ऐसे मामलों में दोषी पाये जानेवाले पदाधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। बैठक में अपर मुख्य सचिव सहित सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# कृषि रोड मैप योजना चलाने वाला बिहार देश का पहला राज्य

**(लोकार्पण)** बिहार कैलेण्डर 2025 में सीएम नीतीश की महत्वाकांक्षी योजनाओं का समावेश

प्रात: किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 01 अणे मार्ग स्थित संकल्प में बिहार सरकार के सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित बिहार डायरी 2025 एवं कैलेण्डर 2025 का लोकार्पण कर राज्य की जनता को समर्पित किया। बिहार कैलेण्डर-2025 में राज्य में चलायी जा रही अग्रणी योजनाओं को समावेशित किया गया है। अगस्त माह के पृष्ठ पर कृषि क्षेत्र में किए गये विकास कार्यों को दशार्या गया है। कृषि के समेकित विकास और किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए राज्य में कृषि रोड मैप बनाकर योजनाएँ चलाई जा रही हैं। कृषि रोड मैप जैसी योजना चलाने वाला बिहार देश का पहला राज्य है। 17 फरवरी, 2008 को प्रथम कृषि रोड मैप की नींव रखी गयी थी। चतुर्थ कृषि रोड मैप के द्वारा दलहन एवं तिलहन फसलों का विकास, जलवायु अनुकूल कृषि तथा फसल चक्र में बदलाव, फसल विविधीकरण, जूट फसल के विकास एवं नयी तकनीकों के इस्तेमाल पर विशेष बल दिया जा रहा है। सितंबर माह के पृष्ठ पर आइकॉनिक बिल्डिंग्स को दशार्या गया है। बिहार में हाल में अनेक उत्कृष्ट एवं प्रतिष्ठित आइकॉनिक) भवनों का निर्माण हुआ है। ये भवन नये बिहार के प्रतीक हैं। राजगीर अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेन्टर, सरदार पटेल भवन पटना, सम्राट अशोक कन्वेंशन केन्द्र पटना, सभ्यता द्वार, पटना इत्यादि संरचनाओं को काफी सराहा गया है। अक्टूबर माह के पृष्ठ पर जलवायु परिवर्तन से बचाव के लिए किए गये कार्यों को दशार्या गया है। बिहार को सुंदर, हरित और स्वच्छ बनाने तथा जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों से कारगर ढंग से निपटने, पारिस्थितिकीय संतुलन बनाए रखने, पर्याप्त जल उपलब्धता सुनिश्चित करने, वन आच्छादन को बढ़ावा देने, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग एवं ऊर्जा की बचत पर बल देने तथा बदलते पारिस्थितिकीय परिवेश के अनुरूप कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों को नया स्वरूप प्रदान करने के लिए बापू की 150वीं जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर, 2019 से राज्य में जल-जीवन-हरियाली अभियान की शुरूआत की गयी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कहना है कि जब तक पृथ्वी पर जल और हरियाली है, तभी तक जीवनसुरक्षित है- जीवन चाहे मनुष्य का हो या पशु-पक्षी का। ऐसा व्यापक राज्यव्यापी अभियान चलाने वाला बिहार देश का पहला राज्य है। नवंबर माह के पृष्ठ पर ऊर्जा के क्षेत्र में किए गये बेहतर कार्यों को दशार्या गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ऊर्जा के क्षेत्र में बिहार अग्रणी राज्य बन गया है। बिजली व्यवस्था में व्यापक सुधार के कारण राज्य के लोगों को 247 गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। विकसित बिहार के सात निश्चय में शामिल हर घर बिजली के निश्चय को तय समय से दो महीने पहले ही पूर्ण कर लिया गया था। राज्य के हर घर, हर गांव तक बिजली पहुंचाने के उपरांत हर खेत तक बिजली पहुंचाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री कृषि संबंध योजना के तहत किसानों को निःशुल्क कनेक्शन दिया जा रहा है। दिसंबर माह के पृष्ठ पर जीविका द्वारा किए गये कार्यों को दशार्या गया है। बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना जीविका बिहार में महिलाओं के विकास, सशक्तीकरण एवं गरीबी के उन्मूलन के लिए कार्य कर रही है। अब शहरी क्षेत्रों में भी जीविका के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों के गठन का काम किया जा रहा है।

# माता-पिता को बेटी की शिक्षा के लिए धन देने के वास्ते किया जा सकता है बाध्य: न्यायालय



नई दिल्ली। /एजेंसी उच्चतम न्यायालय ने हाल ही में कहा है कि बेटी को अपने माता-पिता से शिक्षा का खर्च प्राप्त करने का वैध अधिकार है और उन्हें (माता-पिता) अपने साधनों के भीतर आवश्यक धनराशि प्रदान करने के लिए बाध्य किया जा सकता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने यह टिप्पणी वैवाहिक विवाद के एक मामले में की, जिसमें अलग रह रहे दंपति की बेटी ने अपनी मां को दिए जा रहे कुल गुजारा भत्ते के एक हिस्से के रूप में अपने पिता द्वारा उसकी पढ़ाई के लिए दिए गए 43 लाख रुपये लेने से इनकार कर दिया। दंपति की बेटी आयरलैंड में पढ़ाई कर रही है। पीठ ने दो जनवरी के अपने आदेश में कहा, ह्यह्यबेटी होने के नाते उसे अपने माता-पिता से शिक्षा का खर्च प्राप्त करने का अपरिहार्य, कानूनी रूप से लागू करने योग्य और वैध अधिकार है। हमरा मानना है कि बेटी को अपनी शिक्षा जारी रखने का मौलिक अधिकार है और इसके लिए माता-पिता को अपने वित्तीय संसाधनों की सीमा के भीतर आवश्यक धनराशि प्रदान करने के लिए बाध्य किया जा सकता है। आदेश में कहा गया है कि दंपति की बेटी ने अपनी गरिमा बनाए रखने के लिए राशि लेने से इनकार कर दिया था और उनसे पैसे वापस लेने को कहा था, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया था। अदालत ने कहा कि बेटी कानूनी तौर पर इस राशि की हकदार है। पीठ ने अलग रह रहे दंपति की ओर से 28 नवंबर 2024 को किए गए समझौते का उल्लेख किया, जिस पर बेटी ने भी हस्ताक्षर किए थे। अदालत ने कहा कि पति अपनी अलग रह रही पत्नी और बेटी को कुल 73 लाख रुपये देने पर सहमत हो गया था, जिसमें से 43 लाख रुपये उनकी बेटी की शैक्षणिक जरूरतों के लिए और बाकी पत्नी के लिए थे। पीठ ने कहा कि चूंकि पत्नी को उसका 30 लाख रुपए का हिस्सा मिल चुका है और दोनों पक्ष पिछले 26 वर्षों से अलग-अलग रह रहे हैं, इसलिए पीठ को आपसी सहमति से तलाक का आदेश न देने का कोई कारण नजर नहीं आता। न्यायालय ने कहा, परिणामस्वरूप, हम संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए आपसी सहमति से तलाक का आदेश देकर दोनों पक्षों का विवाह विच्छेद करते हैं।

# 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 6.8 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद : रिपोर्ट

नई दिल्ली/एजेंसी। एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 6.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि होने का अनुमान है। यह तेजी मजबूत हाई-फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर की वजह से देखी जा रही है। बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के अनुसार, अगले वित्त वर्ष के दौरान नोमिनल जीडीपी वृद्धि लगभग 10.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस वृद्धि के प्रमुख संकेतकों में मजबूत हवाई यात्री यातायात, सेवा पीएमआई में वृद्धि और जीएसटी संग्रह में वृद्धि शामिल है। इसके अतिरिक्त, रबी फसल की अधिक बुवाई से कृषि विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जो अर्थव्यवस्था के लिए एक स्थिर आधार प्रदान करेगा। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूत त्योहारी मांग और आर्थिक गतिविधि में लगातार सुधार के कारण लचीलापन दिखाया है। यह लचीलापन हाई-फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर के रूप में दिखाई देता है, जिन्होंने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में शानदार वृद्धि दिखाई है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### नगर परिषद के द्वारा अतिक्रमण हटाओ दस्ता सगुना मोड़, हाथीखाना व आरपीएस मोड़ तक अभियान चलाया

दानापुर। नगर के अंतर्गत गुरुवार को नगर परिषद का अतिक्रमण हटाओ दस्ता सगुना मोड़, हाथीखाना व आरपीएस मोड़ के सर्विस लेन में अभियान चलाया। नगर प्रबंधक ब्रजेश कुमार सिंह व दंडाधिकारी त्रिलोकीनाथ के नेतृत्व में नगर परिषद का बुलडोजर इन इलाको में चला। इस दौरान सड़क पर बने तोडन द्वारा बैनर होड़िग आदि को हटाया गया। साथ अतिक्रमण को हटाया गया। नगर परिषद की दस्ता ने करीब 27 हजार रुपए आर्थिक दंड स्वरूप वसुले गये। गुरुवार को चलाये गये अभियान से सगुना हाथीखाना मार्ग व सगुना-आरपीएस मोड़ के उतरी सर्विस लेन में हड़कंप मंच गया अभियान को लेकर नगर में चर्चा होता रहा लोगो की माने तो बीबीगंज मोड में अतिक्रमण काफी है। लोग अपनी दुकाने फूटपाथ कौन कहे सड़क तक फैलाये रहते है। जिससे वाहन लेकर चलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके कारण जाम की समस्या लोगो को झेलनी पड़ती है पर इन इलाको में कभी नगर परिषद द्वारा अभियान नही चलाया जाता हैं यही हाल कई इलाके में है। पर नगर परिषद की अतिक्रमण वहां नही पहुंचता।

### प्रकाश कुमार को बनाया गया जदयू युवा शाखा के ग्रामीण जिलाध्यक्ष

फतुहा। स्थानीय सोराकोठी निवासी प्रकाश कुमार को जदयू के युवा शाखा का पटना ग्रामीण जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनका मनोनयन युवा के प्रदेश अध्यक्ष नीतिश पटेल ने किया है। साथ ही उनके मनोनयन से जदयू को मजबूत होने की संभावना जताया है। उनके मनोनयन पर जदयू के पूर्व एमएलसी बाल्मीकि सिंह, प्रखंड अध्यक्ष रंधीर यादव, नगर अध्यक्ष राजदेव यादव के साथ-साथ जदयू के सतपाल सिंह आजाद, अभय सिंह, मुरारी यादव, राजु कुमार, विकास कुमार ने बधाई दी है।

### फरार धंधेबाज गिरफ्तार

फतुहा। दनियावां पुलिस ने एक पुराने केस में फरार शराब से जुड़े धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार धंधेबाज ठेगुआ गांव का रहने वाला वकील सिंह है। इसके पास से दनियावां पुलिस ने काफी मात्रा में देसी शराब बरामद किया था। थानाध्यक्ष अनिल प्रसाद ने बताया कि आवश्यक पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### चहारदीवारी फांदकर चोर उठा ले गए सामान

मसौढ़ी !स्थानीय थाना क्षेत्र क्षेत्र के लखीबाग मुहल्ले में बुधवार की रात घर की चहारदीवारी फांद कर चोर हजारों रुपये का सामान उड़ा ले गए। लखीबाग मुहल्ले निवासी जितेंद्र कुमार ने बताया कि रात्रि में मेरे ही मुहल्ले के रहने वाले संजय कुमार के पुत्र कार्तिक कुमार ने चहारदीवारी फांद कर चापाकल लोहे के दी पीस पाइप अल्युमिनियम का चादरा व बिजली के रखा सामान उठा ले गए।

### मारपीट का आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पटना सिटी (प्राकि)। मारपीट और फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने एक अभियुक्त को आलमगंज थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मीर शिकार टोली का रहने वाला बादल उर्फ जावेद की गिरफ्तारी हुई है। उसके खिलाफ थाना में दस नवंबर को कांड संख्या 1001/24 दर्ज हुआ था। दूसरी ओर बहादुरपुर थाना की पुलिस ने एससी/एसटी कांड में आरोपित संदलपुर निवासी को गिरफ्तार किया है।

### चिकित्सा शिविर आज

पटना सिटी (प्राकि)। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम रहे स्वर्गीय सुशील कुमार मोदी की याद में चिकित्सा शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया है। इस संबंध में पटना महानगर के मीडिया प्रभारी प्रदीप काश ने बताया कि 10 जनवरी को पूर्वाह्न 10.45 बजे बजरंगपुरी के कारण सम्राट हॉल में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। इसका उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष सह स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव करेंगे। इस अवसर पर बिहार सरकार में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी उपस्थित रहेंगे।

### गंगा नदी में स्नान करने गई युवती डूबी खोजबीन जारी

दानापुर। नगर के अंतर्गत दियारा क्षेत्र के गंगहरा घाट पर स्नान करने गई एक 18 वर्षीय युवती डूब गई। सूचना मिलने पर पहुंची एसडीआरएफ व स्थानीय गोताखोर शव की तलाश करते रहे पर कामयाबी नहीं मिली युवती की पहचान गंगहरा गांव निवासी दुल्ली राय की बेटी नेहा कुमारी के रूप में हुई है। युवती का भाई विकास कुमार ने बताया कि बुधवार को उसकी बहन नेहा गंगा घाट पर स्नान करने गई थी। स्नान करने के दौरान वह गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। आसपास स्नान कर रहे लोग उसे बचा पता देखते-देखते वह डूब गई। व

# लगातार चार महीने से दवा डिस्ट्रीब्यूशन में नंबर-1 पर रहा बिहार

## दिसंबर में 80.19 स्कोर के साथ लगातार चौथे महीने नंबर-1 बना बिहार

- 611 तरह की दवा और 132 तरह के सर्जिकल आइटम ईडीएल में शामिल

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। दवा डिस्ट्रीब्यूशन में बिहार लगातार चौथे महीने भी नंबर एक पर काबिज है। मिनिस्ट्री आफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर द्वारा डीभीडीएमएस सेंट्रल डैशबोर्ड पर जारी रैंकिंग के अनुसार, राज्य सितंबर माह से नंबर वन पर अपना दबदबा बनाए हुए है। यह रैंकिंग दवा स्टॉक से लेकर वितरण तक 11 मापदंडों पर स्कोरिंग के बाद जारी की जाती है। दिसंबर माह में जहां राज्य को स्कोर कार्ड पर 80.19 अंक मिले थे वहीं नवंबर माह में 79.70, अक्टूबर माह में 79.34 तथा सितंबर में 77.20 अंक मिले। राज्य के ड्रग डिस्ट्रीब्यूशन में नंबर 1 बने रहने के पीछे छह मानकों में उत्कृष्टता का ध्यान रखा जाना है। इनमें दवाओं की खरीद, लॉजिस्टिक, वेयरहाउस, डिजिटाइजेशन, डैशबोर्ड के माध्यम से रिव्यू और मीटिंग तथा क्वालिटी कंट्रोल शामिल है।

मालूम हो कि अभी राज्य में 611 तरह की दवाएं तथा 132 तरह के सर्जिकल आइटम आवश्यक दवाओं की सूची में शामिल हैं। इसमें हाल में 23 दवाओं को आवश्यक दवाओं की सूची में जोड़ा गया है। इस प्रकार आवश्यक दवाओं की संख्या बढ़कर 611 से 634 हो गयी है। आवश्यक दवाओं की सूची को अद्यतन करने के लिए नियमित अंतराल पर समीक्षा कर समिति द्वारा नई दवाइयों को इसमें शामिल करने की अनुशंसा भी की जाती है।

राज्य में फ्री ड्रग सर्विस इनिशिएटिव यानी मुफ्त दवा सेवा पहल को प्रभावी बनाने एवं राज्य के सरकारी अस्पतालों में आवश्यक दवाओं और सर्जिकल सामग्रियों के इन्वेंटरी प्रबंधन सप्लाई चेन तथा औषधियों की आपूर्ति और वितरण व्यवस्था का ऑनलाइन अनुश्रवण ड्रग एंड वैक्सीन डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम नाम के सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन से किया जा रहा है। इसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल से लेकर स्वास्थ्य उपकेंद्रों तक में क्रियाशील किया गया है।

# नव सृजित बेउर मोड़ उप डाकघर का उद्घाटन

प्रात :किरण संवाददाता



पटना डाक प्रमंडल के अंतर्गत नव सृजित बेउर मोड़ उप डाकघर का शुभारंभ मुख्य डाक महाध्यक्ष, अनिल कुमार के द्वारा बृहस्पतिवार को उद्घाटन किया गया। निदेशक पवन कुमार, की उपस्थिति रही । यह डाकघर बेउर मोड़, आदर्श कारा बेउर के दक्षिणी छोर पर गंगा बिहार कॉलोनी में मुख्य मार्ग पर स्थित है। स्थानीय नागरिकों एवं बेउर मोड़ के नजदीकी बढ़ते हुए शहरी क्षेत्र के लोगों कि माँग पर इस इलाके में डाकघर खोला गया है। यह डाकघर बेउर मोड़ डिलीवरी डाकघर के रूप में शुरू किया जा रहा है। इस डाकघर से आस-पास के नवसृजित क्षेत्र के लोगों को डाकघर की सुविधा का लाभ मिल सकेगा` बेउर मोड़ डाकघर से डाकघर कि सभी सेवाओं जिनमें डिजिटल बैंकिंग एवं अन्य डाकघर की सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ वहाँ के आम जनमानस को प्राप्त होगा। मुख्य डाक महाध्यक्ष, बिहार सर्किल, द्वारा बताया गया कि बेउर मोड़ पटना शहर से सटे होने के कारण विकसित होने की ओर अग्रसर है। जिसको देखते हुए बेउर मोड़ शाखा डाकघर को अपग्रेड कर स्थानीय नागरिकों को डाक विभाग की सुविधा प्रदान कराने के उद्देश्य से डिलीवरी डाकघर के रूप में शुरू किया जा रहा है। यहाँ के आम जनता एवं आस-पास के दुकानदारों के द्वारा डाक विभाग के बिभिन्न आधुनिक डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के साथ-साथ डाक विभाग की अन्य सुविधा का लाभ ले सकते हैं। साथ हीं डाक विभाग कि अन्य सुविधाओं के अतिरिक्त पार्सल एवं स्पीड पोस्ट के माध्यम से सामानों को एक जगह से दूसरी जगह आसानी से भेजने की सुविधा भी प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर मुख्य डाक महाध्यक्ष ने उद्घाटन समारोह में उपस्थित प्रेस एवं मिडिया के सदस्यों को संबोधित किया, कि वे बेउर मोड़ उप डाकघर का प्रचार-प्रसार प्रेस एवं मिडिया के माध्यम से करें। जिससे आस-पास कि आम जनता बेउर मोड़ उप डाकघर से डिजिटल बैंकिंग एवं अन्य डाक सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ लें सकें ।

# चोरों ने दो दुकान का ताला तोड़ चोरी की घटना को दिया अंजाम



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चौक थाना क्षेत्र के अशोक राज पथ स्थित जनता हॉटल के सामने व सराफ मार्केट के पास चोरों ने दो दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने ताला काट कर हजारों रुपए नगद की चोरी कर ली। क्षेत्र में चोरी की बढ़ती घटनाओं से दुकानदारों में रोष है। ताला तोड़ने की घटना बुधवार रात की है। दुकानदार अविनाश ने बताया कि गुरुवार की सुबह करीब सात बजे मोबाइल पर दुकान का ताला टूटने की सूचना मिली। दुकान पहुंचने पर देखा कि उनके और बगल के दुकानदार का भी ताला टूटा हुआ है। ताला नाला में फेंका हुआ था। दुकानदार के बताया कि दुकान से हजारों रुपए नगद की चोरी हुई है। सूचना मिलने पर चौक थाना की पुलिस पहुंची और मामले की छानबीन की। दुकानदारों का कहना था कि दो दिन पहले ही खाजेकलां थाना क्षेत्र के मच्छरहट्टा गली स्थित एक दुकान का ताला तोड़ तीन लाख रुपए की चोरी की घटना हुई है। दुकानदारों ने क्षेत्र में गश्त बढ़ाए जाने की मांग वरीय पुलिस अधिकारियों से की है। पटना सिटी व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रदीप सिंह यादव, महासचिव अवधेश कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष अरुण मिश्रा एवं भगवती प्रसाद मोदी ने कहा कि दशमेश पिता के प्रकाश पर्व के समापन के बाद पुलिस गश्त एवं गतिविधि ढीली पड़ गई है। इसका फायदा चोर और अपराधियों ने उठाना शुरू कर दिया है।

# महिलाओं ने जरूरतमंद के बीच किया कंबल वितरण



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नारी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती पूनम मेहता की अध्यक्षता में गुरुवार को जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण का आयोजन किया गया। मदर देवकी कॉन्वेंट कचौड़ी गली परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पूनम मेहता ने कहा कि हर वर्ष जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जाता है। कारण कि उन सबों को ठंड से राहत दिलाना ही उद्देश्य होता है। इस दौरान प्रदेश सचिव सत्यम सिंह ने कहा कि मंच के द्वारा अनेक रचनात्मक कार्यक्रम भी समय-समय पर किया जाता है एवं सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से महिलाओं को अवगत कराने के साथ ही उसका लाभ भी दिलाया जाता है। इस दौरान संजीदा बानो ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान रिंकू देवी, संगीता देवी, सबिया खातून, ममता देवी, माया देवी आदि पदाधिकारी मौजूद थीं।

# दिनदहाड़े आर्म्स के बल पर लूट में तीन गिरफ्तार, 1970 नगद बरामद

## डीएसपी, चार थानाध्यक्ष लगे, तब 3 गिरफ्तार, जेवरात व नगदी की तलाश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मेहंदीगंज थाना की पुलिस ने 17 दिसंबर को अपराह्न सत्संग नगर कॉलोनी अंतर्गत नवनीत नगर के एक मकान में घुस कर हथियार के बल पर घर में रही दो महिलाओं और बच्चे को कमरे में बंद कर जेवरात और करीब डेढ़ लाख रुपया नगद लूट लिया था। इस संबंध में पीड़िता सविता देवी पति विनोद प्रसाद के द्वारा थाना में कांड 185/24 दर्ज कराया गया था। इस संबंध में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार करते हुए नगद 19,070 रुपया नगद बरामद किया है। अन्य फरार तीन चोरों को गिरफ्तार करने के लिए प्रयास जारी है। इस संबंध में डीएसपी-2 डॉक्टर गौरव कुमार ने बताया कि घटना घटित होने के बाद मामला दर्ज किया गया। इसकी गंभीरता और संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए एसएसपी के निर्देश पर सिटी एसपी ईस्ट की निगरानी तथा डीएसपी-2 डॉ गौरव के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। अनुसंधान के दौरान घटनास्थल के आसपास रहे सीसीटीवी के फुटेज का विश्लेषण और अन्य स्त्रोतों से प्राप्त साक्ष्य के आधार पर घटना में शामिल सात अपराधियों की उपस्थिति घटना के समय घटनास्थल के आसपास संदिग्ध अवस्था में पाई गई। इन सबों की पहचान की गई। इसके बाद मिले साक्ष्य के आधार पर सबसे पहले इस घटना में शामिल अपराधी चौक थाना क्षेत्र के मंगल तालाब के बाग कालू खां के रहने वाले मोहम्मद चांद पिता मो मनु को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से लूटा गया 5,350 बरामद किया गया। इसके बाद उससे पूछताछ की गई। पूछताछ करने के बाद उसकी निशानदेही पर इस घटना में शामिल दो अन्य अपराधियों आलमगंज थाना क्षेत्र के बड़ी पटनदेवी के पास बकरिया टोला का रहने वाला मो नसीम उर्फ विलेन किताब मो मोनीज और इसी थाना क्षेत्र के बेलवरगंज का रहने वाला रोहित कुमार पिता सिद्धनाथ पाण्डेय को गिरफ्तार किया गया। इन दोनों के पास से भी 7,620 एवं 6,100 रुपया बरामद किया गया। कुल 19,070 रुपया नगद बरामद किया गया। गिरफ्तार अपराधी मोहम्मद चांद पूर्व में भी चौक थाना के द्वारा चोरी के कांड में जेल जा चुका है। उक्त अपराधी सहित गिरफ्तार अन्य दोनों अपराधियों का आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है। छापेमारी दल में डॉ गौरव के अलावा पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष अरविंद कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष खाजेकलां प्रभात रंजन सक्सेना, पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष बाइपास राजेश कुमार झा, डीआईयू के प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक संतोष कुमार वर्मा एवं उनकी टीम, मेहंदीगंज थाना के एसआई दरोगा कुमार प्रजापति, उत्तम कुमार, परि एसआई अंटू कुमार, अभिषेक कुमार, सिपाही रंजीत कुमार, कृष्ण कुमार और निर्भय कुमार शामिल थे।

# प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, राज्य एवं केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति पर समीक्षात्मक बैठक आयोजित

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। निदेशक मत्स्य, की अध्यक्षता में जिला गोपालगंज और मुजफ्फरपुर में संचालित राज्य एवं केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति पर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष रूप से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना और मुख्यमंत्री चौर विकास योजना के तहत विभिन्न अवयवों की समीक्षा की गई। नेशनल फिशरीज डिजिटल पोर्टल पर निबंधन की प्रगति निदेशक मत्स्य ने बैठक में नेशनल फिशरीज डिजिटल पोर्टल पर निबंधन की स्थिति का विश्लेषण किया। उन्होंने प्रत्येक प्रखंडवार निबंधन का लक्ष्य निर्धारित करते हुए निर्देश दिया कि लक्ष्यों की पूर्ति के लिए सक्रिय कदम उठाए जाएं। उन्होंने सभी मत्स्य प्रसार पदाधिकारियों और मत्स्य विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शत-प्रतिशत निबंधन सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की समीक्षा बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के तहत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अवयवों पर चर्चा की गई। इसमें विशेष रूप से निम्नलिखित अवयवों की प्रगति पर जोर दिया गयाः निदेशक ने कहा कि जिन जिलों से लक्ष्य के अनुरूप आवेदन नहीं प्राप्त हुए हैं, वहां के क्षेत्रीय प्रभारी (मत्स्य प्रसार पदाधिकारी और मत्स्य विकास पदाधिकारी) को निर्देशित किया जाए कि वे लंबित आवेदनों को शीघ्रता से निपटाएं और नए आवेदन सुनिश्चित करें। लाभुक विवरण अद्यतन करने के निर्देश निदेशक ने एमआईएस पोर्टल पर सभी लाभुकों की विवरणी अद्यतन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी मत्स्य पदाधिकारियों को इस प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के लिए कहा, ताकि योजनाओं के कार्यान्वयन में पारदर्शिता बनी रहे।

# 11 को स्मृति दिवस के रूप में मनेगा स्व सत्येंद्र कुशवाहा की पुण्यतिथि

- श्रद्धा सुमन के साथ विद्यापति भवन में होगा आयोजन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधान पार्षद सह उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी रहे स्वर्गीय सत्येंद्र कुशवाहा की 7वीं स्मृति दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसे लेकर 11 जनवरी को पटना के विद्यापति भवन में सार्वजनिक जीवन में युवाओं की भागीदारी विषयक परिचर्चा आयोजित की जाएगी। यह जानकारी सत्येंद्र कुशवाहा विचार मंच के तत्वावधान में किया गया है। यह जानकारी सत्येंद्र कुशवाहा विचार मंच के अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने गुरुवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल, पटना साहिब लोस के सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, नगर विकास मंत्री नितिन नवीन, विधायक अरुण सिन्हा, विधायक संजीव चौरसिया, महापौर सीता साहू, उपमहापौर रश्मि चंद्रवंशी सहित अन्य वरीय नेता भाग लेंगे। कार्यक्रम में पटना समेत जहानाबाद, कैमूर, सासाराम, नालंदा सहित अन्य जिलों के कार्यकर्ता और वरीय नेतागण बड़ी संख्या में शामिल होंगे। पत्रकार वार्ता में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सत्येंद्र कुशवाहा विचार मंच के अध्यक्ष विनीत कुशवाहा, कार्यक्रम के संयोजक महेंद्र अरोड़ा, जिला अध्यक्ष संजीव मेहता, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र मेहता, मिथलेश कुशवाहा, अजय मेहता एवं राजेश मेहता आदि शामिल हुए।

# भारतीय मानक ब्यूरो के 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर पटना में गुणवत्ता सम्मेलन का किया गया आयोजन




- सभी उद्योगपति अपने उत्पादों को विश्व स्तर का बनाने एवं उपभोक्ताओं को मानक के अनुसार उत्पाद उपलब्ध कराने का करें प्रयास- विजय कुमार सिन्हा, उप-मुख्यमंत्री
- पटना/ भारतीय मानक ब्यूरो के 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर गुणवत्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया

प्रात :किरण संवाददाता

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विजय कुमार सिन्हा, उप-मुख्यमंत्री, बिहार ने सभी आगंतुकों को संबोधित किया। उन्होंने सभी उद्योगपतियों से आह्वान किया कि अपने उत्पादों को विश्व स्तर का बनाने के लिए एवं उपभोक्ताओं को मानक के अनुसार उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए प्रयास करें। उन्होंने आम जन के जागरूकता हेतू मानकों के प्रचार प्रसार के लिए डिजिटल माध्यमों का उपयोग में लाने का सुझाव दिया। उनके द्वारा पांच संकल्प, पांच सामाजिक वरदान एवं पांच सामाजिक सम्मान के लिए सभी उपस्थित आगंतुकों को संकल्पित कराया गया। इसके साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा मानकों के माध्यम से विज्ञान सीखने के दृष्टिकोण से तैयार पुस्तक का विमोचन भी किया गया। अतिथियों का स्वागत करते हुए सुमन कुमार गुप्ता, प्रमुख, भारतीय मानक ब्यूरो, पटना शाखा कार्यालय ने कहा कि मानक उत्पाद की गुणवत्ता का आधार है जो उपभोक्ताओं में यह विश्वास दिलाता है कि हमारे द्वारा उपभोग की जाने वाली उत्पाद एवं सेवां उपयुक्त गुणवत्ता की हैं । व्यापार एवं उद्योग लगाने एवं उत्तम गुणवत्ता की उत्पाद के प्रदर्शन और मानव जीवन में गुणवत्ता संबंधी समस्याओं के समाधान की दिशा में मानक सतत हमारे जीवन में हमारी तमाम अपेक्षाओं को पूरा करता है। मानक, उत्पादकर्ता एवं उपभोक्ताओं के आपसी विश्वास को बढ़ाने एवं उसे संवर्धित करने की दिशा में एक सेतु की भूमिका निभाता है । कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में कौशिक दत्ता, वैज्ञा.-ई/निदेशक एवं प्रमुख, पटना शाखा प्रयोगशाला, के.पी.एस. केशरी, बीआईए के अध्यक्ष, सुभाष पटवारी, अध्यक्ष, चैम्बर ऑफ कॉमर्स, पटना, श्री सी.एस.एस. राव, संयुक्त निदेशक, एम.एस.एम.ई., डीएफओ, पटना, जयप्रकाश नारायण, अध्यक्ष, बिहार इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स, पटना, डॉ. सत्यजीत कुमार सिंह, अध्यक्ष, सीआईआई, ने भी व्याख्यान दिया। पटना शाखा प्रयोगशाला के मनोज बी. चव्हाण, संयुक्त निदेशक ने मानकों और गुणवत्ता का भविष्य पटना शाखा कार्यालय के श्री विजय कुमार गौरव, संयुक्त निदेशक ने मानकों और उपभोक्ता जागरूकता के लिए उत्साह पैदा करना, श्री सुधांशु सुमन, उप-निदेशक ने डिजिटल उपकरणों के माध्यम से मानकों को सशक्त बनानाः निर्बाध एकीकरण के लिए उपकरण और सुविधाएँ श्री हिमांशु कुमार, उप-निदेशक ने सुदृढ़ अनुरूपता मूल्यांकन पारिस्थिति की तंत्र का निर्माण पर विस्तार से चर्चा किया। कार्यक्रम के अंत में भारतीय मानक ब्यूरो , पटना शाखा प्रयोगशाला के आबिद हुसैन, संयुक्त निदेशक के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया ।

# मेकअप आर्टिस्ट कंटेस्ट शो सीजन 3 का फिनाले संपन्न



प्रात :किरण संवाददाता

पटना, मेकअप आर्टिस्ट कंटेस्ट शो सीजन 3 , का फिनाले तनिष्क बैंक्वेट हॉल बाजार समिति में संपन्न हो गया। मेकअप आर्टिस्ट कंटेस्ट शो सीजन 3 फिनाले में बतौर मुख्य अतिथि आईपीएस ऑफिसर विकास वैभव, पटना की महापौर श्रीमती सीता साहू, उप महापौर श्रीमती रेशम चंद्रवंशी उपस्थित थे। अतिथि के तौर पर रिपु राज, प्रो. दिलीप कुमार ,दीपक तिवारी उपस्थित रहे। सभी आगंतुक अतिथियों की शो आयोजक कोमल कुमारी ने बुके,शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। शो में जज के तौर पर सुचित्रा सिंह, पायल वर्मा और रेशमी सिद्धिकी मौजूद रही । फिनाले में विजेता विकास (जय) शर्मा जहानबाद, फर्स्ट रनर अप विजया, सेकेंड रनर अप आफरीन और थर्ड रनर अप इश्विका बुधिया रही। सभी विजेताओं को सटिफिर्केट और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अजनबी आकाश और प्रिया ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में फोटोग्राफी पार्टनर पंकज,रूद्रा एंड टीम, ज्वैलरी पार्टनर अंजुला जी (हाउसऑफ वेदिका) , ड्रेस पार्टनर अन्नू जी ( ब्राइडल जोन) आयोजन टीम में शामिल हेमंत, ज्योति, सुरभि,निकिता, अनन्नया और शिव आदित्य ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। ग्रुमर अमन आयुष्मान रहे। शो की आयोजक कोमल कुमारी ने बताया, मेकअप आर्टिस्ट कंटेस्ट शो प्रदेशभर के प्रतिभाशाली मेकअप आर्टिस्ट्स को एक मंच पर लाने और उन्हें अपने कला कौशल का प्रदर्शन करने का अद्वितीय अवसर प्रदान करेगा। इस शो का उद्देश्य मेकअप आर्टिस्ट्स को अपनी कला, तकनीक और शैली को लोगों के सामने प्रस्तुत करने का अवसर देना है, साथ ही उन्हें पेशेवर स्तर पर सफलता की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। कंटेस्ट शो में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को उद्योग के सर्वश्रेष्ठ मेकअप एक्सपर्ट्स, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट्स और ग्रूमिंग स्पेशलिस्ट्स द्वारा मार्गदर्शन मिलेगा।

# प्रकाश पर्व के पूर्व संगतों व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक नहीं

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सर्वंशदानी श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का 358वां प्रकाश पर्व हालांकि संपन्न हो गया है, मगर अपने पीछे अनेक गिला-शिकवा को छोड़ गया है। स्थानीय संगतों और जनप्रतिनिधियों में भी इस बात को लेकर रोष दिखा कि प्रकाश पर्व शुरू होने के पहले कमेटी के अध्यक्ष और महासचिव ने मदद लेने के लिए न ही कोई बैठक की और नहीकोई सलाह -मशविरा की गई। यही स्थिति वार्ड पार्षदों के साथ भी हुई। उन सबों को भी कोई तवज्जो कमेटी के पदाधिकारियों ने नहीं दिया। दरअसल पूर्व में प्रकाश पर्व शुरू होने के पहले स्थानीय स्तर पर सक्रिय सिख संगतों की बैठक प्रबंधक कमेटी के साथ हुआ करती थी। इसमें अनेक सुझाव आते थे और लोगों को जिम्मेवारी सौंपी जाती थी। यही नहीं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों खासकर वार्ड पार्षदों के साथ भी बैठक होती थी। इसमें भी अनेक निर्णय लिए जाते थे। मगर प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही एवं महासचिव इंद्रजीत सिंह ने इस बार ऐसा नहीं किया। अपनी उपेक्षा से भी वार्ड पार्षद गण और स्थानीय संगत खासा दुखी हैं और कमेटी के खिलाफ भी उन लोगों का गुस्सा है। संगतों का कहना था कि कमेटी के प्रधान श्री सोही प्रकाश पर्व शुरू होने के पूर्व दिल्ली में जाकर केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर रहे थे। उनका कहना था कि प्रकाश पर्व में कुछ ट्रेनों का स्थायी रूप से ठहराव दिया जाएगा और ट्रेनों का विस्तार भी होगा। पटना साहिब स्टेशन पर एक्सीलेटर या लिफ्ट की सेवा शुरू होगी। मगर इसमें से कोई एक भी काम नहीं हो पाया। स्थिति यह रही कि पंजाब और हरियाणा की ओर से आने वाली ट्रेनों को ही रद्द कर दिया गया। नतीजा यह रहा कि उन दोनों राज्यों से पटना साहिब आने वाली संगत को दिल्ली आना पड़ा और यहां से फिर ट्रेन के द्वारा पटना साहिब आना पड़ा या फिर उन्हें सड़क मार्ग का सहारा लेना पड़ा। पटना अमृतसर के बीच विमान सेवा भी रद्द रही। संगतों का यह भी आरोप था कि अनेक मामले में वह कमेटी के पदाधिकारी को सलाह देते और इस दौरान सलाह-मशविरा से प्रकाश पर्व को और बेहतर ढंग से लोगों को जोड़कर मनाया जा सकता था। मगर कमेटी के पदाधिकारीगण इस बार अपने आपमें ही मग्न रहे और अपनी इच्छा अनुसार ही सारा काम को अंजाम देने का काम किया। यही कारण रहा कि अनेक स्तर पर खामियां उजागर हुई हैं। वार्ड पार्षद भी गुरुद्वारा गायघाट, गुरुद्वारा कंगन घाट, गुरुद्वारा सोनार टोली, गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब, गुरुद्वारा हांडी साहब, गुरुद्वारा गुरु का बाग जैसे स्थानों पर और उस रास्ते से जाने वाले सिख संगतों को सुख-सुविधा के लिए भी स्थानीय वार्ड पार्षद अपनी टीम के साथ सक्रिय रहा करते थे। खासकर उसमें साफ-सफाई से लेकर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था से लेकर सुरक्षा का भी ध्यान रखा करते थे। मगर कमेटी ने इस बार स्थानीय संगतों, स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं, गण्यमान्य लोगों के साथ ही वार्ड पार्षदों को भी पूरी तरह से उपेक्षित रखने का काम किया।

## कृषि मंत्री ने कृषि भवन मीठापुर में बिहार कृषि रेडियो का किया उद्घाटन

# किसानों तक त्वरित सूचना पहुंचाने के लिए बिहार कृषि रेडियो की हुई शुरूआत : मंगल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



सूबे के कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कृषि भवन मीठापुर में बिहार कृषि रेडियो का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने की। कृषि मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि कृषि भवन मीठापुर में बिहार कृषि रेडियो की स्थापना की गई है। इस पहल से किसानों को खेती-बाड़ी की समसमायिक सूचना, मौसम की जानकारी किसानों के साथ संवाद करने के लिए बिहार कृषि रेडियो की शुरूआत की जा रही है। श्री पांडेय ने कहा कि बिहार कृषि रेडियो आधुनिक तकनीक और अत्याधुनिक प्रसारण उपकरणों से सुसज्जित है। यहाँ ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग और संपादन की उन्नत सुविधाएँ उपलब्ध हैं, जो राज्य के किसानों को सूचना और ज्ञान के क्षेत्र में सशक्त बनाने के लिए तैयार की गई है। श्री पांडेय ने कहा कि किसानों तक त्वरित सूचना पहुँचाने के लिए बिहार कृषि रेडियो की शुरूआत की गई है। यह एक डिजिटल रेडियो सेवा है, जिसे प्लेस्टोर और ऐप स्टोर से आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है। यह एप्लीकेशन बिहार के किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जो कृषि संबंधी सलाह और सरकारी योजनाओं की जानकारी को त्वरित और प्रभावशाली तरीके से उपलब्ध कराएगा। बिहार कृषि रेडियो ऐप पर लाइव स्ट्रीमिंग के साथ-साथ ऑडियो और विडियो कंटेण्ट पॉडकास्ट के रूप में भी उपलब्ध रहेगा। किसान इन सामग्रियों को किसी भी समय, कहीं से भी देख और सुन सकेंगे। यह सेवा न केवल स्मार्ट फोन पर, बल्कि विभाग के आधिकारिक वेबसाइटों और लोकप्रिय प्लेटफॉर्म रेडियो गार्डन पर भी लाइव सुनी जा सकेगी। रेडियो बीते कई दशकों से किसानों और ग्रामीण समुदायों के लिए सबसे विश्वसनीय और प्रभावी माध्यम बना हुआ है। खेतों में काम करते हुए रेडियो पर कार्यक्रम सुनने का अनुभव आज भी बेहद उपयोगी और सहज है। डिजिटल युग में भी रेडियो ने खुद को नए स्वरूपों-डिजिटल रेडियो और पॉडकास्ट सेवाओं में ढालते हुए लोकप्रियता बनाए रखी है। बिहार कृषि रेडियो इस डिजिटल युग में किसानों के हाथों में सूचना का एक सुलभ माध्यम के रूप में उपलब्ध होगा।

### ये रहें मौजूद :

इस अवसर पर कृषि विभाग के विशेष सचिव डॉ वीरेन्द्र प्रसाद यादव, कृषि निदेशक नितिन कुमार सिंह, निदेशक उद्यान अभिषेक कुमार, अपर सचिव द्वय शैलेन्द्र कुमार एवं कल्पना कुमारी, संयुक्त सचिव द्वय मदन कुमार तथा मनोज कुमार, मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ सिंह, अपर निदेशक (शष्य) धनंजयपति त्रिपाठी, निदेशक पीपीएम संतोष कुमार उत्तम, निदेशक बसोका संनत कुमार जयपुरियार, उप निदेशक (शष्य), सूचना डॉ राजेश कुमार सहित विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### सुझावों के अनुसार और अधिक उपयोगी बनाया जा सकेगा :

कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि बिहार कृषि रेडियो बहुत ही कम डेटा खपत के साथ लगभग सभी स्मार्टफोन पर सुचारु रूप से काम करेगा। यह सिर्फ एकतरफा संचार माध्यम न होकर किसानों के फीडबैक को भी रिकॉर्ड कर प्रसारण केंद्र तक पहुँचाएगा। इससे कार्यक्रमों को श्रोताओं की जरूरतों और सुझावों के अनुसार और अधिक उपयोगी बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि वाट्सऐप के माध्यम से भी किसानों को डाउनलोड लिंक भेजा जायेगा। आने वाले दिनों में रोस्टर के अनुसार आत्मा और कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से जिलावार किसानों के साथ संवाद करने की व्यवस्था की जाएगी।

## नीतीश कुमार ने बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया: शीला



पटना। परिवहन मंत्री शीला मंडल ने कहा कि विगत 20 वर्षों के कार्यकाल में हमारे नेता ने बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। साथ ही सड़क, बिजली और शिक्षा के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। मंत्री उक्त बातें गुरुवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। मंत्री शीला मंडल ने कहा कि कड़ाके की ठंड होने के बावजूद भी हमारे नेता नीतीश कुमार लगातार जनता के बीच जा रहे हैं और उनकी समस्याओं को सुन रहे, यह जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इससे पहले परिवहन मंत्री शीला मंडल एवं मद्य निषेध मंत्री रत्नेश सदा ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक पहल की। उक्त मौके पर विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी मौजूद रहे।

## एनडीए गठबंधन पूरी तरह एकजुट है : चिराग



पटना। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान जी ने पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जो लोग ये प्रयास कर रहे हैं और जो भी यह सपना देख रहे हैं कि एनडीए में किसी प्रकार का टूट हो या किसी तरीके से एनडीए का कोई भी घटक दल टूट कर विपक्षी गठबंधन के तरफ जाए यह नहीं होने वाला है। एक बात तय है आगामी बिहार विधानसभा चुनाव एनडीए के पांचो घटक दल एक साथ पूरी मजबूती से ना सिर्फ हम लोग चुनाव लड़ेंगे, बल्कि एनडीए का एक मजबूत सरकार बिहार विधानसभा चुनाव के बाद बनने जा रही है। 225 से भी ज्यादा सीटें जीतकर हम लोग बिहार में सरकार बनाएंगे। आगे श्री चिराग ने पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल बीपीएससी छात्रों पर हुए लाठी चार्ज को लेकर कहा कि मैं लाठी चार्ज का कतई पक्षधर नहीं हूं। छात्रों की बातों को गंभीरता से सुना जाना चाहिए, उनकी हर उचित मांग को पूरा किया जाना चाहिए। उन पर लाठी चलाना कहीं से भी उचित नहीं है। हमेशा बातचीत का दरवाजा खुला रहना चाहिए, इस बात का मैं भी पक्षधर हूं । इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दी।

## समाज के उत्थान के लिए सदैव समर्पित रहे श्रद्धेय रामसुंदर दास: दिलीप

### भाजपा अध्यक्ष ने किया रामसुंदर दास की प्रतिमा का अनावरण



पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल आज सोनपुर स्थित खरीका में बिहार के भूतपूर्व मुख्यमंत्री रामसुंदर दास की जन्म जयंती सह प्रतिमा अनावरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री रामसुंदर दास समाज के उत्थान के लिए सदैव समर्पित रहे। भाजपा के अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा, बिहार की धरती की पहचान राजनीतिक सूरमाओं के लिए ही जानी जाती है। इन सूरमाओं में कई नाम हैं, इन्हीं नामों में एक नाम स्वर्गीय रामसुंदर दास का है। उन्होंने देश में बिहार का नाम रोशन किया। रामसुंदर दास ऐसे नेताओं में शामिल हैं जिनकी आवाज बिहार विधानसभा से लेकर लोकसभा तक गूंजती रही। उन्होंने कहा कि रामसुंदर दास ने जन्म से ही चुनौतियों का सामना किया लेकिन अपनी प्रतिभा और मेहनत के जरिए वे बिहार के मुख्यमंत्री पद तक पहुंच गए। किशोरावस्था में ही उनका दिल चाहता था कि देश को अंग्रेजी हुकूमत से आजादी मिले और दिमाग देश को आजादी दिलाने की प्लानिंग में लगा रहता था। जब इन्हें मौका मिला तो वे देश को स्वतंत्र कराने के लिए भारत छोड़ो आंदोलन से जुड़ गए। नतीजा यह हुआ कि कॉलेज से इन्हें बोरिया बिस्तर समेटना पड़ा और देश सेवा को चुनना पड़ा। उन्होंने लोगों से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर मंत्री मंगल पांडेय, पूर्व मंत्री महाचंद्र प्रसाद सिंह, कार्यक्रम आयोजक उपेंद्र सिंह, विधायक जनक सिंह, मंटू सिंह, डॉ. सी एन गुप्ता तथा जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे। इससे पूर्व सोनपुर जाने के क्रम में बजरंग चौक पर जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इसके उपरांत प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल का विधायक सी एन गुप्ता, पूर्व मंत्री महाचंद्र प्रसाद सिंह, जनक सिंह के द्वारा स्नेहिल स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष का रविदास चौक पर विधायक मंटू सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कार्यकताओं का आभार जताते हुए कहा कि यह मेरे कार्यकर्ता साथियों का सच्चा स्नेह है, जो कि सौभाग्यवश मुझे निरंतर प्राप्त हो रहा है। मैं आप सबका बहुत सम्मान करता हूँ।

## निजी स्वार्थ के लिए लालू परिवार ने समाजवाद को किया तार-तार : उमेश



● बोलें- नीतीश कुमार का राजनीतिक व्यक्तित्व समाजवाद की पाठशाला है

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि शुचिता और सिद्धांत को राजनीति का श्रृंगार माना जाता है लेकिन खुद को कट्टर समाजवादी बताने वाले लालू परिवार ने कभी समाजवाद के सच्चे आदर्शों का पालन नहीं किया। डॉ लोहिया सिद्धांतहीन राजनीति के धुर विरोधी थे क्योंकि वैचारिक समाजवाद के बिना राजनीतिक समाजवाद का कहीं कोई औचित्य नहीं है लेकीन लालू परिवार का समाजवाद सिर्फ चुनावी भाषणों तक सिमटकर रह गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि निजी स्वार्थ की पूर्ति हेतु लालू परिवार ने समाजवादी मूल्यों को तार-तार करने का काम किया। राजद की राजनीतिक विरासत संभाल रहे तेजस्वी यादव को यह जरूर बताना चाहिए कि बेजूबान पशुओं का चारा और नौकरी के बदले गरीब-गुरबों का जमीन कब्जा कर लेना कौन-से समाजवाद की परिभाषा है। उन्होंने कहा कि डॉ लोहिया और जननायक कपूरी ठाकुर के अनुयायी होने का दावा करने वाले लालू प्रसाद यादव ने अपने राजनीतिक आचरण से समाजवादी विचाराधारा को कलंकित कर दिया।

श्री कुशवाहा ने कहा कि 20 वर्षों के शासन काल में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर छींटा तक नहीं पड़ा और परिवारवाद के आरोपों से हमारे नेता आज भी कोसों दूर हैं। सच्चे समाजवाद का इससे श्रेष्ठत और सटीक उदारहण कुछ नहीं हो सकता है। न्याय के साथ विकास की मूलमंत्र पर चलते हुए श्री नीतीश कुमार ने समाज के अंतिम पंक्ति तक समावेशी विकास की किरणें पहुंचाई है। आगे उन्होंने कहा कि हमारे नेता का राजनीतिक व्यक्तित्व समाजवाद की पाठशाला है। यहाँ तक कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हमारे नेता नीतीश कुमार को सच्चा समाजवादी नेता बता चूकें हैं।

## बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के पूर्व अध्यक्ष स्व आचार्य किशोर कुणाल के श्राद्धकर्म में शामिल हुये मुख्यमंत्री



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को पूर्व आईपीएस अधिकारी, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के पूर्व अध्यक्ष और महावीर मंदिर न्यास समिति के संस्थापक सचिव आचार्य स्व किशोर कुणाल के श्राद्धकर्म में शामिल हुये। कुर्जी स्थित बिहार विद्यापीठ परिसर में आयोजित श्राद्धकर्म में मुख्यमंत्री ने स्व किशोर कुणाल के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्व आचार्य किशोर कुणाल की धर्मपत्नी अनीता कुणाल, पुत्र सायन कुणाल, बहू एवं सांसद श्रीमती शाम्भवी, स्व० आचार्य किशोर कुणाल के समधी एवं ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी सहित अन्य परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री हरि सहनी, सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि सहित बड़ी संख्या में सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता तथा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## नेता प्रतिपक्ष ने रण के पहले ही अपनी हार मान ली : नवल

पटना। जदयू प्रवक्ता नवल शर्मा ने कहा कि तेजस्वी यादव ने यह सेल्फ गोल बयान देकर 2025 के रण के पहले ही अपनी हार मान ली कि लोकसभा चुनाव के बाद इंडिया एलायंस अब अस्तित्व में नहीं है। कांग्रेस को सीट शेयरिंग में औने पौने भाव पर समेटने के लिए दिया गया यह बयान बिहार कांग्रेस के लिए चुल्लू भर पानी में डूब मरने जैसा है। इस कदर आपसी अविश्वास और एक दूसरे को नीचा दिखानेवाले गठबन्धन की टूटी नाव का पच्चीस की चुनावी वैतरणी में डूबना तय है। यह इस बात का भी संकेत है कि एनडीए की चट्टानी एकता से बिहार में विपक्ष चुनाव के पहले ही हथियार डाल चुका है। दरअसल इंडिया एलायंस का भविष्य उसी दिन तय हो गया था

## जिला परिवहन कार्यालय बन गया है भ्रष्टाचार का अड्डा: भाकपा



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि नीतीश सरकार में बिहार के सभी जिला परिवहन कार्यलय भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। बिचौलिया कार्यालय चला रहे हैं और बिना रिश्वत के कोई कार्य नहीं होता है। पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में तो बेचौलिया समानांतर जिला परिवहन कार्यालय चला रहे है। पटना जिला परिवहन कार्यालय का हाल और बेहाल है। सरकार मूकदर्शक बन बैठी हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद हस्तक्षेप करें। जिला परिवहन कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषी पदाधिकारी पर सख्त कार्रवाई की जाए। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि बिना रिश्वत का कोई काम नहीं होता है। लाइसेंस बनाने, गाड़ियों का निबंधन कराने, रोड परमिट लेने सहित विभिन्न कार्यों के लिए लोगों को रिश्वत देना पड़ता है। जिला परिवहन पदाधिकारी कार्यालय में नहीं बैठते हैं, पूरा कार्य बिचौलियों ही देखता है। मुख्यमंत्री परिवहन योजना अन्तर्गत लाभुकों के चयन में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बिहार के सभी परिवहन कार्यालत में व्याप्त भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच कराने, जिलों में चल रहे समानांतर कार्यालय को बंद कराने और भ्रष्ट पदाधिकारी पर सख्त कार्रवाई करने की मांग करती है।

## बधाई



पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने राजभवन जाकर बिहार के नए राज्यपाल मोहम्मद आरिफ खान को पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी

## भारत के अद्वितीय व्यंजनों को दुनिया का एम्बेस्डर बनाएं : मंत्री

### चिराग ने ग्लोबल प्लेटफॉर्म इंडस फूड 2025 के 8वें संस्करण का किया उद्घाटन



पटना । भारत के फूड व बेवरेज की गुणवत्ता को प्रदर्शित करने वाले ग्लोबल प्लेटफॉर्म इंडस फूड 2025 के 8वें संस्करण का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने किया। मंत्री ने कहा कि 130 देशों के 1,800 एक्जिबिटर्स और प्रतिभागियों के साथ, हम ग्लोबल फूड एक्सपोर्ट पावरहाउस के रूप में भारत की भूमिका को फिर से परिभाषित कर रहे हैं। स्वाद सीमाओं का मोहताज नहीं होता - भारतीय व्यंजनों में सीमाओं को पार करने की शक्ति है। आइए अपने खाने के विविध स्वाद को विश्व के कोने-कोने में ले जाएं और भारत के अद्वितीय व्यंजनों को दुनिया का एम्बेस्डर बनाएं। खाद्य सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता, इसलिए हम निर्यात को बढ़ावा देते हुए 100 नई फूड टेस्टिंग लैब और एफएसएसएआई के आगामी वैश्विक खाद्य विनियामक शिखर सम्मेलन 2024 के साथ सभी के लिए सुरक्षित, उच्च गुणवत्ता वाला फूड सुनिश्चित कर रहे हैं, क्योंकि सुरक्षा और स्वाद एक दूसरे से जुड़े हुए होते हैं। प्रोसेस्ड फूड हमारा भविष्य है ! इनकी बढ़ती मांग ही विकास की अपार संभावनाएं प्रदान करती है। आइए हम सभी साथ मिलकर विकसित भारत की दिशा में योगदान दें और भारत को प्रोसेस्ड फूड के निर्यात का अग्रणी देश बनाएं। गुरूवार को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की योग गुरु बाबा रामदेव से शिष्टाचार मुलाकात हुई।

## बिहार में सरकार नाम की कोई चीज नहीं : शक्ति



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, अरूण कुमार यादव, प्रमोद कुमार सिन्हा एवं आरजू खान की उपस्थिति में राजद प्रदेश कार्यलय के कपूरी सभागार में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि लगता ही नहीं है कि बिहार में सरकार नाम की कोई चीज है। रिटायर्ड पदाधिकारी, दो दिल्ली और दो बिहार वाले सरकार को अपने अनुसार चला रहे हैं। संस्थागत भ्रष्टाचार का केन्द्र बिहार बन चुका है ,और भ्रष्टाचार हर जगह दिख रहा है। सरकारी खजाने का दुरूपयोग हो रहा है। थोथी दलील के सहारे सरकार चल रही है। श्री शक्ति सिंह यादव ने आगे कहा कि सत्ता प्रतिष्ठान रिटायर्ड अधिकारियों के माध्यम से ट्रांसफर, पोस्टिंग को उद्योग का दर्जा दे दिया है। और यह स्पष्ट रूप से दिख रहा है। इस संबंध में सरकार कैसे चलाया जा रहा है, उसके संबंध में गठबंधन दल के एक बड़े नेता और मंत्री ने भी सवाल खड़ा किया है, लेकिन सरकार के लोग चुप्पी साधे हुए हैं। कहा कि बिहार में लूट सको तो लूट लो के आधार पर सरकार चल रही है और सरकारी खजाने का दुरूपयोग चेहरा चमकाने के लिए किया जा रहा है। नेताओं ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल बीपीएससी के अभ्यर्थियों के प्रति डे फर्स्ट से गंभीर है और जब तक अभ्यार्थियों को न्याय नहीं मिल जाता है तेजस्वी जी चैन से बैठने वाले नहीं हैं।

## राजद कार्यालय में मनाई गई समाज सुधारक फातिमा शेख की जयंती

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में महिलाओं में शिक्षा की अलख जगानेवाली समाज सुधारक फातिमा शेख की जयन्ती प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ तनवीर हसन की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि फातिमा शेख देश की पहली मुस्लिम महिला शिक्षिका थी। इन्होंने सावित्री बाई फुले के साथ मिलकर काम किया व दलित और मुस्लिम महिलओं, बच्चों को शिक्षित करने की शुरूआत की। यही नहीं इन्होंने 1848 में लड़कियो के लिए देश में पहले स्कूल की स्थापना भी की थी। फातिमा शेख का जन्म 09 जनवरी, 1931 को पूणे के एक मुस्लिम परिवार में हुआ था। इस अवसर पर माल्यार्पण करने वालों में राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय महासचिव बिनु यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रोफेसर सुबोध मेहता,प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, चितरंजन गगन, अरुण कुमार यादव, प्रमोद कुमार सिन्हा , आरजू खान, मधु मंजरी,मुख्यालय प्रभारी मुकुंद सिंह, प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार राम, श्री देव किशुन ठाकुर, मदन शर्मा, बल्ली यादव, खुर्शीद आलम सिद्दीकी, निराला यादव,भाई अरुण कुमार, फैयाज आलम कमाल, संजय यादव,डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, निर्भय कुमार अंबेडकर, चंदेश्वर प्रसाद सिंह, सहित अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित थे।

## आधी आबादी का खेती से जुड़ना किसी आंदोलन से कम नहीं: मंत्री

### उद्घाटन

### महिला उत्पादक किसान संगठन को मिल रही केंद्र व राज्य की भरपूर मदद

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




सूबे के कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने गुरुवार को पटना के बामेती सभागार में आयोजित महिला किसान उत्पादक संगठनों की कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में कृषि मंत्री श्री पांडेय ने कहा कि जब तक आधी आबादी की भागीदारी नहीं होगी तो समाज के किसी भी क्षेत्र का संपूर्ण विकास नहीं हो सकता। इस कार्यशाला का मूल मकसद कृषि क्षेत्र में कार्य कर रही महिलाओं और हितधारकों के बीच बेहतर संबंध स्थापित करना है। अपने अनुभवों को साझा करना है। वही आने वाली चुनौतियों एवं अवसरों पर चर्चा करना है। साथ ही विशेषज्ञों और नीति निमाताओं से जानकारी प्राप्त करने के लिए मंच प्रदान करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई मंचों पर खुलकर ऐलान किया है कि वह महिला किसान उत्पादक समूह की भरपूर मदद करेंगे। यह संगठन खेती को विकसित करने के लिए एक आंदोलन का रूप ले रहा है। श्री पांडेय ने कहा कि आज जलवायु परिवर्तन एक बड़ी समस्या है। हमें परिवर्तित हो रहे जलवायु में किन फसलों की खेती करनी चाहिए इसका भी हमें ध्यान रखना होगा और नए तरीके से खेती करनी होगी। आपने जो किसान उत्पादक संगठन बनाया है इसका उद्देश्य ऐसा वातावरण बनाना है जिसमें आप अपने कृषि उपज को सामूहिक रुप से व्यवस्थित और प्रबंधित कर सके। बिहार में लगभग 70 प्रतिशत आबादी कृषि आधारित है और राज्य की बड़ी आबादी कृषि पर आधारित अर्थव्यवस्था से संचालित होती है। इसलिए आधी आबादी यानी महिलाओं को कृषि कार्यों में प्रत्यक्ष रुप से जुड़ना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महिलाओं के सशक्तिकरण एवं हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को मजबूत करने की सोच को लेकर कार्यशाला सारानीय है। पटना के बामेती सभागार में आयोजित महिला किसान उत्पादक संगठनों की कार्यशाला में पहुँचे कृषि मंत्री ने छह महिला किसान उत्पादक संगठनों को सम्मानित भी किया। श्री पांडेय ने कहा कि भारत सरकार सौर ऊर्जा पर लगातार कार्य कर रही है इसलिए आपको भी सौर ऊर्जा से सिंचाई कैसे करें इस पर ध्यान देने की जरुरत है। ऐसे कार्यशालाओं को जिला और उससे भी निचले स्तर पर करने की जरुरत है ताकि महिला किसान उत्पाद संगठनों को अधिकाधिक लाभ मिल सके। आप कृषि कार्यों को लगन से सीखेऔर आगे बढे साथ ही देश के निर्माण में प्रत्यक्ष रुप से कार्य करें ये हमारी सोच है।

पूर्व मध्य रेल

ई–ऑक्शन सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर के अंतर्गत समस्तीपुर (SPJ) रेलवे स्टेशन परिसर स्थित साईकिल, स्कूटर, मोटरसाईकिल स्टैण्ड एवं गंडक कॉलोनी, समस्तीपुर (SPJ) स्थित मोटरकार, टैक्सी, टेम्पू एवं ई–रिक्सा स्टैण्ड तथा भैरोगंज (BRU) एवं थरबिटिया (TN) रेलवे स्टेशन परिसर स्थित साईकिल, मोटरसाईकिल, स्कूटर, मोटरकार, टैक्सी, टेम्पू एवं ई–रिक्सा स्टैण्ड का संचालन तीन वर्षों के लिये किये जाने हेतु ई–ऑक्शन का आमंत्रण भारतीय रेल के वेब पोर्टल आई.आर.ई.पी.एस. पर किया जाता है–

क्र.सं. : 1, स्टेशन का नाम : समस्तीपुर (SPJ), पार्किंग स्टैण्ड का प्रकार : साईकिल/मोटरसाईकिल एवं स्कूटर, कैटलॉग संख्या : एसपीजे–पार्किंग–92, अवधि : ठीका प्रारंभ होने की तिथि से 291 दिनों के लिए

क्र.सं. : 2, स्टेशन का नाम : गंडक कॉलोनी समस्तीपुर, पार्किंग स्टैण्ड का प्रकार : मोटरकार/टैक्सी/टेम्पू एवं ई–रिक्सा

क्र.सं. : 3, स्टेशन का नाम : भैरोगंज (BRU), क्र.सं. : 4, स्टेशन का नाम : थरबिटिया (TB), पार्किंग स्टैण्ड का प्रकार : साईकिल/मोटरसाईकिल/स्कूटर/मोटरकार/टैक्सी/टेम्पू एवं ई–रिक्सा

कैटलॉग संख्या : एसपीजे–पार्किंग–92, अवधि : ठीका प्रारंभ होने की तिथि से तीन वर्षों के लिए

निविदादाताओं के लिए निर्देश : 01. ऑक्शन प्रपत्र की उपलब्धता : ऑक्शन प्रपत्र आईआरईपीएस के वेबसाईट पर उपलब्ध है। 02. ई–ऑक्शन की तिथि एवं समय : दिनांक 20.01.2025 को 10:00 बजे। 03. वेबसाईट का विवरण जिस पर ई–ऑक्शन प्रपत्र उपलब्ध है : ई–ऑक्शन IREPS के वेबसाईट पर ऑनलाईन डाला जाना है। विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाईट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। किसी प्रकार के मैनुअल टेंडर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

मंडल रेल प्रबंधक (वा०)/समस्तीपुर

पीआर/01888/एसपीजे/वा०/एन/24–25/52

पावरग्रिड POWERGRID

सूचना

1. सीईआरसी (व्यवसाय संचालन) विनियम 1999 और सीईआरसी (टैरिफ की शर्तें और नियम) विनियम 2019 के विनियम–86 के तहत i) टैरिफ ब्लॉक 2019-24 के लिए पारेषण प्रभार के टूइंग अप और ii) **याचिका–1** के लिए 2024-29 टैरिफ ब्लॉक के लिए पारेषण प्रभार का निर्धारण: उत्तरी, पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र में 765 केवी पूलिंग स्टेशन और एनआर के लिए नेटवर्क, ईआर से एनआर द्वारा आयात और डब्ल्यूआर के लिए नेटवर्क और ईआर से डब्ल्यूआर द्वारा और एनईआर/एसआर/डब्ल्यूआर से ईआर के माध्यम से आयात के लिए कॉमन स्कीम, **याचिका–2:** उत्तरी क्षेत्र और पश्चिमी क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में आईपीपी परियोजनाओं के लिए डब्ल्यूआर–एनआर एचवीडीसी इंटरकनेक्टर, **याचिका–3:** उत्तरी क्षेत्र में उत्तरी क्षेत्र प्रणाली सुदृढ़ीकरण स्कीम XXXII के लिए टैरिफ ब्लॉक 2024-29 हेतु पारेषण प्रभार के निर्धारण का अनुमोदन।

2. उपर्युक्त पारेषण प्रणालियों के लाभार्थी हैं: (क) अजमेर विद्युत वितरण निगम लि. (ख) जयपुर विद्युत वितरण निगम लि. (ग) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लि. (घ) पंजाब राज्य विद्युत निगम लि. (ङ) हरियाणा पावर परचेज सेंटर (च) जम्मू और कश्मीर पावर कॉर्पोरेशन लि. (छ) उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लि. (ज) बीएसईएस यमुना पावर लि. (झ) बीएसईएस राजधानी पावर लि. (ञ) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लि. (ट) चंडीगढ़ विद्युत विभाग (ठ) उत्तरांचल पावर कॉर्पोरेशन लि. (म) उत्तर मध्य रेलवे (न) नई दिल्ली नगर पालिका परिषद. (ण) हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड. (प) बिहार राज्य पावर (होल्डिंग) कंपनी लि. (थ) पश्चिम बंगाल राज्य विद्युत जिला कंपनी (द) ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ उड़ीसा लिमिटेड (ध) दामोदर वैली कॉर्पोरेशन (न) पावर ऑफ डिपार्टमेंट, सिक्किम (प) झारखंड स्टेट ऑफ इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड (फ) मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (व) महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रिक्ट कंपनी लिमिटेड (भ) गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (म) विद्युत विभाग गोवा सरकार (य) डीएनएच और डीडी पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (कक) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत जिला कंपनी लिमिटेड (कख) एनटीपीसी लिमिटेड (कग) कोरबा एसटीपीएस, एनटीपीसी लिमिटेड (कघ) आरकेएम पावरजेन प्राइवेट लिमिटेड (कङ) जिंदल पावर लिमिटेड (कच) एथेना छत्तीसगढ़ पावर लिमिटेड (कछ) एसकेएस पावर जनरेशन लिमिटेड (कज) कोरबा वेस्ट पावर कंपनी लिमिटेड (कझ) केएसके महानदी पावर कंपनी लिमिटेड (कञ) डीबी पावर लिमिटेड (कट) लैंको अमरकंटक पावर प्राइवेट लिमिटेड (कठ) वंदना विद्युत लिमिटेड (कड) टीआरएन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (कढ) हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड (एचवीपीएनएल)

3. टैरिफ विवरण:

ए) 2019-24 ब्लॉक — रु. लाख में

| याचिका सं. | परिसंपत्ति का विवरण | डीओसीओ/ईसीओडी | 31.03.2024 तक पूर्ण होने की लागत | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | टूइंग अप के आधार पर संशोधित एएफसी | | | | |
| याचिका–1 | संयुक्त परिसंपत्ति | 07.05.2013 | 618222.82 | 104892.44 | 102229.19 | 99904.27 | 97968.62 | 96180.84 |
| याचिका–2 | संयुक्त परिसंपत्ति–I और IV | 16.04.2017 | 712393.37 | 105853.99 | 100477.39 | 97896.30 | 100709.59 | 103438.57 |
| | परिसंपत्ति–II | 25.03.2017 | 11250.14 | 1869.91 | 1775.81 | 1743.53 | 1871.01 | 1998.90 |
| | परिसंपत्ति–III | 25.03.2017 | 6474.64 | 1060.01 | 1002.31 | 982.29 | 1046.37 | 1106.97 |
| | परिसंपत्ति–V | 03.12.2015 | 108015.9 | 15867.06 | 15116.26 | 14710.52 | 14900.27 | 15110.50 |
| याचिका–3 | संयुक्त परिसंपत्ति (परिसंपत्ति–8 को छोड़कर) | 20.01.2017 | 69903.89 | 13343.82 | 13186.96 | 13044.72 | 12909.13 | 12793.61 |
| | परिसंपत्ति–8 | 31.12.2017 | 14645.56 | 2492.15 | 2580.73 | 2642.25 | 2626.27 | 2581.51 |

बी) 2024-29 ब्लॉक — रु. लाख में

| याचिका सं. | परिसंपत्ति का विवरण | 31.03.2029 तक पूर्ण होने की लागत | 2024-25 | 2025-26 | 2026-27 | 2027-28 | 2028-29 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | वार्षिक निश्चित शुल्क (एएफसी) | | | | |
| याचिका–1 | संयुक्त परिसंपत्ति | 618578.87 | 86987.22 | 84810.07 | 58320.23 | 58625.62 | 59331.05 |
| याचिका–2 | संयुक्त परिसंपत्ति–I और IV | 723558.49 | 101807.38 | 99850.85 | 97374.48 | 94695.84 | 92074.13 |
| | संयुक्त परिसंपत्ति–II, III और V | 126334.32 | 17726.23 | 17317.54 | 16832.97 | 16075.11 | 15674.69 |
| याचिका–3 | संयुक्त परिसंपत्ति | 86167.07 | 14131.37 | 13899.38 | 13631.68 | 13425.36 | 13222.32 |

4. इस सूचना और टैरिफ निर्धारण के लिए किए गए आवेदन की एक प्रति आवेदक की वेबसाइट www.powergrid.in पर डाली गई है।

5. लाभार्थी सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा उक्त आवेदन में निहित टैरिफ के निर्धारण के प्रस्तावों पर सुझाव और आपत्तियां, यदि हों, सचिव, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, 6वीं, 7वीं और 8वीं मंजिल, टॉवर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029 (या अन्य पता जहां आयोग का कार्यालय स्थित है) के समक्ष इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर आवेदक को उसके कॉर्पोरेट कार्यालय के पते पर एक प्रति सहित, प्रस्तुत की जानी चाहिए।

स्थान: गुरुग्राम
दिनांक: 09.01.2025

हस्ता./–
उप महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
कॉर्पोरेट कार्यालय: "सौदामिनी", प्लॉट नं. 2, सेक्टर–29, गुरुग्राम–122001 (हरियाणा)
पंजीकृत कार्यालय: बी–9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली–110016
www.powergrid.in, CIN: L40101DL 1989GOI038121
एक महारत्न पीएसयू

PG/CC/Notice-191/Advt-242/2024-25 R K SWAMY LIMITED

# मुख्यमंत्री के प्रगति यात्रा में सभी दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी को एलर्ट रहना होगा : डीएम

## एसएसपी ने कहा कि कार्य स्थल से अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। प्रेक्षागृह दरभंगा में जिलाधिकारी राजीव रौशन व वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी की संयुक्त अध्यक्षता में मुख्यमंत्री बिहार के प्रगति यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था हेतु दरभंगा जिले के प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को ब्रीफिंग किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम के दिन पूर्वाह्न 7 से अपने-अपने प्रतिनियुक्त स्थल पर निश्चित रूप से पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था संधारण करेंगे,साथ ही कर्तव्य से अनुपस्थित रहने वाले दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम कई जगहों पर है,सभी पुलिस पदाधिकारी मुस्तैद रहेंगे एवं अनावश्यक मोबाइल फोन नहीं चलाएंगे। कहीं से किसी तरह की घटना की सूचना मिले तो वरीय पदाधिकारी को सूचित करेंगे। ड्रॉप गेट एवं बैरिकेटिंग दो दिनों के अंदर बना लेना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारी संयुक्त आदेश को अच्छी तरह से पढ़ लें और उसका अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री महोदय के दरभंगा जिला अंतर्गत निर्धारित भ्रमण, शिलान्यास,उद्घाटन, अवलोकन कार्यक्रम के परिपेक्ष में सभी थानाध्यक्ष,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आसूचना संग्रह का कार्य करेंगे। जिनकी ड्यूटी जहाँ है,वहीं पर रहेंगे,सभी वरीय पदाधिकारी एक दूसरे से समन्वय कर लेंगे। बिना पास के किसी को भी अनुमति नहीं होगा।पेंटिंग,बुके,साल,फूल किसी भी प्रकार मोमेंटो का अनुमति नहीं है।उन्होंने कहा कि संदेहास्पद लगे तो समाधान करें एवं वरीय को सूचित करें, सभी सक्रीय रहे।अनुमंडल पदाधिकारी दरभंगा एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर विधि व्यवस्था के संपूर्ण प्रभार में रहेंगे।अपर समाहर्ता जिला दंडाधिकारी नीरज कुमार दास एवं नगर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार चौधरी विधि व्यवस्था के वरीय प्रभार में रहेंगे।बैठक में अपर समाहर्ता नीरज कुमार दास,नगर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार चौधरी,अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार,अपर समाहर्ता आपदा सलीम अख्तर,अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था राकेश रंजन, अपर समाहर्ता विभागीय जांच कुमार प्रशांत, उप निदेशक जनसंपर्क सत्येंद्र प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी सदर विकास कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजद कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

मधुबनी जयनगर के आईबी में राजद के कार्यकताओं की बैठक सदस्यता अभियान को सफल बनाने लेकर आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षत राजद प्रखण्ड अध्यक्ष उमेश यादव तथा संचालन राजद के वरिष्ठ नेता प्रदीप प्रभाकर ने किया। बैठक में सदस्यता अभियान को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई।साथ ही 11 जनवरी को आईटी बेला में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रदेश के नेता चक्रपाणि हिमांशु इस कार्यक्रम में भाग लेने आ रहे है।वक्ताओं ने कहा कि राजद गठबंधन की सरकार बिहार में बनने पर माई-बहिन मान योजना लागू की जाएगी।जिसके तहत राज्य की सभी माता व बहनों को 2500 रुपये अकाउंट में दिए जाएंगे। परीक्षा में अभियार्थियों के आने जाने व ठहरने की व्यवस्था सरकार करेगी।वृद्धा, दिव्यांग, विधवा पेंशन को 400 रुपये से 1500 रुपये किया जाएगा। 200 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी।इस मौके पर मणिक लाल यादव, सचिन चौधरी,अमित यादव,धर्मेंद यादव,नौशाद आलम,गंगा चौधरी,अरुण यादव,मोहम्मद अशलाम अंसारी, ललिता यादव,बेलही पश्चिम पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मोहम्मद अकबार,सरपंच जहाँगीर हाशमी,रूपेश कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी गयी भावभीनी विदाई

बिरौल(दरभंग) ।किरतपुर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय सिमरी मकतब में प्रधानाध्यापक लाल मोहम्मद के सेवनिवृति उपरांत विद्यालय परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन प्रभारी प्रधानाध्यापक अजीत कुमार की अध्यक्षता में किया गया । वहीं आयोजित समारोह को संबोधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रामभरोस चौधरी ने कहा कि सेवानिवृत शिक्षक के विद्यालय में शिक्षा के प्रति ईमानदारी पूर्वक किये कार्य एवं मधुर स्वभाव और कर्तव्य निष्ठा का चर्चा किये । वही कहा कि सेवा में आने वाला का सेवानिवृत होना एक परंपरा है। जिसका हर किसी को पालन करना ही है। इनका शिक्षको और छात्रों से हमेशा मधुर संबंध बना रहा । आज इनका विद्यालय से जाना हम सबों के लिए काफी दुखदायी है। सबने उनकी दीघार्यु और स्वस्थ्य जीवन की कामना किया। उन्होंने कहा कि इस मौके पर इतनी भीड़ उनके स्वभाव और कर्तव्य निष्ठा का एक उपहार है। उसके बाद प्रभारी प्रधानाध्यापक अजीत कुमार, शिक्षक और गणमान्य लोग द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षक को माला पहना कर शाल ओढ़ाकर सम्मानित किए, वहीं प्रधानाध्यापक, शिक्षक, शिक्षिका, छात्र छात्रा और गणमान्य लोग द्वारा कई उपहार भेंट स्वरूप दिया गया । इस मौके पर तौफीक आलम, कुमारी कविता,रम्भा कुमारी, तराना खातुन, चंचला कुमारी, इशरत प्रवीण, शाहजहां खातुन अशोक कुमार राम, सुशील कुमार राम,मो अशरफ सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

### विभूतिपुर में तीन गिरफ्तार, जेल

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मंदा विजैया निवासी महेश राय के पुत्र सचिन कुमार व स्व. देबू राय के पुत्र राजेन्द्र राय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उक्त दोनों एक कांड में प्राथमिकी अभियुक्त था। यह जानकारी थानाध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप ने दी। बताया कि पुलिस ने शाहपुर वार्ड 12 निवासी लालो सहनी के पुत्र कन्हैया सहनी को भी गिरफ्तार किया है। यह न्यायालय वारंटी था। तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### दो वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कल्याणपुर समस्तीपुर चकमेहसी थाना क्षेत्र के हजपुरवा गांव में थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में छापेमारी कर दो एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार कर अवर निरीक्षक शेखर सुमन थाना गिरफ्तार किए गए ।एन बी डब्ल्यू की पहचान गांव के रामवृक्ष दास के पुत्र रमी दास बतहू दास के पुत्र आननंदू दास हिरासत में भेजा गया है।

### गुलाब हत्याकांड के आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाए इश्तिहार

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जटमलपुर ढाब गांव में गुरुवार को मो गुलाब हत्याकांड के नामजद आरोपी मोहम्मद सद्दाम के घर पुलिस ने इश्तिहार चिपकाए है। ज्ञात हो कि मोहम्मद गुलाब की हत्या 26 अगस्त को अर्ध निर्मित घर में ही गोली मारकर हत्या कर दिया गया था ।घटना के बाद से नामजद आरोपी फरार चल रहा था ।न्यायालय के आदेश पर फरार आरोपी के घर पुलिस ने इतिहार चिपकाया। वहीं थाना अध्यक्ष दीपक झा ने बताया कि फरार आरोपी के घर इतिहार चिपकाए गया है ।

# सीएम नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा को सफल बनाएं भाजपा कार्यकर्ता: सांसद




प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।बिहार के सीएम नीतीश कुमार विकास कार्यों तथा सुशासन के प्रतीक हैं। भाजपा के साथ एनडीए के नेतृत्व में एक मुख्यमंत्री के रूप में इन्होंने जो कीर्तिमान स्थापित किया है वह देश स्तर पर एक उदाहरण है। 11 जनवरी को सीएम नीतीश कुमार की प्रस्तावित प्रगति यात्रा दरभंगा और मिथिला के लिए वरदान साबित होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा कार्यकताओं के द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही। भाजपा के बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक के एक एक नेता पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता जी जान से जुट जाएं। स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने आज गुरुवार को अपने बलभद्रपुर स्थित सांसद कार्यालय पर आए दरभंगा जिला के भाजपा कार्यकताओं का आह्वान करते हुए उपरोक्त बातें कही। सांसद डा ठाकुर ने प्रगति यात्रा के क्रम में सीएम की प्रस्तावित कार्यक्रम को मिथिला के लिए दूरगामी और प्रभावी बताते हुए कहा कि सीएम के द्वारा 134 करोड़ से दोनार आरोबी,92 करोड़ की लागत से दिल्ली मोड स्थित बस स्टैंड के साथ साथ सड़क स्वास्थ्य शिक्षा ग्रामीण विकास विभाग के सैकड़ों सौगात दरभंगा को मिलेंगे जो यहां के विकास के लिए एक नए इतिहास का निर्माण करेगा। सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा के विकास में सीएम नीतीश कुमार के योगदानों की जमकर सराहना करते हुए कहा कि 2005 से सत्ता में आने के बाद से ही उन्होंने दर्जनों बार यहां के विकाश के मुलाकात कर जितने भी मुद्दे को उनके संज्ञान में दिया है सीएम ने हर मुद्दों का समाधान कर यह साबित किया है कि दरभंगा और मिथिला का सर्वांगीण विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा एम्स के लिए जमीन अधिग्रहण कर उपलब्ध कराना, एयरपोर्ट के लिए जमीन हस्तांतरण करना, दोनार आरोबी सहित शहर के सभी निमार्णाधीन आरोबी की प्रशासनिक स्वीकृति जैसे अनेक ऐसे उदाहरण है जिसके लिए सीएम ने व्यक्तिगत अभिरुचि लेकर दरभंगा के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता साबित किया है। इस मौके पर पूर्व विधायक अमरनाथ गामी पार्टी नेता उदयशंकर चौधरी,अभयानंद झा,संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह,पिंटू झा, प्रेम कुमार रिंकू, कृष्ण भगवान झा,पारसनाथ चौधरी,ठाकुर भूपेंद्र किशोर, ललकांत झा,रमेश कुशवाहा,संजीव साह,सीताराम मांझी,विकास विवेक चौधरी,आशुतोष झा,पुरुषोत्तम सिंह निर्मल कुमार रजनीश सुंदरम रामाज्ञा चौधरी आदि मौजूद थे।

## सशस्त्र सीमा बल 48वीं वाहिनी द्वारा वाहिनी मुख्यालय में संदिक्षा परिवार मेला का आयोजन किया




प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर द्वारा गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट 48वीं वाहिनी के निदेर्शानुसार वाहिनी मुख्यालय जयनगर में संदिक्षा परिवार मेला का उद्घाटन जानकी बेलवाल संदीक्षा उपाध्यक्षएवं शिल्पी ओझा संदीक्षा सचिव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।संदिक्षा परिवार के इस मेले का उद्देश्य सिर्फ मनोरंजन नहीबल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सहेजना और सभी को एक साथ जोड़ने का अवसर प्रदान करना है । यह मेला न केवल बच्चो और युवाओ के लिए एक आनंद का स्त्रोत रहा बल्कि सैन्य परिवारो को भी एक साथ समय बिताने और अपनी परंपराओं को समझने का माध्यम रहा गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट48वी वाहिनी ने बताया कि यह आयोजन हमारे सदस्यो की मेहनतसमर्पण और एकजुटता का प्रमाण है साथ ही साथ मोटे अनाज को लेकर आवश्यक जानकारी भी दी गई ।इस मेले में मनोरंजन ज्ञानवर्धक गतिविधियाऔर स्थानीय कला एवं संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले कई आकर्षण रहे । पारंपरिक व्यंजनो के स्टॉल लगाए गए जिनका उपस्थित सभी लोगो ने आनंद लिया। यह आयोजन केवल एक औपचारिकता नही था, बल्कि जवानों और अधिकारियो के बीच सौहार्द का प्रतीक भी बना कार्यक्रम में संदीक्षा सदस्यो एवं जवानो द्वारा तरह तरह के पकवान बनाए जिसका मेला में स्टॉल लगा कर उसे प्रदर्शित किया गया. कार्यक्रम को अनानंदमयी बनाने के लिए एसएसबी जवानो तथा संदीक्षा सदस्यो द्वारा नृत्य एवं संगीत प्रस्तुति भी दी गयी।इस कार्यक्रम मे गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट हरेन्द्र सिंह द्वितीय कमान अधिकारी विवेक ओझा उप कमांडेंट, श्री संतोष कुमार निमोरिया उप कमांडेंट, डा॰ सुनेहा सिंह चिकित्सा पधादिकारी मोहोद मनीष देवानन्द सहायक कमांडेंट, विगनेश टी सहायक कमांडेंट एवं अधीनस्थ अधिकारी, जवान एवं उनके परिवार ,संदीक्षा सदस्य , एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## केपीएल एकेडमी द्वारा कपिलेश्वर स्कूल मैदान में 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी रहिका प्रखंड अंतर्गत मिथिला के प्रशिद्ध देवघर कहे जाने वाले कपिलेश्वर धाम के टेकनाथ उच्च विद्यालय के मैदान मे केपीएल फिजिकल एकेडमी के संचालक रंजीत कुमार पाल के द्वारा 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।आयोजन मे दूर दराज से अलग अलग जिले से आये बालक एवं बालिकाओ ने भाग लिए। साथ ही आयोजन मे मुख्य अतिथि के रूप मे जिला परिषद क्षेत्र संख्या 24 प्रतिनिधि मधु राय, टेकनाथ विद्यालय के प्रधानध्यापक सुरेश प्रसाद,न्यू सक्सेस क्लासेस के डायरेक्टर गुलजार हुसैन काकरौल दक्षिनी मुखिया पुत्र मो प्यारे ने संयुक्त रूप से दौड़ प्रतियोगिता का फीता काटकर साथ जिला परिषद प्रतिनिधि मधु राय ने देश के तिरंगा दिखा कर प्रतियोगिता मे भाग ले रहे युवाओ को रवाना किया दौड़ के लिए।दौड़ प्रतियोगिता पांच राउंड किया गया जिसमे सीतामढ़ी जिले के बैद्यनाथ कुमार यादव प्रथम वही दूसरा अजय कुमार यादव तीसरा आशीष कुमार दोनो मधुबनी जिले के अलग अलग गांव से है।वहीं युवती में प्रथम खुशबू कुमारी मधुबनी जिले, द्वितीय मोनिका कुमारी दरभंगा जिले वही तृतीय प्रीति मिश्रा जो की सीतामढ़ी जिला से आयी हुई ने दौड़ मे स्थान प्राप्त कि है।इस प्रतियोगिता में टाप 10मे शामिल सभी धावक को मैडल के साथ कप व नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। किसी भी फिजिकल तैयारी के लिए युवा युवतिया केपीएल फिजिकल एकेडमी के संचालक रंजीत कुमार पाल जिसका मोबाइल नंबर 8582019578 पर संपर्क कर सकते हैं।

## प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन, लोगों की समस्याओं का किया गया निष्पादन

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/ई०अलीगंजः- जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को अलीगंज प्रखंड के आढ़ा पंचायत के मध्य विद्यालय परिसर में शिविर का आयोजन पंचायत के मुखिया हिना कौसर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।इस कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ अभिषेक भारती, एमो सन्नी कुमार दिवाकर,पीओ असलम हुसैन, प्रभारी चिकित्सा पर अधिकारी साजिद हुसैन, सीडीआपो ज्योति कुमारी ,मुखिया प्रतिनिधि समशाद आलम ,ने संयुक्त रूप से फीता काटकर दीप प्रज्वलित करते हुए आरम्भ किया।इस शिविर में सभी विभाग राजस्व विभाग , चिकित्सा विभाग ,मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, कृषि विभाग, वाल विकास परियोजना, बिजली विभाग, आपूर्ति विभाग, कृषि विभाग,पीएचडी सहित अन्य विभाग के द्वारा अलग-अलग स्टाल लगाकर मामले का ऑन स्पोर्ट निदान करने तथा सरकार द्वारा सम्बंधित विभाग के माध्यम से चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुचाने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर आए हुए लोगो को बीडीओ अभिषेक भारती ने सम्बोधित करते हुए कहा कि इस शिविर का उद्देश्य सरकार द्वारा जनहित के लिए जारी सभी कल्याणकारी योजनाओ को जानकारी देना है,तथा स्थानीय स्तर पर प्रशासन के सभी इकाइयों के प्रति विश्वास कायम करना है। प्रशासन द्वारा सभी लोगो के साथ समन्वय स्थापित कर प्रशासन को सहयोग कर स्थानीय स्तर पर विकास करना है। इसी लिए सरकार यह योजना चला रही ताके सुदूर गाँव के लोग रोज अपनी परेशानी लेकर कई मीटर चल कर कार्यलय के चक्कर लगाते है, इन्ही सब समस्याओं को दूर करने का सरकार एवं प्रशासन की मदद से यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है,वही एमो सन्नी कुमार दिवाकर ने कहा कि सरकार द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही है उसकी जानकारी हर व्यक्ति तक पहुचाने के लिये कृत संकल्प है, सरकार द्वारा प्रदत्त किसी भी योजना को उसके वास्तविक लाभार्थी तक पहुचाना ही उद्देश्य है ।जो लाभार्थी की समस्या को समाधान करने हेतु प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा,,मनरेगा पदाधिकारी असलम हुसैन ने कहा की जो भी लाभुक उपस्थित हुए जिस विभाग मे उनको समस्या है उस विभाग मे आवेदन देकर समस्या का निष्पादन कराये,इस शिविर के माध्यम से समस्या का समाधान ही मुख्य उदेश्य है, सरकार की हर संचालित योजना लाभ हर लोगो को मिले यही सरकार की सोच है, मुखिया प्रतिनिधि समशाद आलम ने कहा कि पंचायत में अभी जो भी योजनाएं चल रही है और जो भी परेशानी एवं समस्या है उसका निष्पादन करने के लिए सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद है।

## 270 करोड़ की लागत से स्ट्रार्म वाटर ड्रेनेज योजना का शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री : संजय सरावगी

प्रात : किरण संवाददाता



दरभगा। प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 270 करोड़ की लागत से स्टॉम वाटर ड्रेनेज योजना का शिलान्यास करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता, विस में सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह नगर विधायक संजय सरावगी ने कहा कि 11 जनवरी दरभंगा के एक बड़ा दिन होने वाला है। दरभंगा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शहर की कई लंबित योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे। गुरूवार को विधायक श्री सरावगी ने दोनार सहित कई ड्रेनेज स्थलों का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जलजमाव से मुक्ति के लिए शहर की बहुप्रतिक्षित मांग पूरी होने जा रही है। प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री स्ट्राम वाटर ड्रेनेज योजना का भी शिलान्यास करेंगे। उन्होंने बताया कि शहर के प्रमुख तालाबों के तालाबों को स्वच्छ रखने एवं इसके संरक्षण की दिशा में ये महत्वपूर्ण कदम होगा। हराही, दिग्घी, गंगासागर और मिजार्खां तालाब में जाने वाली छोटे-बड़े सभी नालों को डायवर्ट करके ड्रेनेज सिस्टम से जोड़ा जायेगा। जिससे इन तालाबों का पानी दूषित होने से बचेगा। वहीं दोनार से टिन्ही पुल के नाले का बाकी भाग भी इसी योजना से जोड़ा जायेगा। विधायक श्री सरावगी ने कहा कि जलजमाव की समस्या से शहर को बाहर निकालने को लेकर वे लंबे समय से संघर्षरत रहे हैं। विधायक श्री सरावगी ने कहा योजना के तहत 63604 मीटर का मध्यम व बड़ा ड्रेन बनाया जायेगा। इसमें 46854 मीटर आरसीसी ड्रेन और 7050 मीटर आरसीसी वॉल ड्रेन होगा। इसके लिए 7 ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन, 3 एंटी फ्लूड सिस्टम और 20 बॉक्स कल्वर्ट का बनाये जायेंगे। दोनार से चट्टी चौक तक रेलवे लाईन के दोनों तरफ आरसीसी वॉल के साथ ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण होगा। कंगवा गुमती, शिवधारा रोड, दोनार गुमती, डीएमसीएच (कल्वर्ट 23) रेलवे, चट्टी चौक, रत्नोपट्टी, बाजितपुर पुल के दोनों तरफ एवं एकमीघाट में ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन और एंटी फ्लूड सिस्टम बनाएं जायेंगे। इन्ही पंपिंग स्टेशनों के माध्यम से जल की निकासी होगी। बताते चलें कि जलजमाव से मुक्ति के लिए स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज योजना को धरातल पर उतारने के लिए नगर विधायक लंबे समय से प्रयासरत हैं। उनकी पहल पर गत वर्ष 23 जुलाई कोयोजना की राशि को प्रशासनिक स्वीकृति मिली थी।

## भूमिहीन महादलित परिवारों के बिच सीओ ने पहुंच कर पॉलिथिन के साथ साथ जल्द ही भूमि मुहैया कराने की आश्वासन दि



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर-कोरहिया कमला तटबंधो के किनारे बसे सैकड़ों भूमिहीन परिवारों को उजाड़ने से पहले बसाने की मांग को मुख्यमंत्री के खजौली के सुक्की में आयोजित होने वाली प्रगति यात्रा में भूमिहीनो द्वारा होने वाली प्रदर्शन अनुमंडल पदाधिकारी जयनगर वीरेंद्र कुमार एवं पुलिस उपाधीक्षक विप्लव कुमार जयनगर व अंचलाधिकारी जयनगर कुमारी सुजाता से संयुक्त वार्ता तथा जिलाधिकारी मधुबनी अरविन्द कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक योगेन्द्र कुमार से मोवाईल पर प्रखंड सचिव भूषण सिंह से संतोषजनक आश्वासन के बाद होने वाली प्रदर्शन को वापस लिया गया। ज्ञात हो कि उपरोक्त अधिकारियो से संयुक्त वार्ता के बाद अंचलाधिकारी कुमारी सुजाता एवं थाना जयनगर के एस आई अनुपंम कुमारी कोरहिया पहुंच कर सैकड़ो महादलित भूमिहीन परिवारो के आश्वासन दिए और सभी पीड़ित परिवारों को पॉलिथिन मुहैया कराने कि आदेश दिया गया। वार्ता के समय सी आई अजय मंडल हल्का कर्मचारी रौशन कुमार नरेश ठाकुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स सचिव पवन कुमार यादव शौकत अली रामू पासवान अनिता देवी फूल कुमारी देवी इंदु देवी राजेश्वर महरा गुरूदयाल राम रामहृदय यादव तेतर राम रामभरोस यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## थर्मल पावर के मजदूरों के साथ डी एम से मिले पूर्व मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।कांटी थर्मल पावर में कार्यरत कामगारो का एक प्रतिनिधिमंडल अपनी विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार को पूर्व मंत्री अजीत कुमार के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मिला एवं उन्हें ज्ञापन सोपा। जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में मजदूरों ने बीते 1 नवंबर को थर्मल पावर प्रबंधन, जिला प्रशासन के प्रतिनिधि एवं मजदूर प्रतिनिधि के बीच हुए समझौता को समय सीमा के अंदर एनटीपीसी द्वारा लागू नहीं किए जाने तथा मजदूरों को धमकाने एवं नौकरी से निकलने की बातों को मुख्य रूप से उल्लेख किया है। मजदूरों ने जिलाधिकारी से कहा कि प्रबंधन बिना भेदभाव किया हम मजदूरो को समान काम के लिए समान वेतन की सुविधा दे, साथ ही पूर्व से मिल रहे एच आर एवं अन्य सुविधा जिससे प्रबंधन ने बंद कर दिया है उसे शीघ्र चालू करें।जिलाधिकारी से मिलने के बाद पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने कहा की डीएम साहब ने मजदूरों की बात को गंभीरता से सुना है, साथ ही उन्होंने मजदूरों के द्वारा दिए गए ज्ञापन के आलोक में एनटीपीसी प्रबंधन से जवाब तलब किया है। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी प्रबंधन थर्मल पावर के अंदर मजदूरों के साथ बड़े पैमाने पर भेदभाव कर रही है। जब मजदूर अपने वाजिब मांग को लेकर खड़ा होते हैं तो उन्हें सुविधा मुहैया कराने के बजाय उन पर दमनात्मक कार्रवाई करती है। जो बेहद चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि बीते 1 नवंबर को मजदूरों के साथ हुए समझौता को प्रबंधन शीघ्र लागू करें , नहीं तो प्रबंधन के मनमानी के खिलाफ हम बड़ी लड़ाई लड़ने को मजबूर होंगे। जिलाधिकारी से मिलने गए प्रतिनिधिमंडल में नीरज कुमार सिंह, अखिलेश शाह , निर्मल कुमार , रोहित कुमार, आलोक कुमार, अंकित कुमार, सुनील कुमार, कमलेश कुमार ,राहुल कुमार, रणधीर कुमार आदि प्रमुख थे

## बेनीपुर क्षेत्र के योजनाओं का भी मुख्यमंत्री करेंगे शिलान्यास : प्रो विनय चौधरी

प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रगति यात्रा के दौरान बेनीपुर विधानसभा क्षेत्र में भी नव वर्ष का सौगात विकास का एक नया अध्याय लिखेगा।बेनीपुर विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी ने ये जानकारी दी। कहा कि वर्ष 2025 के शुभारंभ में नई सौगात किसानों के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्र विकास के नए अध्याय की शुरूआत होगी। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 11 जनवरी को दरभंगा आगमन के दौरान न केवल जिले में लगभग 200 योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे बल्कि बेनीपुर विधानसभा के तीन बड़ी परियोजनाओं का घोषणा की जा सकती है। 90 के दशक में ध्वस्त हुए धेरुख पुरानी कमला नदी में नये वीयर का निर्माण होगी ।जिससे धेरुख, नंदापट्टी, बलहा ,बेनीपुर, पोहद्दी के साथ-साथ कई गांव को सिंचाई का सुलभ साधन उपलब्ध होगा साथ ही नदी पार करने के लिए भी आवागमन सुलभ होगी।दूसरी ओर प्रखंड क्षेत्र के कौशर एवं सिसैला चौर जो सैकड़ो एकड़ भूमि आजादी से लेकर आज तक जल जमाव के कारण अनुपयोगी बना हुआ था। वैसे तो उसमें कई बार बड़े-बड़े विकास योजनाओं के लिए स्थल चयन की प्रक्रिया पूरी की गई लेकिन जल जमाव के कारण और लो लैंड बताकर उसे खारिज किया जाता रहा।इन दोनों चौर के मध्य ड्रेनेज निर्माण का स्वीकृति देकर मुख्यमंत्री न केवल हजारों एकड़ भूमि को जल जमाव से मुक्ति दिलाएंगे बल्कि विकास की एक नई रूपरेखा तय होगी।इधर वैसे तो स्थानीय विधायक चौधरी के भागीरथी प्रयास से कई सभागार बेनीपुर कपूरी सभा भवन का जीर्णोद्धार ,मिथिला महिला महाविद्यालय में बेनीपुर के पूर्व जन प्रतिनिधि एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय विनोदानंद झा के नाम पर सभागार का निर्माण के साथ-साथ बहेड़ी में पूर्व कृषि मंत्री एवं बेनीपुर के प्रतिनिधि पंडित हरिनाथ मिश्र के नाम पर सभागार का निर्माण किया गया था लेकिन क्षेत्र और क्षेत्रफल के हिसाब से वह सभागार पर्याप्त नहीं था ।जिसे देखते हुए500 सीटिंग का एक भव्य सभागार (प्रेक्षागृह ) का निर्माण किया जाना है जो सामाजिक कार्यकताओं के लिए बड़े-बड़े आयोजनों के लिएआकर्षण का केंद्र बनेंगे ।जो की बेनीपुर विधानसभा के विकास की गाथा में एक नए अध्याय की शुरूआत मानी जाएगी

## मोहनपुर पैक्स अध्यक्ष बहादुर यादव ने पूर्व पैक्स अध्यक्ष पर मनमानी का लगाया आरोप

प्रात : किरण संवाददाता

लक्ष्मीपुर/जमुई। लक्ष्मीपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मोहनपुर पैक्स अध्यक्ष बहादुर यादव ने जमुई जिला सहकारिता पदाधिकारी को आवेदन देकर पूर्व पैक्स अध्यक्ष पर अवैध ढंग से अपने चहेते आदमी को प्रबंधक प्रतिनियुक्त करने की शिकायत की है। उन्होंने लिखा है कि 1 दिसंबर 2024 को मोहनपुर पैक्स से अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुआ हूं। पूर्व पैक्स अध्यक्ष चुनाव हार जाने के बाद मेरा कार्य अवरूद्ध करने की मंशा से अपने चहेते को अवैध ढंग से प्रबंधक बना दिया गया। जब मेरी नई प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक दिनांक 7 दिसंबर 2024 को पूर्व से कार्य करते आ रहे प्रबंधक जयप्रकाश यादव के साथ प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी के समक्ष हुआ एवं हस्ताक्षर सत्यापित होकर बैंक गया तो मेरा कार्य अवरूद्ध करने की नियत से बैंक एवं विभाग को एक लिखित आवेदन प्रबंधक विकाश कुमार यादव, ग्राम पंचायत मटिया के नाम से दिया गया है। पूर्व पैक्स अध्यक्ष द्वारा मनगढ़ंत जाल-साज का प्रभार सूची उसी को सौंप दिया गया है, जबकि चुनाव के लिए तैयार अहिम पैक्स मतदाता सूची पर प्रबंधक जयप्रकाश यादव का हस्ताक्षर है। मोहनपुर पैक्स अध्यक्ष बहादुर यादव ने आवेदन में लिखा है कि मुझे प्रतीत होता है कि बड़े पैमाने पर मोहनपुर पैक्स में गड़बड़ी किया गया है एवं कृषि यंत्र, ट्रेक्टर वगैरह हड़पने की मंशा से ये सब जाल-साज करके अवैध ढंग से प्रबंधक बनाया गया है। सरकार का महत्वकांक्षी योजना बाधित है। उन्होंने पदाधिकारी से जांचापरांत कठोर कार्रवाई करते कार्य प्रारंभ करवाने का आग्रह किया है। इसके साथ ही आवेदन की प्रतिलिपि जमुई जिलाधिकारी, सहकारिता विभाग के मुंगेर प्रबंध निदेशक एवं लक्ष्मीपुर के प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी को भी दी गई है।

## ग्राम कचहरी सचिव व न्यायमित्र के रिक्त पदों पर 15 से होगा ऑनलाइन आवेदन

### विभूतिपुर में ग्राम कचहरी सचिव के 7 पद रिक्त

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत विभिन्न ग्राम कचहरी में ग्राम कचहरी सचिव व न्याय मित्र के रिक्त पदों पर नियोजन हेतु आगामी 15 जनवरी से ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन देने की अंतिम तिथि 29 जनवरी निर्धारित की गई है। आवेदन पत्रों की स्कूटनी मेधा अंकों के आधार पर 30 जनवरी से 7 फरवरी तक होगी। नियोजन समिति के सदस्य सचिव द्वारा इसे अनुमोदन करने की कार्रवाई 8 फरवरी से 13 फरवरी तक निर्धारित की गई है। अनुमोदित मेधा सूची को ग्राम कचहरी के सूचना पट एवं प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शित कर 15 फरवरी से 1 मार्च तक आपत्ति लिए जाएंगे। आपत्तियों का निराकरण एवं पुनः स्वच्छ पैनल तैयार करने हेतु बीडीओ के समक्ष अनुमोदन हेतु 3 मार्च से 10 मार्च तक की तिथि निर्धारित की गई है। नियोजन पत्र निर्गत करने हेतु 11 मार्च से 18 मार्च तक की तिथि तय की गई है। इस संबंध में निदेशक आनंद शर्मा ने सभी जिला पंचायती राज पदाधिकारी को पत्र निर्गत किया है। निदेशक के पत्र के आलोक में जिला समाहरणालय समस्तीपुर पंचायती प्रशाखा द्वारा भी पत्र निर्गत कर सभी सरपंच, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, सभी कार्यपालक पदाधिकारी, पंचायत समिति सह प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं कार्रवाई हेतु पत्र के आलोक में पत्र निर्गत किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विभूतिपुर प्रखंड के ग्राम कचहरी कल्याणपुर उत्तर में ग्राम कचहरी सचिव पद अत्यंत पिछड़ा वर्ग, इसी प्रकार चोरा टभका में अनारक्षित महिला, भूसवर में पिछड़ा वर्ग, विभूतिपुर उत्तर में अनारक्षित, महथी उत्तर में अनुसूचित जाति महिला, सिंघिया बुजुर्ग दक्षिण में अनारक्षित और कल्याणपुर दक्षिण में भी ग्राम कचहरी सचिव के लिए अत्यंत पिछड़ा वर्ग महिला की सीट रिक्त बतायी गई है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, शुक्रवार, 10 जनवरी, 2025



## संक्षिप्त खबरें

### एक व्यक्ति के साथ पड़ोसियों ने की मारपीट

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के तेतरियाटांड़ गांव घर के पास सड़क बनवा रहे एक व्यक्ति के साथ पड़ोस के ही कुछ लोगों के द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया गया। घायल की पहचान चंदन कुमार के रूप में हुई। अस्पताल में इलाज के बाद घायल ने बताया कि अपने घर के पास सड़क बनवा रहा था कि तभी चंचल कुमार और उसके घर के लोग सड़क निर्माण का कार्य रुकवाते हुए विवाद करना शुरू कर दिया जिसे रोकने की कोशिश की तो वे लोग मारपीट करने लगा।

### 10 जनवरी को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया जाएगा

हवेली खडगपुर (कोर्ट)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हरि शाखा दृष्टि भागलपुर के द्वारा 10 जनवरी,2025 दिन शुक्रवार को नि शुल्क नेत्र जांच शिविर प्राचीन काली मंदिर के प्रांगण में लगाया जाएगा। इस की जानकारी व्यवस्थापक मनोज कुमार रघु ने प्रेस को दिया है। उन्होंने कहा कि सुबह 10 बजे से 2 बजे तक आंखों की जांच की जाएगी। शिविर के व्यवस्थापक श्री रघु ने बताया कि डॉक्टरों की टीम के द्वारा नेत्र का जांच किया जाएगा, जिस रोगी के नेत्र में मोतियाबिंद पाया जाएगा। उसका निःशुल्क नेत्र का ऑपरेशन हरि शाखा दृष्टि अस्पताल भागलपुर में किया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए सभी सीओ और बीसीओ से की समीक्षात्मक बैठक

● धान अधिप्राप्ति को लेकर दिये सख्त निर्देश




प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने गुरुवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में 11:00 बजे पूर्वाहन में राजस्व कार्यों तथा धान अधिप्राप्ति को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिले के सभी अंचलाधिकारियों, प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में ऑनलाइन दाखिल-खारिज, परिमार्जन प्लस, ई-मापी, अभियान बसेरा-टू, आरसीएमएस, एग्री सेन्सस फेज-टू, भू-समाधान, न्यायालय वाद जैसे कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। उपरान्त उन्होंने अंचलाधिकारी झाझा, खैरा, अलीगंज और सोनो को 75 दिनों से अधिक लंबित मामलों को जल्द निपटाने या त्वरित निष्पादन करने के लिए निर्देश दिया। साथ ही जिलाधिकारी महोदया ने सभी अंचलाधिकारी को निर्देशित किया कि वैसे वाद जो समय सीमा से बाहर हैं उसे चार दिनों के अंदर शीघ्र निपटाएं । अलावा इसके दाखिल खारिज में 4 जनवरी 2025 तक निष्पादित प्रतिशत 96.91 था, जो बढ़कर 8 जनवरी 2025 तक 97.10% किया गया है ' जिलाधिकारी महोदया ने परिमार्जन प्लस को लेकर अंचल अधिकारी झाझा जमुई तथा सिकंदरा को लंबित मामलों को एक सप्ताह के अंदर जल्द निपटाने या त्वरित निष्पादन करने के लिए निर्देश दिया । परिमार्जन प्लस में 4 जनवरी 2025 तक निष्पादित प्रतिशत 31.28 था, जो बढ़कर 8 जनवरी 2025 तक 35.66% किया गया है ' जिलाधिकारी महोदया ने अभियान बसेरा- 2 में भी लैंड अलाउटेड प्रतिशत 4 जनवरी 2025 तक निष्पादित प्रतिशत 46% था, जो बढ़कर 8 जनवरी 2025 तक 55% किया गया है ' जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिक से अधिक सर्वेक्षक वास विहीन परिवारों को लैंड अलाउट करने का निर्देश दिया गया ' वहीं आधार सीडिंग मामले में 4 जनवरी 2025 तक निष्पादित प्रतिशत 82% था, जो बढ़कर 8 जनवरी 2025 तक 88% किया गया है । जहां भू लगान पिछले 4 दिनों में 39.71 प्रतिशत से बढ़कर 40.08% हुआ है ' जिसे लेकर जिलाधिकारी महोदया ने विभागीय लक्ष्य के अनुरूप भू लगान वसूली का निर्देश दिया गया। ई-मापी से सम्बंधित लंबित मामलों को जल्द निपटाने या त्वरित निष्पादन करने के लिए निर्देश दिया ' आगे उन्होंने सभी राजस्व कर्मचारियों को अपने लॉग-इन में लंबित आवेदनों का ससमय निर्वहन करने के लिए निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी महोदया ने धान अधिप्राप्ति वर्ष 2024-25 एवं बिहार राज्य फसल सहायता योजना रबी 2023-24 एवं खरीफ 2023 से सम्बंधित समीक्षा बैठक में बरहट, गिद्धौर एवं लक्ष्मीपुर प्रखंड के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को यथाशीघ्र धान अधिप्राप्ति में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया ' साथ ही उन्होंने कहा कि जिन समितियां का 40 प्रतिशत कैश क्रेडिट सीमा खत्म हो गई है, वो गोदाम का भौतिक सत्यापन करते हुए 60% कैश क्रेडिट ऋण की अनुशंसा जिला सहकारिता पदाधिकारी जमुई के माध्यम से प्रबंध निदेशक, दी मुंगेर जमुई सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड मुंगेर को भेजते हुए ससमय शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने का निदेश दिया ' वही प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी चकाई को बिहार राज्य फसल सहायता योजना खरीफ 2023 तथा प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी झाझा गिद्धौर खैर एवं सिकंदरा को बिहार राज्य फसल सहायता योजना रबी 2023 -24 में ऑनलाइन द्वारा सत्यापन तीन दिनों के अंदर शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया गया । उन्होंने कहा कि जुड़े कामों में देरी पर कड़ी फटकार लगायी । मौके पर अपर समाहर्ता सुभाषचंद्र मंडल अनुमंडल पदाधिकारी अभय कुमार तिवारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहें ।

## ठंड में कोल्ड डायरिया से पीड़ित औसत 20 प्रतिशत से अधिक बच्चे अस्पताल आ रहे



प्रात : किरण, संवाददाता

गिद्धौर। ठंड के मौसम में वातावरण में आर्द्रता बढ़ जाती है। इससे वायरल संक्रमण बढ़ने लगता है। फिलहाल मौसम कुछ ऐसा ही बना हुआ है। जो खासकर बच्चों को संक्रमित कर सकता है। गिद्धौर दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित डॉक्टर प्रदीप कुमार की मानें तो कोल्ड डायरिया वायरस का ही संक्रमण है,जो ऐसे मौसम में पनपता है। हाल के दिनों में बढी हुई ठंड के चलते औसत 20% से अधिक बच्चों इस संक्रमण से ग्रसित आ रहे हैं। हालांकि यह संक्रमण तीन से चार दिनों में स्वतः सामान्य होने लगता है। इस बीच विशेष देखभाल की जरूरत होती है। आशा अपने पोषक क्षेत्रों में शून्य से लेकर 5 साल तक के बच्चों के बीच ओआरएस को लेकर जागरूक करेंगी। हाल के दिनों में तेजी से मौसम में बदलाव हुआ है।ठंड बढ़ी है। ऐसे में डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है। खास तौर पर बच्चे इसकी जद में जल्द आ जाते हैं। शिशु मृत्यु का यह एक बड़ा कारण भी बताया गया है। कुपोषित बच्चों में डायरिया की संभावना रहती है। जिससे तेजी से शरीर का डिहाइड्रेशन होता है। स्वास्थ्य जानकारों का कहना है कि मौसम में हो रहे बदलाव के बीच डायरिया का होना उन सबसे सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। जिनसे बच्चे तो बच्चे,बड़े भी पीड़ित हो सकते हैं। डायरिया के कारण बच्चों में अत्यधिक निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) होने से समस्याएं बढ़ जाती है। कुशल प्रबंधन के अभाव में यह जानलेवा भी हो जाता है।

## खेती-बाड़ी : दिन रात के तापमान में लगातार गिरावट ठंड ने भी अपना असर दिखना किया शुरू

प्रात : किरण, संवाददाता



● बढ़ती ठंड से रवि फसल को पहुंचा रहा है लाभ

गिद्धौर। प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामाधार चौधरी ने बताया कि गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के इलाकों में किसानों ने 100% रवि की फसलों की बुआई कर दी है।खेतों में अंकुरण से हरियाली नजर आने लगी है। दिन-रात के तापमान में लगातार गिरावट हो रही है और ठंड ने भी अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। खेतों में अब हरा भरे पौधे दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि किसान खेतों में पहला पटबन दे रहे हैं, हालांकि इस समय तक हर साल कुछ छोटे अहार,नदी,तलाब सूख जाते थे,लेकिन इस बार अक्टूबर माह में हुई बारिश का लाभ जनवरी के शुरूआती दिनों में किसानों को मिल रहा है।किसानों ने रवि सीजन में गेहूं,सरसों,चने की बुआई की थी। खेतों में अंकुरण के साथ हरियाली छाने लगी है।ठंड के कारण रवि फसलों में वृद्धि देखने को मिल रहा है।साथ ही दूसरे पटवन का इंतजार है। जनवरी के पहले दिन से ही कड़ाके की ठंड पड़ने के साथ फसलों को भी लाभ मिल रहा है। जबकि अब तक खाद यूरिया व रासायनिक उर्वरता को लेकर किसान समिति और दुकानदारों के चक्कर काट रहा है। किसान दरोगी पासवान,मनोज यादव,अर्जुन यादव ने बताया कि सर्द मौसम में बनी रहती है नमी पत्तियों पर जमी ओस से पौधे कुछ मात्रा में पानी अवशोषित करते हैं। हालांकि बड़ी मात्रा में उन्हें जड़ों से पानी मिलता है,लेकिन ओस से अवशोषित पानी से पौधों में नमी बनी रहती है। रवि की फसलों का स्वभाव नामी में अच्छी बढ़ोतरी करने का होता है। ऐसे में तेज तापमान होने पर फसलों पर अच्छा असर नहीं पड़ता। पत्तियां जल्दी मुरझाने लगती है। साथ ही उन पर पीलापन आने लगता है,इससे पैदावार प्रभावित होती है। 100फीसदी हो चुकी है क्षेत्र में बुआई प्रखंड कृषि पदाधिकारी,गिद्धौर रामाधार चौधरी ने बताया कि गेहूं की तरह सर्द मौसम चने के लिए भी अच्छा साबित हो रहा है। कृषि विभाग के अनुसार इससे चने में झल्लियां नहीं होगी। ज्यादा ठंड होने पर झल्लियां अपने आप ही खत्म हो जाती है। कृषि पदाधिकारी का कहना है कि रवि सीजन के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किया गया था,उसे आंकड़े को हम छूने वाले हैं। अभी तक तकरीबन 95 से 100 फीसदी तक क्षेत्र में बुआई हो चुकी है। उन्होंने बताया कि पूरे प्रखंड में गेहूं लगाने का जो लक्ष्य था जो लगभग 100% बुआई हो गई है,इसी तरह सरसों एवं चना भी 100% बुआई हो गई है।

## नामजद दो अभियुक्तों के घरों पर हुई कुर्की जब्ती की कार्रवाई



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] दो अलग अलग मामले में न्यायालय में आत्मसमर्पण नही करने वाले फरार चल रहे नामजद अभियुक्तों के घरों पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुर्की जब्ती किया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि थानाक्षेत्र के दो नामजद अभियुक्तों का न्यायालय में आत्मसमर्पण नही हो रहा था जिसके बाद न्यायालय के द्वारा दोनो नामजद अभियुक्तों के घरों की कुर्की जब्ती का आदेश मिला जिसके तहत पुअनि कुंज बिहारी , पुअनि नंदन कुमार, मुकेश सिंह एवं अन्य पुलिस बल के द्वारा हरना गांव निवासी सुधीर यादव जो अलग अलग कई कांडों में नामजद है और वह लंबे समय से फरार चल रहा था उसके घर पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की गई तो दूसरा नगरक्षेत्र के गांधी चौक के पास रहने वाले कार्तिक बरनवाल जो पारिवारिक मामले में नामजद था और वह लंबे समय से फरार चल रहा था उसके घर पर भी कुर्की जब्ती की कार्रवाई पुलिस के द्वारा की गई। दोनो फरार नामजद अभियुक्तों के परिजनों को यह निर्देश दिया गया कि नामजद अभियुक्त को न्यायालय में आत्मसमर्पण करवाए साथ ही साथ परिजनों को यह भी कहा गया कि अगर अभियुक्तों की आत्मसमर्पण नही करवाने में कोई भी मदद करेगा तो उसपर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एक चोर और कबाड़खाना के संचालक को रेलवे सामग्री की चोरी मामले में आरपीएफ ने किया गिरफ्तार

● कबाड़ खाना की तलाशी लेने पर बरामद हुआ चोरी की सामग्री



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] आरपीएफ ने वाशिंग पिट लाइन से पेन्ड्रॉल क्लिप व लाइनर खोल कर चोरी करने के मामले में एक चोर और चोरी की सामग्री खरीदारी करने वाले कबाड़खाना के मालिक को किया गिरफ्तार। दरअसल संजय कुमार सिंह वरीय प्रशाखा अभियंता (रेल पथ) झाझा के द्वारा आरपीएफ को सूचना दिया गया कि झाझा एनपीओ वाशिंग पिट लाईन से पेंड्रोल क्लिप व लाईनर खोल कर चोरी कर लिया गया है ' सूचना मिलने पर सत्यापन व छानबीन हेतु प्रभारी निरीक्षक अनीता कुमारी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मुकेश कुमार, एएसआई राजेंद्र कुमार उपाध्याय, प्रधान आरक्षी पप्पू यादव व आरक्षी घनश्याम सिंह यादव सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट झाझा का एक टीम बना गया। प्रभारी निरीक्षक सहित गठित टीम घटनास्थल एनपीओ वाशिंग पिट लाइन किलोमीटर संख्या 367/6 - 10 के पास पहुंचा तो देखा कि उक्त किमी के बीच वाशिंग पिट लाइन से 47 अदद रेलवे का पेंड्रोल क्लिप व 28 अदद लोहे का लाइनर गायब था ' बाद आस पास के इलाके में उक्त चोरित रेल संपत्ति का खोजबीन किया जा रहा था तभी देखा गया कि घटनास्थल के उत्तर तरफ करीब 100 मीटर दूर झाड़ी में कुछ हलचल होता दिखाई दिया ' झाड़ी में जाकर देखा तो पाया कि एक युवक एक सफेद बोरी में कुछ बजनी सामान उठाकर ले जा रहा था ' उक्त व्यक्ति को पकड़ा गया तथा बोरी को खोल कर देखा गया तो उसमें रेलवे का 12 अदद पेंड्रोल क्लिप व 7 अदद लोहे का लाइनर मिला ' पूछ ताछ करने पर उसने अपना नाम अयान खान साकिन खलासी मुहल्ला बताया। पूछताछ में युवक ने कबूलनामा बताते रेलवे की सामग्री रेलवे यार्ड के पास के रेलवे लाईन से खोला था और पास के झाड़ी में छुपा कर रख दिया था तथा थोड़ा - थोड़ा कर दो बार पुरानी बाजार झाझा स्थित विजयकांत झा के कबाड़ दूकान में 20 रुपया प्रति किलो के दर से बेचा हूं और इस बचे हुए लोहे को भी अभी उसी कबाड़ दूकान में बेचने जा रहा था कार्रवाई करते हुए आरपीएफ की टीम ने पकड़े गए युवक के निशानदेही पर पुरानी बाजार झाझा स्थित विजयकांत झा के कबाड़ दुकान पहुंचे तथा दुकान पर बैठे संचालक को गिरफ्तार किया गया और कबाड़ दुकान में खोजबीन किया गया तो एक सफेद बोरी में 35 अदद रेलवे के लोहे का पेंड्रोल क्लिप व 21 अदद लोहे का लाइनर बरामद हुआ ' आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही। बरामद रेलवे संपत्ति का अनुमानित मूल्य 2104 बताया गया है।

## राज्य में पीएम पोषण योजना में गड़बड़ी 394 प्रधानाध्यापक पर विभागीय कार्रवाई

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर) । मुंगेर सहित बिहार के 394 प्रधानाध्यापकों पर पीएम पोषण योजना में भारी अनियमितता पकड़े जाने के बाद विभागीय कार्रवाई जहां चल रही है वहीं विभाग ने 5 करोड़ 93 लाख 39 हजार 754 रुपए वसूली किए हैं मध्यान्ह भोजन निर्देशक कार्यालय पटना सूत्रों के अनुसार निदेशक मध्यान भोजन विनायक मिश्रा ने बिहार के सभी डी ई ओ एवं डीपीओ स्थापना तथा डीपीओ एमडीएम को पत्र भेजकर इस राशि की वसूली करते हुए एम आई एस में डाटा अपडेट करने का निर्देश दिया है सूत्र ने बताया कि स्कूल निरीक्षण के दौरान टीम को स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति और एमडीएम के भरे जाने वाले आंकड़े में लगातार अंतर मिल रहा था इसके बाद निदेशालय ने आरोपित राशि का सत प्रतिशत वसूली संबंधित स्कूलों से कराए जाने का निर्देश दिया है राशि जमा करने में कोताही किए जाने पर संबंधित स्कूल के प्रधानाध्यापक पर विभागीय कार्रवाई का स्पष्ट निर्देश दिया गया है सूत्रों ने बताया की मुंगेर 19 लाख 34168 जमुई 19 लाख 16882 रुपए कटिहार 571 0260 गोपालगंज 1236000 534 रुपए किशनगंज 561625 लखीसराय 22 लाख 89 हजार 726 मधेपुरा 63 लाख 36 हजार 77 मधुबनी 35 लाख 79188 मुजफ्फरपुर 48 लाख 510 125 पटना 4 लाख 5180 पूर्णिया 21 लाख 54 642 पूर्वी चंपारण 18 लाख 18 741 रोहतास 8 57 9 86 सहरसा 54 लाख 29984 समस्तीपुर 70 लाख 9316 सारण 10 लाख 8434 शेखपुरा 537468 सुपौल 10 लाख 58000 733 गया 15 लाख 8524 दरभंगा 564 253 भागलपुर 30 लाख 93477 बेगूसराय 40 लाख 97 6060 बांका 41 लाख 79515 औरंगाबाद 12 लाख 91650 अरवल 12 लाख 29 हजार 221 अररिया 76 लाख 15446 खगड़िया 50 लाख 66561 सूत्र ने बताया कि पूरे प्रदेश में के स्कूलों में 10 करोड़ 70 लाख 74 हजार 33 रुपए की और अनियमितता हुई है।

## एचएमपीवी वायरस बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरनाक : डॉ.गौरी शंकर

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुईः-एचएमपीवी एक नया वायरस आजकल संपूर्ण देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। इसे भी कोरोना वायरस की तरह खतरनाक माना जा रहा है। इस पर चिंता व्यक्त करते हुए केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गौरी शंकर पासवान ने कहा कि कोविड-19 के बाद फिर चीनी वायरस एचएमपीवी हिंदुस्तान में दस्तक दे चुका है. आज के वैश्विक युग में वैज्ञानिक प्रगति और तकनीकी विकास के साथ-साथ नए वायरस का उभरना मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण चुनौती बनता जा रहा है। ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (लटढश) एक ऐसा वायरस है, जो श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है. यह वायरस विशेष कर बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्यून सिस्टम वाले व्यक्ति के लिए काफी खतरनाक है। इसका सामान्य लक्षण सर्दी, बुखार, गले में खराश, नाक बहना और सांस लेने में कठिनाई बताया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों और बुजुर्गों पर अधिक केयर करने की आवश्यकता है। बच्चों की हंसी बचानी है, एचएमपीवी को भगानी है। बचाव इलाज से बेहतर है। अपना बचाव करो और अपनों का जीवन बचाओ। सावधानी और जागरूकता ही सुरक्षा है। कहते हैं कि रात लंबी है पर बीतेगी, सावधानी हर मुश्किल जीतेगी। एचएमपीवी वायरस खांसी जुकाम से कहीं आगे की बीमारी है। इस वायरस के फैलाव को रोकने के लिए अपने चेहरे अर्थात आंख, नाक मुंह को स्पर्श करने से बचना चाहिए। प्रो पासवान ने कहा कि ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस जैसे नई चुनौती का सामना अनुशासन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सावधानी के माध्यम से कर सकते हैं। सभी को ऐसे संकट का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा। यह वायरस कर्नाटक के बेंगलुरु में बच्चों में फैला है। अहमदाबाद में बच्चे में एचएमपीवी संक्रमण की पुष्टि हुई है। चीन में एचएमपीवी वायरस का काफी प्रसार हो चुका है। कॉविड-19 भी चीन से ही आया था। और अब एचएमपीवी वायरस चीन से भारत में आ चुका है। इसलिए सावधानी एवं सतर्कता की जरूरत है। चीन वायरस का हब बन चुका है। लगता है वहां के नागरिकों में इम्यून सिस्टम ही दम तोड़ चुका है। वरिष्ठ अधिवक्ता श्री प्रभात कुमार भगत, रामचंद्र रवि,श्री मुरारी झा ने कहा कि नया वायरस एचएमपीवी को कमतर नहीं समझना चाहिए। क्योंकि एचएमपीवी वायरस और कोरोना वायरस के लक्षण करीब- करीब समान हैं। उन्होंने कहा कि एचएमपी वायरस संक्रमित व्यक्ति की छींके या खांसी से निकली बूंदों,करीबी संपर्क और दूषित सतहों को छूने के बाद मुंह, आंख, नाक छूने से फैलता है। अतः संक्रमित क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने की आवश्यकता है. बचाव के तरीके और उपायों की बारे में जागरूक करने की जरूरत है। प्रो. संजीव कुमार सिंह, प्रो. आनंद कुमार सिंह , वरिष्ठ शिक्षक श्री दिनेश मंडल, शिक्षक बसंत झा एवं शिक्षक श्री मंटू पासवान ने कहा कि एचएमपीवी वायरस से बचाव के लिए सामाजिक जागरूकता आवश्यक है. सभी का कर्तव्य है कि इस वायरस के बारे में सही जानकारी प्राप्त करें और दूसरों तक पहुंचाएं . सामूहिक प्रयास ही वायरस को फैलने से रोक सकते हैं। कर्नाटक, तमिल नाडु, चेन्नई, गुजरात और पश्चिम बंगाल में इस वायरस की पुष्टि हो चुकी है। जमुई जिला सहित संपूर्ण बिहार के आम नागरिकों को इससे सतर्क रहने की सख्त आवश्यकता है। घर के शिशु बच्चों और वृद्ध लोगों पर ध्यान देना अपरिहार्य हो गया है।

## जन सुराज के सूत्र धार प्रशांत किशोर के लिए कार्यकर्ता ने हवन ज्ञय किया



प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। बिहार सरकार के पुलिसिया जुल्म के शिकार जनसुराज के सूत्रधार प्रणेता प्रशांत किशोर के मंगल स्वास्थ्य लाभ के लिए गुरुवार के दिन जमालपुर मारवाड़ी धर्मशाला अवस्थित श्री श्री 108 महामाया शक्ति धाम में मां दुर्गा के श्री चरणों में हवन पूजन कार्यक्रम कर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस में सभी जन सुराज के कार्यकर्ता ने माता भगवती से करोड़ों बिहारियों की उम्मीदों के आखिरी किरण एवं छात्रों के सबसे बुलंद आवाज के प्रतीक प्रशांत किशोर के लिए सबलता और दीघार्यु जीवन प्रदान करने की प्रार्थना किए। इस मौके पर राज्य परिषद सदस्य रोहित सिन्हा ,अनुमंडल युवा अध्यक्ष राकेश गोप जमालपुर नगर परिषद के डिप्टी चेयर मैन अंजलि कुमारी संघर्षशील जन सुराज के साथी राकेश कुशवाहा आशीष कुमार वकील साहब,मंटू मंडल शिवम मस्करा,दीपू,वरीय जनसुराजी नेता भवेश पासवान ,युवा नेता ऋतु राज बसंत ,जन सुराज के संस्थापक सदस्य डॉक्टर सुमन रजा सर,मुंगेर अनुमंडल अध्यक्ष अनितेश,दिलीप मंडल ,विजय कुमार सहित दर्जनों कायकर्ता मौजूद थे।

## दो बाइक की आमने सामने भिड़ंत में पांच लोग जख्मी

मुंगेर।धरहरा थाना क्षेत्र के जसीडीह मुरकट्टास्थान के पास गुरुवार को दो बाइक की आमने सामने भिड़ंत में पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना की सूचना मिलते ही धरहरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जख्मी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरहरा में भर्ती कराया। जखमी मे दो की स्थिति नाजुक बनी हुई है। चिकित्सक ने उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मुंगेर रेफर कर दिया । जख्मी लोगों में तीन अभयपुर पीरी बाजार थाना क्षेत्र के चौकरा भगतपुर निवासी राजेंद्र पासवान का 32 वर्षीय पुत्र टोनी कुमार , मनियारचक निवासी मनोज सदा की पुत्री निशा कुमारी तथा प्रकाश सदा की पुत्री आरती कुमारी तथा धरहरा थाना क्षेत्र के मानगढ़ निवासी स्वर्गीय सोमेन्द्र कुमार का 14 वर्षीय पुत्र प्रियांशु कुमार तथा सच्चिदानन्द सिंह का 30 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार शामिल हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि एक बाइक पर सवार तीन लोग टोनी पासवान,निशा तथा आरती बसौनी से धरहरा की ओर आ रहे थे। वहीं दूसरे बाइक से मनीष एवं प्रियांशु धरहरा से बसौनी की ओर जा रहा था। अचानक मुरकट्टास्थान बड़ी पुल के पास दोनों मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर हो गई जिसमें दोनों बाइक सवार लोग जख्मी हो गए।

## ग्रामीण चिकित्सा सेवा समन्वयक समिति ने किया नव वर्ष मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम आयोजित

● सेवा ही मानव धर्म है आपकी एकता ही हमारी ताकत है : डॉ इकबाल



प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर ।गुरुवार को सदर प्रखंड अंतर्गत ऐतिहासिक धरोहर सीता कुंड में ग्रामीण चिकित्सक सेवा समन्वय समिति एवं जदयू चिकित्सा प्रकोष्ठ की ओर से एक भव्य वनभोज एवं नव वर्ष मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ इकबाल ने किया तथा संचालन काम किया। समारोह का मुख्य उद्देश्य संगठन की मजबुती एवं विषयवर पर विचार प्रकट किया गया साथ ही ग्रामीणों के लिए विशेष मुफ्त चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए योजना बनाई गई। इस अवसर पर मुंगेर जिला के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं प्रखंड के ग्रामीण चिकित्सा गण उपस्थित हुए डॉ इकबाल ने कहा की देश की आत्मा गांव में निवास करती है और ग्रामीण जनता की प्रारंभिक समुचित सेवा ग्रामीण चिकित्सक के द्वारा हर समय पर प्रदान की जाती है। सेवा ही मानव धर्म है अतः सरकार को ग्रामीण चिकित्सकों को खुल कर प्रारंभिक सेवा प्रदान करने का अवसर प्रदान किया जाए। जिला सचिव डॉ० योग्रेद्र ने कहा की हम सभी ग्रामीण चिकित्सक एक जुट होकर इसी तरह अपने कर्तव्य का निवाहन करते रहे। जिला कोषाध्यक्ष डॉ० सूर्य नारायण यादव ने कहा कि आने वाले समय में भी इसी तरह हमलोग एकजुट होकर काम करेंगे। जिससे आने वाले भावी चिकित्सकों को प्रेरणा मिल सके। जिला कानुनी सलाहकार अधिवक्ता शाहिद इकबाल ने कहा की ग्रामीण चिकित्सा सेवा में ग्रामीण चिकित्सकों का बड़ा योगदान है। और सरकार को इनके उज्वल भविष्य पर सोचना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुंगेर इमरजेंसी हॉस्पिटल, पी एस एस हॉस्पिटल, जगत जननी हॉस्पिटल, डायरेक्टर डॉ बीके शर्मा ने उपस्थित ग्रामीण चिकित्सकों का स्वागत करते हुए कहा की आप लोग एकजुट के साथ रहे तभी अपनी मंजिल को पास सकेंगे और अपने कार्य से अपने क्षेत्र में अपना नाम रोशन करें। जिला उपाध्यक्ष डॉ रमाकांत जी, जिला मीडिया प्रभारी अमित कुमार जी, सदर प्रखंड अध्यक्ष डॉ रंजन जी, सदर प्रखंड उपाध्यक्ष डॉ रिंकू , डॉ संजय कुमार, डॉ विपिन भारती सदर प्रखंड सचिव डॉ हरेराम सैकड़ौ ग्रामीण चिकित्सक उपस्थित थे।

## हवेली खड़गपुर में दो वाहन दुर्घटना और एक नदी में डूबने से एक की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर(मुंगेर) खड़गपुर अनुमंडल क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थान पर वाहन दुर्घटनाओं में आठ लोगों के जख्मी होने तथा एक व्यक्ति के नदी में डूबने से मौत की सूचना मिली है पुलिस सूत्रों ने बताया कि गंगटा थाना क्षेत्र के भीम बांध से पिकनिक मना कर लौट रहे भलुआ कोल गांव के राजीव कुमार सिंह स्कॉर्पियो के पलट जाने से घायल हो गया सीआरपीएफ जवानों ने खड़गपुर अस्पताल में उसे भर्ती कराया दो अन्य को साधारण चोटे आई थी दूसरी घटना सूरज मंदिर के समीप ऑटो पलटने से भलुआ कोल निवासी धर्मराज कुमार पंडित गंभीर रूप से जख्मी हो गया वहीं चार अन्य व्यक्ति मामूली रूप से जख्मी हुए । जिसे इलाज प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई खड़गपुर थाना क्षेत्र के प्रसंडो गांव के 65 वर्षी राजेंद्र ठाकुर उर्फ गुड्डू ठाकुर की नदी में डूबने से मौत हो गई । थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर भेज दिया। परिजनों ने बताया कि राजेंद्र ठाकुर शौच के लिए नदी के किनारे गया हुआ था जहां नदी में पैर फिसल जाने के कारण वह गहरे पानी में डूब गया और उसकी मौत हो गई काफी समय तक जब वह घर वापस नहीं आया तो परिजनों ने उसकी आसपास काफी खोजबीन की खोजबीन के क्रम में जब परिजन और ग्रामीण नदी के समीप पहुंचे तो देखा की नदी में एक व्यक्ति का शव है आनन फानन में परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाला वहीं घटना की सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गई।

## प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगा शिविर, पंचायतवासियो की सुनी गई समस्या

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] जिलाधिकारी के द्वारा अभिलाषा शर्मा के आदेशानुसार चलाये जा रहे प्रसाशन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रखंड क्षेत्र बलियाडीह पंचायत में शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन बीडीओ रविजी, पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मोइम अंसारी के द्वारा फीता काटकर किया गया। शिविर में आवास, राशनकार्ड, पेंशन, सहित अन्य चीजों के लिए अलग अलग अलग काउंटर बनाया गया। जिसमें पंचायतवासियों ने अपनी अपनी समस्या को लेकर आवेदन दिया और मौजूद विभाग के पदाधिकारी से समस्या के समाधान किये जाने की गुहार लगाया। बीडीओ ने उपस्थित पंचायतवासियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूर्व में लोग प्रखंड कार्यालय आकर अपनी अपनी समस्या को रखते थे लेकिन जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के आदेशानुसार अब हर पंचायत में शिविर लगाकर लोगों की समस्या सुनी जा रही है इसका अर्थ है कि पदाधिकारी आपके गांव में आपके पास आकर समस्या सुन रहे है और समाधान भी कर रहे है। बीडीओ ने बताया कि शिविर में 200 से भी आवेदन पंचायतवासियो के द्वारा अपनी अपनी समस्या को लेकर दिया है। जिसमे आवास, राशनकार्ड से जुड़ी समस्या अधिक रहा। पंचायतवासियो कि जो भी समस्या है उसका निष्पादन भी किया जा रहा है इससे जल्द ही समस्या का समाधान हो रहा है। शिविर में अलग अलग विभाग के पदाधिकारी, पंचायत के जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## जल संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाती जल सहेलियां

वर्तमान में भारत गहरे जल संकट के दौर से गुजर रहा है। भूजल स्तर निरंतर गिरता जा रहा है, नदियाँ सूखने की कगार पर हैं और तालाबों पर अतिक्रमण हो रहा है। पिछले कई वर्षों से पानी की प्रति व्यक्ति उपलब्धता में निरंतर गिरावट आ रही है। जल संसाधनों के अंधाधुंध और अव्यवस्थित उपयोग के परिणामस्वरूप, जल संकट बढ़ता जा रहा है। यह संकट न केवल पर्यावरणीय संकट बन चुका है, बल्कि हमारे लिए भविष्य की चिंता का सबब है। इसे समझा है बुंदेलखंड की महिलाओं ने और अब वे जल सहेलियां बनकर जल संरक्षण के लिए तैयार हो चुकी हैं। अनुमानों के मुताबिक 2021 में सालाना प्रति व्यक्ति पानी की उपलब्धता 1, 486 क्यूबिक मीटर थी जो 2031 तक और गिरकर 1, 367 क्यूबिक मीटर होने वाली है ये आंकड़ा डरावना है जो पानी की उपलब्धता के मामले में वैश्विक औसत 5, 500 क्यूबिक मीटर प्रति व्यक्ति से काफी कम है। यह गंभीर जल संकट की तरफ संकेत देता है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक भारत में पानी की मांग इसकी आपूर्ति की तुलना में दोगुनी हो जाएगी। तेजी से बढ़ते आर्थिक विकास, शहरीकरण, जनसंख्या वृद्धि और जीवनशैली में बदलाव के कारण पानी की मांग विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ेगी। भारत में 70 फीसदी जल का उपयोग कृषि क्षेत्र में होता है, लेकिन हमारी जल उपयोग दक्षता अंतर्राष्ट्रीय मानकों की तुलना में बहुत कम (लगभग 30-35प्रतिशत) है। यदि जल उपयोग दक्षता में तेजी से सुधार किया जाए और जल बचाया जाए, तो यह पानी घरेलू क्षेत्रों में उपलब्ध कराया जा सकेगा। बुंदेलखंड में नदियों एवं जल स्त्रोतों की स्थिति बुंदेलखंड, जो उत्तर और मध्य भारत के एक हिस्से के रूप में जाना जाता है, यह उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के 7-7 जिलों से मिलकर बना है। बुन्देलखण्ड पानी के गंभीर संकट से जूझ रहा है। यहाँ जल की उपलब्धता अत्यधिक कम है, और पानी के स्त्रोत सूखते जा रहे हैं। जो नदियाँ आज से दो दशक पहले 8 से 10 महीने प्रवाहमान रहती थी और लोगों की जीविकोपार्जन का साधन हुआ करती थी, अब वही सूखी नदियाँ आज इस बात की गवाही दे रही हैं कि मानव द्वारा सुनियोजित खनन से इन नदियों का प्राकृतिक प्रवाह और जीवन चक्र पूरी तरह से प्रभावित हुआ। बुन्देलखण्ड की दुर्दशा का सबसे प्रमुख कारण इस इलाके की जल संरचनाओं का जीर्णशीर्ण होना, छोटी नदियों का सूखना, तालाबों का अतिक्रमित होना एवं वन क्षेत्र का घटना है। जिससे जल संकट भी बढ़ा है। छोटी नदियाँ मृतप्राय हो चुकी हैं या होने के कगार पर हैं। गोपाल सिंह बताते है -ह्वप्राकृतिक स्त्रोतों के अंधाधुंध दोहन से नदियाँ सूखने लगी हैं। जब छोटी नदियाँ मरती हैं तो बड़ी नदियों के अस्तित्व पर गहरा प्रभाव पड़ता है, उनका पारिस्थितिक प्रवाह भी कम होने लगता है जो आने वाले समय में गंभीर जल संकट की ओर आगाह कर रहा है। नदी किनारे बसे किसान, कुम्हार, मछुआरे, ढीमर जैसे लोग इन नदियों से अपनी आजीविका चलाते थे, लेकिन अब नदी के जल स्तर में कमी आने के कारण उनकी स्थिति भी बिगड़ गई है। इससे न केवल जल संकट बढ़ा है, बल्कि पलायन भी एक गंभीर समस्या बन गई है। इसके अलावा बुंदेलखंड क्षेत्र में चंदेल कालीन तालाबों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिनका निर्माण 9वीं से 12वीं शताब्दी के बीच हुआ था। चंदेल राजाओं ने जल संरक्षण को प्राथमिकता दी थी और जल प्रबंधन के तहत कई हजारों तालाबों का निर्माण किया था। इन तालाबों का निर्माण विशेष रूप से जल संरक्षण के उद्देश्य से किया गया था। तालाबों के चारों ओर पहाड़, मिट्टी के टीले या प्राकृतिक चट्टानों का सहारा लिया गया था, जिससे पानी तीन दिशाओं से संरक्षित हो सके। लेकिन समय के साथ, जैसे-जैसे जनसंख्या बढ़ी और औद्योगिकीकरण हुआ, इन तालाबों की स्थिति बिगड़ गई। अब, पानी की प्रबंधन की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। कई तालाबों में गाद और सिल्ट जमा हो गया है, जिससे जल संग्रहण की क्षमता घट गई है। इसके अतिरिक्त, तालाबों के आसपास अतिक्रमण होने से जल धारा अवरुद्ध हो गई है। आज के समय में बुंदेलखंड में 2000 से अधिक चंदेल कालीन तालाब हैं, लेकिन इनमें से केवल 500 तालाब ही उपयोगी हैं। इन तालाबों की संरचनाएँ कमजोर हो गई हैं, जिससे जल संरक्षण की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। इसके साथ ही, तालाबों का क्षेत्र भी कम हो रहा है, क्योंकि वे अतिक्रमण का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में गांवों में रहने वाली महिलाएं आगे आई हैं। उन्होंने परमार्थ समाज सेवी संस्थान की पहल पर एक समूह बनाया है, जिसका नाम है जल सहेली समूह।

## कितना सही है राष्ट्रगान पर विवाद खड़ा करना...

तमिलनाडु राज्यपाल आर.एन. रवि के तमिलनाडु विधानसभा से अपना पारंपरिक सम्बोधन दिए बिना चले गए। राज्यपाल का प्रस्थान उनके निर्धारित सम्बोधन से पहले राष्ट्रगान नहीं बजाए जाने के विरोध में था, जिसे वे आवश्यक मानते थे। तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि ने विधानसभा में साल के पहले सत्र का उद्घाटन भाषण दिए बिना ही सदन से वॉकआउट कर दिया। उन्होंने कहा कि उनके भाषण से पहले राष्ट्रगान नहीं बजाया गया। पिछले साल भी उन्होंने अपना अभिभाषण पढ़ने से इनकार कर दिया था। तमिलनाडु विधानसभा में राज्य गान सबसे पहले होता है। सत्र की शुरूआत राज्य गान, तमिल थाई वाझथु और अंत में राष्ट्रगान बजाने से होती है। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद राष्ट्रगान बजाया जाता है। यह प्रथा जुलाई 1991 से चली आ रही है, जिसे जयललिता के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान शुरू किया गया था। इससे पहले, राज्यपाल बिना किसी राष्ट्रगान के अपना अभिभाषण देते थे। राज्यपाल आर.एन. रवि ने अपना अभिभाषण दिए बिना विधानसभा से यह कहते हुए वॉकआउट कर दिया कि उनके आगमन पर केवल राज्य गान बजाया गया था, राष्ट्रगान नहीं। उन्होंने कहा कि यह संविधान और राष्ट्रगान दोनों का अपमान है। नागालैंड में दशकों तक विधानसभा में राष्ट्रगान नहीं बजाया गया था और फरवरी 2021 में आर.एन. रवि के राज्यपाल के रूप में कार्यकाल के दौरान ही इसे पेश किया गया था। त्रिपुरा में विधानसभा में पहली बार मार्च 2018 में राष्ट्रगान बजाया गया था। अन्य राज्यों की विधानसभाएँ राष्ट्रगान बजाने के लिए सख्त प्रोटोकॉल का पालन नहीं करती हैं। राष्ट्रगान का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य बताया गया है। हालांकि, यह विशिष्ट अवसरों पर इसे गाना या बजाना अनिवार्य नहीं बनाता है। संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान राष्ट्रगान तब बजाया जाता है जब राष्ट्रपति मंच पर पहुँचते हैं। अभिभाषण के दौरानराष्ट्रपति मुद्रित अभिभाषण पढ़ते हैं, उसके बाद यदि आवश्यक हो तो दूसरा संस्करण पढ़ते हैं, जिसे राज्यसभा के सभापति पढ़ते हैं। अभिभाषण के बादराष्ट्रपति के हॉल से जाने से पहले फिर से राष्ट्रगान बजाया जाता है। भारत का संविधान राष्ट्रगान के सम्मान के बारे में मौलिक कर्तव्यों के तहत अनुच्छेद 51 (ए) (ए) प्रत्येक नागरिक को संविधान का पालन करने और राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज और अन्य राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान करने का आदेश देता है। गृह मंत्रालय के आदेश उन अवसरों को निर्दिष्ट करते हैं जब राष्ट्रगान बजाया जाना चाहिए, जैसे कि नागरिक और सैन्य अलंकरण, परेड, राष्ट्रपति या राज्यपाल के आगमन/प्रस्थान और औपचारिक राज्य समारोहों के दौरान राष्ट्रगान बजाने के बारे में निर्दिष्ट किया गया है? विशेष अवसरों पर राष्ट्रगान को पूरा बजाया जाना चाहिए। नागरिक और सैन्य निवेश के दौरान। जब राष्ट्रपति या राज्यपाल को राष्ट्रीय सलामी दी जाती है। परेड के दौरान, राष्ट्रीय ध्वज फहराने या रेजिमेंटल रंग प्रस्तुतियों के दौरान। राष्ट्रपति के औपचारिक राज्य समारोहों से आने या जाने पर। ऑल इंडिया रेडियो पर राष्ट्र के नाम राष्ट्रपति के सम्बोधन से पहले और बाद में। न्यायालयों ने देखा है कि राष्ट्रगान सम्मान का हकदार है, लेकिन सभी अवसरों पर इसका गाना या बजाना अनिवार्य नहीं है जब तक कि स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट न किया जाए। उदाहरण के लिए, सिनेमा स्क्रीनिंग के दौरान, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि राष्ट्रगान बजाना अनिवार्य नहीं है, बल्कि इसे प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम, 1971 के तहत राष्ट्रगान का जानबूझकर अपमान या अवमानना करने पर 3 साल तक की कैद, जुमार्ना या दोनों का प्रावधान है।

# सिरफिरे ट्रूडो तो गए, क्या अब भारत- कनाडा संबंध सुधरेंगे

**भारत मानता है कि निज्जर एक घोर आतंकवादी था। वह पंजाब में 2007 के सिनेमाघर बम विस्फोट और 2009 में सिख नेता रुलदा सिंह की हत्या में शामिल था। भारत के बार-बार अनुरोधों पर भी खालिस्तानियों को प्रत्यर्पित करने में कनाडा की विफलता ने इस धारणा को बढ़ावा दिया है कि कनाडा में भारत विरोधी ताकतों को खाद-पानी मिल रहा है। जस्टिन ट्रूडो साल 2018 में भारत यात्रा पर आए थे। वे अमृतसर से लेकर आगरा और मुंबई से लेकर अहमदाबाद का दौरा करने के बाद जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिले तो मोदी जी ने कायदे से बता दिया था कि भारत धर्म के नाम पर कट्टरता तथा अपनी एकता, अखंडता और संप्रभुता के साथ समझौता नहीं करेगा।**





**डॉ. आर.के. सिन्हा**
(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

राजनयिक मयार्दाओं और अंतरराष्ट्रीय मयार्दाओं को ताक पर रखने वाले और खालिस्तानी समर्थक कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सत्ताधारी लिबरल पार्टी के नेता पद और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है या उन्हें ऐसा करने पर मजबूर कर दिया गया। ट्रूडो एक नंबर के गैर-जिम्मेदार प्रधानमंत्री के रूप में याद रखे जाएंगे। वे खुलकर खालिस्तानी तत्वों का समर्थन करने के अलावा भारत के आतंरिक मामलों में भी लगातार हस्तक्षेप करते रहे। ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता का बिना किसी सबूत के बेशर्मी से आरोप भी लगाया। ट्रूडो के प्रधानमंत्रित्व काल में कनाडा में खालिस्तानी तत्व अति सक्रिय हो गए और खुलकर भारत विरोधी उत्पात मचाया। ये भारत को फिर से खालिस्तान आंदोलन की आग में झोंकना चाहते थे। कनाडा की ओंटारियो विधानसभा ने 2017 में 1984 के सिख विरोधी दंगों को सिख नरसंहार और सिखों का राज्य प्रायोजित कत्लेआम करार देने वाला एक प्रस्ताव भी पारित किया था। ये सब गंभीर आरोप के मामले थे। इस तरह की हरकतों से साफ था कि कनाडा में भारत के शत्रुओं को ट्रूडो सरकार का खुला समर्थन मिला हुआ था। कनाडा में खालिस्तानियों के जड़े जमाने का सबसे पहले सुबूत मिला था कनिष्क विमान हादसे के रूप में। मांट्रियाल से नई दिल्ली जा रहे एयर इंडिया के विमान कनिष्क को 23 जून 1985 को आयरिश हवाई क्षेत्र में उड़ते समय, 9,400 मीटर कीऊंचाई पर, बम से उड़ा दिया गया था और वह अटलांटिक महासागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उस भयानक हादसे में 329 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकांश भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक ही थे। ट्रूडो को भारत सरकार ने बार-बार कहा कि वे अपने देश में खालिस्तानियों को कसे। पर मजाल है कि ट्रूडो ने कोई इस संबंध में कोई कदम उठाया हो। भारत-कनाडा संबंधों ने सितंबर 2023 में गंभीर मोड़ ले लिया था, जब ट्रूडो ने दावा किया था कि कनाडाई सुरक्षा एजेंसियों के पास भारतीय सरकार के एजेंटों को निज्जर की हत्या से जोड़ने वाले विश्वसनीय सुबूत हैं। भारत ने उन दावों को बेतुका और राजनीति से प्रेरित बताया था। भारत मानता है कि निज्जर एक घोर आतंकवादी था। वह पंजाब में 2007 के सिनेमाघर बम विस्फोट और 2009 में सिख नेता रुलदा सिंह की हत्या में शामिल था। भारत के बार-बार अनुरोधों पर भी खालिस्तानियों को प्रत्यर्पित करने में कनाडा की विफलता ने इस धारणा को बढ़ावा दिया है कि कनाडा में भारत विरोधी ताकतों को खाद-पानी मिल रहा है। जस्टिन ट्रूडो साल 2018 में भारत यात्रा पर आए थे। वे अमृतसर से लेकर आगरा और मुंबई से लेकर अहमदाबाद का दौरा करने के बाद जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिले तो मोदी जी ने कायदे से बता दिया था कि भारत धर्म के नाम पर कट्टरता तथा अपनी एकता, अखंडता और संप्रभुता के साथ समझौता नहीं करेगा। कनाडा में ट्रूडो की सरकार हिन्दुओं के हित सुरक्षित रखने में पूरी तरह से नाकाम रही। वहां पर मंदिरों को लगातार निशाना बनाया जाता रहा। कनाडा में मंदिरों पर हमलों की घटनाओं में आमतौर पर मंदिरों में तोड़फोड़, धार्मिक प्रतीकों को नुकसान पहुंचाना या स्प्रे पेंट करना शामिल होता है। कुछ मामलों में, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली सामग्री भी लिखी गई है। जाहिर है, कनाडा में हिंदू समुदाय इन हमलों से गंभीर रूप से चिंतित है। वे सरकार से इन हमलों की जांच करने और दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने की मांग कर रहे हैं। कनाडा सरकार ने इन हमलों की औपचारिक निंदा तो की है और कहा है कि वह धर्म के आधार पर किसी भी प्रकार के भेदभाव को बर्दाश्त नहीं करेगी। लेकिन, कोई भी दोषी पकड़े नहीं गए। ये किसी को बताने की जरूरत नहीं है कि हमलों के पीछे खालिस्तानी शामिल थे। कहने को कनाडा एक बहुसांस्कृतिक देश है। सरकार सभी धर्मों के लोगों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध बताई जाती है। पर हकीकत में ट्रूडो के काल में वहां की सरकार खुलकर भारत और हिन्दू विरोधी बनकर उभरी। आपको याद होगा कि ट्रूडो भारत के किसानों के हित में बेवजह बयानबाजी करने लगे थे। जब किसानों ने अपनी मांगों के हक में दिल्ली में डेरा जमाया हुआ था तब ट्रूडो भारतीय किसानों के पक्ष में बोल रहे थे। इस मामले में ट्रूडो को बोलने का हक किसने दिया था। ट्रूडो कह रहे थे कि ह्लकनाडा दुनिया में कहीं भी किसानों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकारों की रक्षा के लिए खड़ा रहेगा।ह्व क्या कनाडा को हमारे घरेलू मामलों में हस्तक्षेप करने का किसीने अधिकार दिया था? एक बात साफ है कि किसी देश को दूसरे देश के आंतरिक मामलों में तभी बोलना चाहिए जब मानवाधिकारों का हनन हो रहा हो। सभी देशों को मानवाधिकारों की रक्षा करने की जिम्मेदारी है और जब कोई देश ऐसा करने में विफल रहता है, तो अन्य देशों को हस्तक्षेप करने का अधिकार है। अगर बात मानवाधिकारों से हटकर हो तो किसी देश को दूसरे देश के आंतरिक मामलों में कभी भी नहीं बोलना चाहिए। प्रत्येक देश को अपनी सरकार चुनने का अधिकार है और अन्य देशों को इस चुनाव में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। उम्मीद है कि कनाडा में ट्रूडो की विदाई के बाद दोनों देशों के रिश्ते फिर से पटरी पर आने लगेंगे।भारत और कनाडा के बीच संबंधों का पुराना इतिहास है। कनाडा ने 1947 में भारत की स्वतंत्रता को मान्यता दी और दोनों देशों ने 1947 में ही आपसी राजनयिक संबंध स्थापित किए। दोनों देश राष्ट्रमंडल के सदस्य हैं और साझा मूल्यों और लोकतांत्रिक सिद्धांतों को साझा करते हैं। भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि हुई है, जिसमें ऊर्जा, कृषि, प्रौद्योगिकी और सेवाओं जैसे क्षेत्र शामिल हैं। दोनों देश व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर भी बातचीत कर रहे हैं , ताकि व्यापार और निवेश को और बढ़ावा दिया जा सके। इसके अलावा, कनाडा में भारतीय छात्रों की एक बड़ी संख्या है, और दोनों देशों के बीच शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ रहा है। दोनों देशों के बीच विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार और अनुसंधान में सहयोग बढ़ रहा है। दोनों देश संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जलवायु परिवर्तन, सतत विकास और वैश्विक स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर सहयोग करते हैं। ऐसी स्थिति में आपसी तनावपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देना तो दोनों देशों के लिये नुकसानदायक ही होगा।

# एक देश एक चुनाव : राष्ट्र की आवश्यकता

**छठी और अंतिम बात यह है कि एक देश एक चुनाव कोई अनूठा प्रयोग नहीं है कि इसका विरोध किया जाए, बल्कि इस प्रकार की प्रथा शुरुआती चार चुनावों में अपनाई जाती रही है। इसलिए जो भी दल इसकी व्यावहारिकता को लेकर संशय या विरोध जताते हैं उन्हें सन 1952, 1957, 1962 और 1967 के आम चुनावों को जरूर याद करना चाहिए, जिसमें लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ करवाए गये थे। हाल ही में जब 18वीं लोकसभा चुनावों के साथ ओडिशा, आंध्र प्रदेश, सिक्किम और अरुणाचल के विधानसभा चुनाव हुए हैं तो फिर बाकी राज्यों के क्यों नहीं हो सकते?**



**गिरिराज सिंह**
केंद्रीय कपड़ा मंत्री,भारत सरकार




एक देश एक चुनाव पर बनी उच्च स्तरीय कमिटी की सिफारिशों को केन्द्रीय केबिनेट ने मंजूर कर लिया है। हमारी सरकार की इच्छा अगले पांच वर्षों में इसे सारे देश में लागू करने की है। यह कोई राजनैतिक मुद्दा नहीं बल्कि राष्ट्र की महती आवश्यकता है। यह बात कानून एवं कार्मिक मामलों की स्थायी संसदीय समिति की रिपोर्ट 2015 में भी उजागर हुई है। इस पर नीति आयोग, विधि आयोग व चुनाव आयोग की पहल भी होती रही है। राष्ट्रपति के अभिभाषण से लेकर प्रधानमंत्री के अनेक वक्तव्यों में भी यह मुद्दा चर्चा के केंद्र में रहा है। ह्यएक देश एक चुनावह्ण की संभावनाओं पर विचार करने हेतु पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी की अध्यक्षता में गठित आठ सदस्यीय समिति ने भी इस पर अपनी संस्तुति प्रदान की है, जिसे हमारी सरकार ने मान लिया है। हालाँकि इस प्रस्ताव का बीजारोपण सर्वप्रथम 1983 ई. में चुनाव आयोग ने किया था जिसे उस समय की सरकार ने निरस्त कर दिया था। फिर 1999 ई. में लॉ कमीशन ने इसका सुझाव दिया जिसपर 2002 में बाजपेयी सरकार द्वारा गठित संविधान समीक्षा आयोग या वेंकटचलईया समिति ने इसका व्यापक समर्थन किया। आगे 2014 में हमारी सरकार के सत्ता में आने के बाद यह मुद्दा चर्चा के केंद्र में आया जिसकी पूणार्हुति है पूर्व राष्ट्रपति कोविंद जी ने नेतृत्व में बनी आठ सदस्यीय समिति की संस्तुति और इसपर केन्द्रीय केबिनेट की मंजूरी। एक देश एक चुनाव क्या है? किसी भी जीवंत लोकतंत्र में चुनाव एक आवश्यक प्रक्रिया है। भारत जैसे विशाल देश में अबाध चुनावी प्रक्रिया सम्पन्न कराना हमेशा से एक टेढ़ी खीर रहा है। लोकसभा और राज्यों के विधानसभाओं के चुनाव का कोई नियत समय नहीं होता है। यह सांसदों और विधायकों के विश्वास मत और सरकार की मंशा के अधीन होता है।इसके अलावे पंचायत और नगर पालिकाओं के चुनाव को भी यदि इसमें शामिल कर लिया जाए तो ऐसा लगता है जैसे देश एक चुनावी दुश्चक्र में फंस गया हो। इससे न केवल प्रशासनिक और नीतिगत निर्णय प्रभावित होते हैं, बल्कि राष्ट्रीय संपत्ति और जनता के पैसों का भी नुकसान होता है। इसलिए नीति निर्धारकों का यह विचार है कि क्यों न लोकसभा, विधान सभाओं और पंचायत व नगरपालिकाओं के चुनाव साथ-साथ करवाएं जाएँ। इस प्रकार ह्यएक देश एक चुनावह्ण लोकसभा और विधानसभाओं तथा स्थानीय निकायों के चुनावों को साथ-साथ करवाये जाने का वैचारिक उपक्रम है। इस संदर्भ में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी की अध्यक्षता में बनी उच्च स्तरीय समिति की सिफारिश है कि चुनाव दो चरणों में कराए जाएं। पहले चरण में लोकसभा और राज्य विधान सभाओं के चुनाव कराएं जाएं तथा दूसरे चरण में नगरपालिकाओं और पंचायतों के चुनाव हों। इन्हें पहले चरण के चुनावों के साथ इस तरह से कॉर्डिनेट किया जाए कि लोकसभा और विधानसभा के चुनाव के सौ दिनों के भीतर इन्हें पूरा किया जाए। इसके लिए कुछ विधानसभाओं के कार्यकाल में कटौती करनी होगी और कुछ के कार्यकाल में विस्तार करना होगा। एक देश एक चुनाव के मुद्दे पर इस उच्च स्तरीय समिति ने कुल 47 राजनैतिक दलों से बातचीत की। इसमें कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों समेत केवल 15 दलों ने विरोध जताया जबकि 32 दलों ने इस पर अपनी सहमति प्रदान की। लेकिन सवाल उठता है कि यह एक देश एक चुनाव इतना आवश्यक क्यों है? एक देश एक चुनाव आवश्यक क्यों? चुनावों की बारंबारता के कारण बार-बार आदर्श आचार सहिंता यानी मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट लगाना पड़ता है। इससे सरकार आवश्यक नीतिगत निर्णय नहीं ले पाती है और विभिन्न योजनाओं-परियोजनाओं की गतिविधियाँ प्रभावित होती है। यहाँ बताते चलें कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद सत्ताधारी दल, मंत्रियों या लोक प्राधिकारियों द्वारा किसी नियुक्ति प्रक्रिया, परियोजना की घोषणा, वित्तीय मंजूरी या नई स्कीमों आदि की शुरूआत की मनाही रहती है। जिससे सत्ताधारी दल को चुनाव में अतिरिक्त लाभ न मिले। लेकिन भारत में चुनावों की अधिकता-बारंबारता के कारण यह कई बार आवश्यक विकासत्मक परियोजनाओं को भी रोक देता है जिससे विकास बाधित होता है। यदि देश में एक ही बार लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव संपादित किये जाएँ तो अधिकतम तीन महीने ही आदर्श आचार संहिता लागू रहेगी, बांकी के चार साल नौ महीनें तो निर्बाध रूप से विकासात्मक परियोजनाओं को संचालित किया जा सकता है। अतः देश को विकास के पथ पर तीव्रता से अग्रसर करने हेतु वन नेशन वन इलेक्शन आवश्यक है। एक देश एक चुनाव के पक्ष में दूसरा प्रमुख तर्क यह है कि इससे चुनावों पर होने वाले भारी खर्च में कमी आएगी और राष्ट्रीय कोष में वृद्धि होगी। दिनों-दिन चुनावी व्यय में होने वाली वृद्धि इस बात का सबूत है कि चुनावों में बढ़ता बेतहाशा खर्च देश की आर्थिक सेहत के लिए नुकसानदेह है। ज्ञात हो कि 1952 के प्रथम आम चुनाव में जहाँ मात्र 10 करोड़ रुपए खर्च हुए थे वहीं 2009 के आम चुनाव में 11 सौ करोड़ रुपए खर्च किये गये और 2014 के चुनाव में यह चुनावी व्यय बढ़कर लगभग 4 हजार करोड़ रुपए हो गया। हद तो तब हो गई कि 2019 के आम चुनाव का खर्च विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार 55 से 60 हजार करोड़ रुपए बताया जा रहा है। वहीं कई मीडिया रिपोर्ट्स का यह दावा है कि 2024 के आम चुनाव का कुल खर्चा लगभग 1.35 लाख करोड़ है जो कि जो कि पुरे विश्व के किसी भी देश की चुनावी खर्चे में सर्वाधिक है। एक आकलन के मुताबिक पांच सालों में देश में होने वाले समस्त चुनावों यथा लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकायों के चुनावों का कुल खर्चा यदि जोड़ा जाए तो यह लगभग 2.5 से तीन लाख करोड़ रुपए होगा। अतः इसे कम करने के लिए एक देश एक चुनाव का विचार सर्वोत्तम है।

# कृषि संकट से जूझते बीकानेर के किसान

रक्षा शर्मा

राजस्थान के रेगिस्तानी क्षेत्र में स्थित बीकानेर अपनी विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों के कारण कृषि के लिए सदैव एक चुनौती रहा है. यहां के किसान जो कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपनी मेहनत और साहस से अपनी आजीविका चलाते हैं, आज आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं. उनकी सबसे बड़ी समस्या खेतों में सिंचाई के लिए पानी की कमी है. रेगिस्तानी क्षेत्र होने के कारण पहले से ही पानी की सीमित मात्रा का सामना कर रहे इन किसानों के सामने अप्रत्याशित बारिश समस्या बनती जा रही है. लगातार बदलते पर्यावरण के कारण मानसून की बारिश असमय होने लगी है, जिसका सीधा असर खेती पर पड़ रहा है. सिंचाई की जरूरत के समय वर्षा के न होने से सूखे की स्थिति बनती जा रही है. जिससे न केवल फसल की पैदावार कम हो रही है बल्कि मिट्टी की उर्वरता भी प्रभावित हुई है. इसके कारण बीकानेर के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों की तरह लूणकरणसर स्थित राजपुरिया गांव के किसान भी लगातार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं. उन्हें लागत से कम पैदावार होने की वजह से खेती किसानी में घाटा हो रहा है। इस संबंध में 37 वर्षीय किसान संतोष कहते हैं कि ह्लउर्वरक, बीज और अन्य कृषि सामानों की आसमान छूती कीमतें किसानों के लिए एक और चुनौती बन गई हैं. हम जैसे छोटे स्तर के किसान, जिनके पास पहले से ही सीमित संसाधन हैं, लगातार कर्ज के बोझ से दबे हुए हैं. सब्सिडी की कमी और बाजार में कम कीमत पर उपज ने हमारी बिक्री को प्रभावित किया है। वहीं बीकानेर में रेतीले तूफान और अप्रत्याशित गर्मी की लहरों ने समस्या को और भी अधिक जटिल बना दिया है. इसकी वजह से फसलों को नुकसान तो हो ही रहा है, साथ ही पशुओं के लिए भी चारे की कमी एक गंभीर समस्या के रूप में सामने आ रही है, जिसका किसानों की आर्थिक स्थिति पर लगातार नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। एक अन्य किसान 58 वर्षीय भंवर सिंह कहते हैं कि ह्यअब खेती किसानी में कोई लाभ नहीं मिल रहा है. इसमें पूरा श्रम लगाने के बावजूद घाटा हो रहा है. उदाहरण के तौर पर कभी तूफान तो कभी ओलावृष्टि से फसलें खराब हो जाती हैं. कई बार पानी की कमी के कारण भी किसानों की फसल खराब हो रही है. जिन किसानों के खेत इंदिरा नहर के आस-पास हैं उन्हें सिंचाई के लिए कोई समस्या नहीं है और उनकी फसल भी अच्छी हो रही है, लेकिन जिन किसानों के खेत नहर से काफी दूर हैं उन्हें सिंचाई के लिए कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. उन्हें सिंचाई के लिए पंप की व्यवस्था करनी होती है, जिससे एक दिन का किराया और डीजल मिलाकर लागत काफी बढ़ जाती है। वहीं 53 वर्षीय सुनीता कहती हैं कि ह्यरेगीस्तानी क्षेत्र में खेती करना बहुत चुनौतीपूर्ण होता है. समय से पानी नहीं मिलने से सब्जियां और अनाज नहीं उगाया जा सकता है. इसलिए हमारे यहां के अधिकांश लोग वर्षा आधारित रेगिस्तानी खेती करते हैं, वे अन्य किसानों की तरह सभी प्रकार की फसलें उगाने में असमर्थ हैं. इन किसानों के लिए पानी, यूरिया और अन्य उर्वरक खाद को आसानी से प्राप्त करने में बहुत समस्या आती है. जो उन्हें उचित मूल्य एवं समय पर उपलब्ध नहीं हो पाता है. सुनीता के अनुसार यहां की आबादी हजार के आसपास होगी. लेकिन गांव के बहुत कम लोग सरकारी नौकरियों में हैं, अधिकांश खेती किसानी करते हैं और उनकी आर्थिक स्थिति भी काफी कमजोर है. वह कहती हैं कि कृषि में लगातार होते घाटे के कारण अब यहां के किसान अपने बच्चों को अन्य रोजगार अपनाने की सलाह देते हैं ताकि उन्हें भूख से मरना न पड़े। राजपुरिया की 40 वर्षीय राजलक्ष्मी बताती हैं कि उनके पति दिन-रात मेहनत करके खेती कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं, लेकिन पानी की समस्या के कारण उनकी सारी मेहनत बेकार हो जाती है. समय पर सिंचाई नहीं होने के कारण फसल सूख जाती है. पहले समय पर मानसून आने के कारण इसकी समस्या नहीं आती थी लेकिन अब बेमौसम बारिश या जरूरत के वक्त सूखा पड़ जाने से फसल खराब हो जा रही है. अगर इस समस्या का समाधान हो जाए तो उनकी सारी मेहनत सफल हो जाएगी. वहीं 43 वर्षीय किसान संतोष राजपुरिया कहते हैं कि उनकी सारी खेती वर्षा के पानी पर निर्भर करता है. जिसे स्थानीय भाषा में बिरानी कहा जाता है. लेकिन अब यह बहुत कम हो गया है क्योंकि या तो कभी समय पर वर्षा नहीं होती है तो कभी ओलावृष्टि से तैयार फसल तबाह हो जाती है। एक अन्य किसान राजाराम कहते हैं कि बहुत सी ऐसी फसलें है जिसके लिए पानी की बहुत अधिक मात्रा की जरूरत नहीं होती है। ऐसी फसलें आर्थिक रूप से कमजोर किसानों के लिए लाभदायक सिद्ध हो सकता है।

# मुख्यमंत्री के द्वारा भ्रमण किए गए गांवों का जिला पदाधिकारी ने लिया जायजा

■ जिलाधिकारी ने बगहा-02 प्रखंड के संतपुर सोहरिया पंचायत अंतर्गत घोठवा टोला पहुंच क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं का जाना हाल

प्रात: किरण, संवाददाता



बेतिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा पश्चिम चम्पारण जिले में प्रगति यात्रा के दौरान भ्रमण किए गए गांव ह्यघोठवा टोलाह्न का जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय द्वारा जायजा लिया गया। जिला पदाधिकारी ने 08 जनवरी की संध्या बगहा-02 प्रखंड के संतपुर सोहरिया पंचायत अंतर्गत थारू टोला घोठवा ग्राम पहुंच कर क्रियान्वित योजनाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

उन्होंने भ्रमण के क्रम में उपस्थित जिले के अन्य पदाधिकारियों तथा विभिन्न प्रखंड विकास पदाधिकारियों को भी इसी प्रकार से गांव का चयन करते हुए चरणबद्ध तरीके से योजनाओं का क्रियान्वयन कराने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिले के सभी एसडीएम, बीडीओ, सीओ सहित अन्य पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत गांवों को विकसित कराने, ग्रामीणों की सुविधाओं के मद्देनजर आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कराने, उनके लिए घर, शौचालय, नाली, सड़क आदि की व्यवस्था तथा सरकार की तमाम योजनाओं को अमली-जामा पहुंचाने हेतु पूरी संजीदगी के साथ लग जायें।

उन्होंने कहा कि एक समय था जब इस ग्राम की दशा-दिशा बहुत ही खराब थी। लोगों को बाढ़ के समय में काफी खराब स्थिति से गुजरना पड़ता था। उसके लिए छलका का निर्माण कराया गया। समूचे गांव को नल-जल, गली-नाली, सोलर स्ट्रीट लाइट, डब्लू०पी०यू०, मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना इत्यादि से आच्छादित कराया गया है।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार घोठवा टोला के ग्रामीणों को सरकारी सुविधाओं से लाभान्वित किया गया है, उसी प्रकार जिले के सभी गांवों को भी सरकारी सुविधाओं से आच्छादित करने का लक्ष्य रखकर ठोस रणनीति बनाकर कार्य करें।

ज्ञातव्य हो कि 23 दिसंबर 2024 को माननीय मुख्यमंत्री, बिहार, श्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के दौरान पश्चिम चम्पारण जिले के बगहा-02 प्रखंड के संतपुर सोहरिया पंचायत अंतर्गत थारू टोला घोठवा में ग्राम भ्रमण एवं विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास, लोकार्पण और अवलोकन किये थे। माननीय मुख्यमंत्री ने घोठवा टोला से ही प्रगति यात्रा की शुरूआत की थी।

उक्त के परिप्रेक्ष्य में जिला पदाधिकारी द्वारा स्वयं क्रियान्वित योजनाओं का हाल जाना गया। साथ ही ग्रामीणों से फीडबैक भी लिया गया। विभिन्न विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित ग्रामीण सरकार एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद दिए। उन्होंने कहा कि सरकार एवं जिला प्रशासन इसी तरह गांवों का विकास करें।

जिला पदाधिकारी द्वारा गांव में भ्रमण किया गया। साथ ही ग्रामीणों को पार्क, डब्लू०पी०यू०, जल मीनार, छलका इत्यादि का समुचित तरीके से प्रबंधन करने और स्वयं से जागरूक होकर रख-रखाव करने की अपील की गई, ताकि समाज में अच्छा संदेश जाए।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बगहा सुशांत कुमार सरोज, उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, बगहा गौरव कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बगहा कुमार देवेन्द्र, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार सहित विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत हुई जाँच, स्वास्थ्य केंद्रों पर उमड़ी महिलाओं की भीड़

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया। पश्चिमी चंपारण जिले के बेतिया, सिकटा, पिपरासी पीएचसी समेत अनुमण्डलीय अस्पताल बगहा एवं नरकटियागंज में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत गर्भवती व धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गयी। इस दौरान महिलाओं की वजन, बीपी, एचआईवी, ब्लड शुगर, एफएचएस की जाँच एएनएम व स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा की गयी। जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य व सुरक्षित गर्भावस्था के लिए चिकित्सकों द्वारा सलाह दी गयी। वहीं आयरन और कैल्शियम की गोली का वितरण भी किया गया। जिले के कमलनाथ तिवारी अनुमण्डलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ ए के तिवारी ने बताया कि इतनी ठंढ के वावजूद अनुमण्डलीय अस्पताल बगहा में 138 महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। डॉ तिवारी ने बताया कि हाई रिस्क प्रेग्नेंसी से बचने के लिए गर्भावस्था के दौरान कम से कम 4 बार जाँच जरूर करवाना चाहिए। समय से जाँच कराने पर तय समय में एनीमिक, कुपोषित महिलाओं व अन्य बीमारियों से ग्रसित गर्भवती महिलाओं की जाँच कर इलाज किया जा सकता है। गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार के साथ आयरन फोलिक एसीड और कैल्शियम आदि दवाओं की पूरा खुराक लेने की सलाह दी गई। इससे गर्भ में पल रहे बच्चे का उचित शारीरिक व मानसिक विकास होता है।

### परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों की दी गई जानकारी:

उपाधीक्षक डॉ अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि वर्तमान समय में जनसंख्या पर रोक लगाने, अनचाहे गर्भ को रोकने तथा बच्चा पैदा करने के साथ ही तुरंत पुनः प्रेग्नेंसी की समस्याओं से बचाव के लिए अस्पताल आए गर्भवती व धात्री महिलाओं को परिवार नियोजन के विभिन्न संसाधनों यथा कन्डोम, माला डी, अंतरा, कॉपर टी एवं नसबंदी जैसे परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों की जानकारी द्वारा दी गई।

**गर्भवती महिलाएं ऐसे रखें ख्याल:**

- संतुलित आहार लें।
- डाइट में विटामिन शामिल करें।
- तेल, घी मसालेदार खाने से परहेज करें।
- बुखार होने पर घबराएं नहीं। कोई समस्या हो तो तुरंत डाक्टर से संपर्क करें।

## संक्षिप्त खबरें

### रिश्वतखोर पुलिसकर्मियों की अब खैर नहीं है

प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया । अब खैर नहीं है किसी भी काम में रिश्वत मांगने वाले पुलिस कर्मियों की। पुलिस की मनमानी रिश्वतखोरी पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने हेतु बेतिया पुलिस अधीक्षक शौर्य सुमन ने एक फरमान जारी कर आम जनों से अपील किया है। उन्होंने कहा है किआमजन से अपील किया जाता है कि बेतिया जिला अंतर्गत किसी भी पुलिस थाना में पदाधिकारी / पुलिस कर्मी के द्वारा / सनहा / पासपोर्ट वेरीफिकेशन एवं अन्य कार्य हेतु पैसे की मांग की जाती है तो तुरंत बेतिया पुलिस कंट्रोल रूम मोबाइल नंबर - 9546434879 एवं पुलिस अधीक्षक बेतिया के मोबाइल नंबर-9431822986 पर उक्त पदाधिकारी / कर्मी के विरुद्ध सूचित करें आपके द्वारा दी गई सूचना एवं आपकी पहचान को गोपनीय रखा जाएगा ।

### दिनदहाड़े शौचलय का दो दरवाजा चोरों ने उड़ाया

बगहा। पर्यटन नगरी वाल्मीकिनगर में इन दिनों चोरों की बुरी नजर लगी हुई है। रोज व रोज चोरी की घटना से लोग परेशान हो चलें हैं। जबकि पुलिस गाड़िया गश्ती पर लगी रहती है। बतादें की बुधवार की रात बगहा वाल्मीकिनगर स्थित सिनेमा हॉल के सामने मुख्य सड़क पर लगे पीडब्लूडी की साइन बोर्ड को चोरों ने चोरी कर लिया लेकिन साइन बोर्ड के लोहे के पोल को चोर उखाड़ नहीं पाए जो झुके अवस्था मे अभी मौजूद है।ठीक इसके अगले दिन वृहस्पतिवार को 12 बजे दिन में गोलचौक स्थित सार्वजनिक शौचालय के नए लगे दरवाजे को चोरों ने दिनदहाड़े चोरी कर चलते बने। जब कि चोरी के समय शौचालय के मेन गेट के सामने कुछ लोग ताश खेल रहे थे।किसी को इस बात का इल्म। हैं हुआ कि चोर शौचालय का दरवाजा चोरी कर ले जा रहा है।स्थानीय लोगों ने बताया कि दो लोग बाइक से आए और शौचालय का दरवाजा खोलकर ले गए।लोगों ने सोंचा की दरवाजे को मरम्मत करने ले जाया जा रहा है।

### फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

बेतिया । थाना अंतर्गत ग्राम गोरा बेलवा में एक 30 वर्षीय युवक द्वारा पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिए जाने की सूचना समय 2 बजे शनिचरी थानाध्यक्ष को मिला। उक्त जानकारी देते हुए एसडीपीओ-2 ने बताया कि सूचना के तत्काल बाद शनिचरी थानाध्यक्ष द्वारा घटनास्थल पहुंच कर पेड़ से लटके हुए शव को नीचे उतार गया तथा पोस्टमार्टम हेतु जीएमसीएच बेतिया भेजा गया। घटनास्थल का निरीक्षण एफ0एस0एल0 की टीम द्वारा भी किया गया।इस मामले में शनिचरी थाना द्वारा अन्य आवश्यक विधिक कारवाई की जा रही है।

### जिलाधिकारी ने क्रियान्वित कार्यो का जायजा लिया

बगहा। मुख्यमंत्री के बिहार प्रगति यात्रा की शुरूआत स्थल घोटवा टोला से आ रही व अखबारों में छप रही खबर के मद्देनजर जिलाधिकारी ने घोटवा टोला का निरीक्षण किया।इस दौरान मिली कुछ गड़बड़ियों को निर्देश देते हुए तत्काल ठीक करने का निर्देश भी दिया।बतातें चलें कि गत दिनों सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के प्रगति यात्रा नाम से दौरा कर रहे हैं।इस दौरे की शुरूआत मुख्यमंत्री ने आदिवासी थारु बहुल्य घोटवा टोले से की। घोटवा टोला की सूरत ही बदल दी गई थी।

# बेतिया एसपी ने किया जगदीशपुर थाना के मटियरवा एवं सरैया बॉर्डर का निरीक्षण



प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया । बेतिया पुलिस अधीक्षक शौर्य सुमन के द्वारा जगदीशपुर थाना अंतर्गत मटियरवा बॉर्डर एवं सरैया बॉर्डर का निरीक्षण किया गया ।

पुलिस अधीक्षक बेतिया द्वारा 08 जनवरी 25 को जगदीशपुर थाना अंतर्गत मटियरवा बॉर्डर एवं सरैया बॉर्डर जो दोनों पहाड़पुर थाना (मोतिहारी) से लगा हुआ है का निरीक्षण किया गया एवं बेतिया जिला में आने वाले सभी गाड़ी को गहनता पूर्वक जांच करने एवं ज्यादा से ज्यादा शराब बरामद करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 रजनीकांत, थानाध्यक्ष जगदीशपुर, थानाध्यक्ष नौतन एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे ।

# जन सुराज के कार्यकर्ताओं ने शहर में निकाला प्रतिरोध मार्च

छपरा। जन सुराज के जिला इकाई द्वारा गुरुवार को पटना में बीपीएससी अभ्यर्थियों पर कथित लाठी चार्ज किए जाने तथा छात्रों के समर्थन में सत्याग्रह अनशन पर बैठे जनसुरज के सूत्रधार प्रशांत किशोर की गिरफ्तारी के विरोध सहित पांच सूत्री मांगों के समर्थन में छपरा शहर में प्रतिरोध मार्च निकाला वहीं मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष बच्चा राय ने कहा कि बिहार में तानाशाह की सरकार चल रही है। इढरउ छात्रों की मांग थी कि परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर छात्र हित में फिर से दोबारा 70 वीं बीपीएससी की परीक्षा आयोजित कराई जाए। इस मांग को भी सरकार ने अनसुना कर अनशन पर बैठे प्रशांत किशोर से अभद्र व्यवहार करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया।

# सीएम ने सड़क मार्ग का किया चयन, जनता हुई निराश

प्रात: किरण, संवाददाता

एकमा। सीएम नीतीश कुमार बुधवार को सारण जिले में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत हवाई मार्ग से पहुंचने वाले थे। एकमा प्रखंड के आमडाढ़ी पंचायत के कर्णपुरा गांव स्थित लक्ष्मी ब्रह्म बाबा मैदान में दो अलग-अलग हेलिपैड का निर्माण किया गया था। यहां पूर्व से संचालित एक पुस्तकालय व ग्राम कचहरी भवन का जीर्णोद्धार कराया गया था।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री को वायु मार्ग से आना था, लेकिन खराब मौसम को देखते हुए उन्होंने सड़क मार्ग का चयन किया। इसके एक दिन पूर्व मंगलवार को सिवान में आयोजित जनसभा यात्रा में जाने के लिए भी सीएम ने सड़क मार्ग का ही सहारा लिया था। बताया गया कि ऐसा निर्णय खराब मौसम व कोहरे को देखते हुए लेना पड़ा।

कर्णपुरा में उनके लिए तैयार किए गए हेलीपैड का उपयोग नहीं हुआ। जिसके चलते आम जनता व पार्टी कार्यकताओं को उनसे मुलाकात का मौका नहीं मिल सका। पहले से व्यवस्था के तहत बुधवार की सुबह यहां एनडीए के घटक दलों के नेताओं, कार्यकताओं व क्षेत्रीय जनता की भीड़ सीएम को देखने के लिए इकट्ठी हुई थी। यहां पूर्व से की गई तैयारी के तहत कुछ चयनित जन समुदाय के लोगों से सीएम को संवाद भी करना था। लेकिन एकमा चट्टी पर पहुंच कर दो सड़कों का अवलोकन करने के बाद सीएम छपरा के लिए लौट गए। वहीं कर्णपुरा गांव स्थित लक्ष्मी ब्रह्म बाबा मैदान में पहुंचे लोग सीएम की झलक पाने का इंतजार करते रह गये।

### जन आकांक्षाएं अधूरी, बढ़ी नाराजगी:

जन सुराज के प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि सीएम नीतीश कुमार के एकमा दौरे से आम जनता को एकमा को अनुमंडल का दर्जा देने, रेफरल अस्पताल निर्माण, डिग्री कॉलेज, पॉलिटेक्निक व नर्सिंग संस्थान खोलने, रेलवे ओवरब्रिज निर्माण आदि जैसी घोषणाओं की उम्मीद थी।लेकिन एकमा में जन संवाद या जनसभा कार्यक्रम आयोजित नहीं होने से इन जन आकांक्षाओं पर कोई चर्चा नहीं हुई। जिससे लोग निराश नजर आए। नेताओं, कार्यकताओं व विभिन्न संगठनों सहित आम नागरिकों को सीएम को अपनी विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपने का मौका भी नहीं मिलने पर असंतोष व्यक्त किया गया।

### सीएम से एकमा की जनता की उम्मीदें अब भी नहीं हुई कम:

हालांकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एकमा विधानसभा क्षेत्र में दो सड़कों की चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण की घोषणा से सड़क यातायात व्यवस्था की स्थिति सुधरने की उम्मीद बढ़ी है। लेकिन एकमा की जनता को अभी भी अपनी बहुप्रतीक्षित व लंबित विकास योजनाओं की स्वीकृति व घोषणा को लेकर मुख्यमंत्री से सकारात्मक निर्णय लेने की उम्मीदें लगा रखी हैं।

# सिंचाई की क्षमता को बढ़ाने को ले डीएम ने की विभिन्न विभागों के साथ बैठक

■ 15 दिनों में सर्वे करके अपने अपने विभाग से संबंधित सिंचाई की योजनाओं का प्रारूप तैयार करने का निदेश

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। सारण जिला में सिंचाई की क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी श्री अमन समीर ने विभिन्न संबंधित विभागों के तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदाधिकारियों के साथ बैठक किया।

नहर प्रमण्डल के अभियंता को नहर प्रणाली से आच्छादित एवं वंचित पंचायतों को सूचीबद्ध करने को कहा गया। आच्छादित पंचायतों में स्थानीय आवश्यकता के अनुरूप कैनाल सिस्टम के विस्तार तथा अनाच्छादित पंचायतों में कैनाल सिस्टम को पहुंचाने की फिजिबिलिटी के आधार पर योजना का प्रारुप तैयार करने को कहा गया।

लघु सिंचाई के अभियंता को मुख्यमंत्री निजी नलकूप योजना से अधिक से अधिक कृषकों को आच्छादित करने तथा अक्रियाशील राजकीय नलकूपों को क्रियाशील करने हेतु कार्रवाई करने को कहा गया। इसके साथ ही आहर एवं पाइन से संबंधित योजनाओं के क्षमतावर्धन हेतु भी कार्रवाई करने को कहा गया।

जिला कृषि पदाधिकारी को विभिन्न क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा की उपलब्धता तथा आवश्यकता से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया।

सभी पदाधिकारियों को 15 दिनों के अंतर्गत क्रियान्वयन योग्य सिंचाई से संबंधित योजनाओं का प्रारूप तैयार करने को कहा गया।

बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता नहर प्रमंडल/लघु सिंचाई आदि उपस्थित थे।

# इसुआपुर में दुकानें बंद कर दिवंगत व्यवसाई को दी गई श्रद्धांजलि



प्रातः किरण, संवाददाता

इसुआपुर । इसुआपुर बाजार के लोकप्रिय व्यवसाई सामाजिक कार्यकर्ता तथा इसुआपुर पंचायत के बीडीसी सदस्य मुकेश चौरसिया के दिवंगत पिता भृगु नाथ चौरसिया के सम्मान में गुरुवार को इसुआपुर बाजार की दुकानें बंद कर एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में जनप्रतिनिधियों, व्यवसाईयों तथा आम लोगों ने दिवंगत व्यवसाई के तैल चित्र पर फूल माला चढ़ाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं 2 मिनट का मौन रखकर मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। पूर्व विधायक मुद्रिका प्रसाद राय ने कहा कि भृगु नाथ चौरसिया मेरे अनुज समान थे। वे व्यवहार कुशल, मृदुभाषी तथा एक सफल सामाजिक कार्यकर्ता थे। उनके निधन से समाज को अपूर्णीय क्षति हुई है। मालूम हो कि 55 वर्षीय व्यवसाई भृगुनाथ चौरसिया का असामयिक निधन बुधवार को पटना के आईजीआईएमएस में इलाज के दौरान हो गई। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व विधायक मुद्रिका प्रसाद राय, जिला पार्षद छविनाथ सिंह, शारदानंद सोनी ,अमरनाथ प्रसाद, बीडीसी मुकेश चौरसिया, सैनिक कैंटीन के प्रबंधक म. वारीस, महादेव साह, पूर्व मुखिया विजय सिंह, पप्पू सिंह, ढ़ोलन सिंह, विजय राय, गौतम साह, भानु प्रसाद,सतीश श्रीवास्तव, मोहन सिंह कुशवाहा, राजेश सिंह कुशवाहा, शंकर सिंह कुशवाहा, उमाशंकर चौरसिया, मनोज प्रसाद, विशेश्वर चौरसिया, श्याम प्रसाद, विनोद प्रसाद, रामबाबू राय, मनोज प्रसाद समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

# प्रगति यात्रा के दौरान शारीरिक शिक्षा स्वास्थ्य अनुदेशक शिक्षकों का छलका दर्द

■ शारीरिक शिक्षा स्वास्थ्य अनुदेशक शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को सौंपा मांग पत्र

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा सदर । प्रगति यात्रा के दौरान शारीरिक शिक्षा स्वास्थ्य अनुदेशक शिक्षकों का दर्द छलका। कहने के लिए ये अंशकालिक कार्य करते है लेकिन स्कूल पर इनको फुलटाइम कार्य करना होता है।अपने कार्य के प्रति ये शिक्षक बहुत समर्पित भी है। ये सभी शिक्षक बिहार के स्कूली छात्रों में खेल प्रति रुचि जागृत करते हुए प्रतिभावान खिलाड़ियों को तरसने का काम मात्र 8000रु प्रति माह पर करने के लिए विवश है। अपनी वेतन वृद्धि और स्थाई नियुक्ति हेतु सारण के महमदा में बिहार के मुख्यमंत्री को अपना मांग पत्र देने आए हुए थे तथा मुख्यमंत्री के प्रगति यात्रा के दौरान सारण के शारीरिक शिक्षा स्वास्थ्य अनुदेशक शिक्षकों द्वारा मुख्यमंत्री को अपने कार्य को पूर्णकालिक करने की मांग को लेकर आवेदन भी दिया गया।

बताते चले कि इन शिक्षकों की बहाली 2022 में नियोजन इकाई से हुई थी। इस बहाली की प्रक्रिया में शैक्षिक योग्यता देखी जाए तो पूर्व के शारीरिक शिक्षा की तरह है हाई स्कूल ,इंटर , बीए, बीपीएड, एमपीएड और बिहार सरकार द्वारा ली गई एस टी ई टी पास करके और पूरे भारत से योग्य अभ्यर्थी आए हैं।फिर भी शारीरिक शिक्षकों की वेतन8000 प्रति माह और 200 वार्षिक वृद्धि है।इतने कम वेतन पर भी ये शिक्षक अपनी जीवन यापन करते हुए छात्रों को खेल में पारंगत करने का काम कर रहे है।

वही शिक्षिका लवली कुमारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सबका कल्याण कर रहे हैं तो हम शारीरिक शिक्षा स्वास्थ्य अनुदेशकों का भी कल्याण करेंगे इसी उम्मीद से लेकर संघ द्वारा मुख्यमंत्री को अपना ज्ञापन देने आए है।

इन शिक्षकों ने बताया कि विभाग द्वारा जारी अध्यादेश में हम लोग का कार्यकाल अंशकालिक है लेकिन सरकार द्वारा हमें, जातिगत गणना, चुनाव ड्यूटी, तरंग प्रतियोगिता और 2024 में मुख्यमंत्री का एक लक्ष्य है कि बिहार के सरकारी विद्यालयों में बच्चों के प्रतिभा को निकालने के लिए खेल मशाल कार्यक्रम युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है क्योंकि नीचे तबके से सरकारी विद्यालय में बच्चों को ढूंढकर, राज्य स्तरीय, राष्ट्रीयस्तरीय, एशिया, कॉमनवेल्थ, ओलंपिक, तक तक बिहार के सरकारी विद्यालय के बच्चे जा सके इसके लिए जो शारीरिक शिक्षकों का प्रशिक्षण देने का काम कर रहा है उसमें ज्यादातर8000 रुपए पाने वाले शारीरिक शिक्षा स्वास्थ्य अनुदेशक और मध्य विद्यालय में कार्यरत शारीरिक शिक्षा स्वास्थ्य निदेशक की है। इस मशाल कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शारीरिक शिक्षक व शारीरिक शिक्षा स्वास्थ्य अनुदेशक और विश्वविद्यालय में शारीरिक शिक्षक नहीं है उस विद्यालय में खेल से रुचि रखने वाले सामान्य शिक्षक को प्रतिनियुक्त किया गया है। शिक्षकों ने कहा कि हमसे कार्य तो पूरा लिया जा रहा है लेकिन वेतन के नाम पर अंशकालीक और वह भी वेतन कभी 2 महीने कभी 3 महीने पर मिलता है । मांग पत्र देने वाले में मुख्यरूप से पंकज गुप्ता, मनोहर, चंद्रभूषण, मृणाल, गांधी, लवली, नितेश, प्रमोद एवं अन्य शारीरिक शिक्षा स्वास्थ्य अनुदेशक उपस्थित थे।

# छात्र-युवा संगठनों के राज्यव्यापी आह्वान पर आइसा एसएफआई ने डीएम के समक्ष किया जोरदार प्रदर्शन

छपरा सदर। गुरुवार को बिहार में व्याप्त परीक्षा प्रणाली की अनियमितताओं और छात्र-युवा हितों की उपेक्षा के खिलाफ छात्र संगठनों आइसा, एसएफआई, और डीवाईएफआई के संयुक्त आह्वान पर सारण जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों और युवाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और सरकार की नीतियों के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया।

प्रदर्शन के दौरान छात्रों की मांगों में मुख्य रूप से बीपीएससी पेपर लीक की निष्पक्ष जांच, आंदोलनकारी छात्रों पर दर्ज फर्जी मुकदमे वापस, परीक्षा माफिया तंत्र खत्म एवं सोनू कुमार के परिजनों को मुआवजा आदि शामिल है।प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे संगठन के नेताओं ने कहा कि यदि सरकार छात्रों की मांगों पर जल्द से जल्द ध्यान नहीं देती, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

कार्यक्रम में आइसा जिला अध्यक्ष कुणाल कौशिक, आइसा जिला सचिव दीपांकर मिश्र, एसएफआई जिला सचिव देवेंद्र कुमार, शद्दाब मजहरी, विकाश तिवारी, शैलेश कुमार, धर्मेंद्र यादव उपस्थित थे।

# डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन के ऑफिशल विजिट पर इनर व्हील क्लब सारण द्वारा किए गए अनेक कार्यक्रम

छपरा कार्यालय। इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 325 की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन अलकानंदा बक्शी के औफिसीयल विजिट शहर के पार्टी क्लब में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन और एग्जिक्यूटिव मेम्बर्स द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया और वेलकम डांस गुनगुन जायसवाल ने किया । क्लब की अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ दे कर किया । क्लब की सचिव अंकिता जायसवाल ने गत 6 महीना में किए गए कार्यों का संक्षिप्त विवरण दिया ।

इनर व्हील सारण द्वारा थाना चौक पर स्थित टावर पर दो घड़िया लगाया गया, जिसका उद्घाटन जिला अध्यक्ष अलकानंदा बक्शीजी ने फीता काटकर किया ।इस कार्यक्रम में शहर की डिप्टी मेयर रागिनी कुमारी भी मौजूद रहीं। क्लब द्वारा एक असहाय महिला को सिलाई मशीन भी दिया गया और इनर व्हील सारण ने अपने क्लब में 6 नए मेंबर को जोड़े ।

डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन अलकानंदा बक्शीजी ने क्लब के कायौ का अवलोकन किया और आए हुए अतिथियों, सदस्यों को इनर व्हील के बारे में बहुत सारी जानकारियां दी। साथ ही क्लब द्वारा शहर में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन के हाथों सीलिंग फैन, व्हाइट बोर्ड, डस्टबिन, कॉपी, पेंसिल, बच्चों को दिया गया उसके साथ ही स्कूल के प्रांगण में चेयरमैन और अध्यक्ष द्वारा पौधा लगाया गया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन अंजू फैशन ने किया और मंच संचालन रूपा गुप्ता द्वारा किया गया । इस अवसर पर ,र्२३१ू३ एरड पीडीसी गायत्री आयार्नी, चेंबर औफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री राजेश्वर प्रसाद, राष्ट्रीय सहारा के ब्यूरो इन चीफ, डॉक्टर विद्या भूषण जी, इनर व्हील छपरा, रोटरी सारण, लायंस क्लब छपरा, फ्ङ्म३१ू३ सारण सिटी, इनर व्हील क्लब छपरा, इनर व्हील सारण की चार्टर प्रेसिडेंट अनु जायसवाल, ढढ अनीता राज, सुषमा गुप्ता, तनु जायसवाल, रिंकी सिन्हा, रचना कुमारी, संजू गोल्ड व अन्य सदस्या और प्रेस व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे ।

# इसुआपुर सीएचसी में गर्भवती महिलाओं की हुई जांच



प्रातः किरण, संवाददाता

इसुआपुर । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इसुआपुर में गुरुवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सैकड़ों प्रसव पूर्व गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। जांच कराने आई महिलाओं में उसुरी कला गांव की प्रियंका कुमारी,सहवां गांव की हिना परवीन, चहपुरा गांव की सायदा खातून, बिशुनपुरा गांव की नेहा देवी तथा आतानगर गांव की पार्वती कुमारी समेत सैकड़ों महिलाओं के शुगर, बीपी, हीमोग्लोबिन, एचआईवी तथा गर्भस्थ बच्चे का एफ एच आर की जांच की गई। वहीं आवश्यकतानुसार आयरन, कैल्शियम तथा विटामिन्स की दवा के साथ उचित सलाह दी गई। जांच टीम में डॉक्टर मधुमिता रानी, सीएचओ तबरेज आलम, कौशर अली अंसारी, राहुल बेनीवाल,एएनएम प्रियंबदा कुमारी,प्रमिला कुमारी, सुषमा कुमारी,सुनीता कुमारी व अन्य चिकित्सा कर्मी थे।

# गैस लीकेज से 8 व्यक्ति बुरी तरह से झुलसे

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। सारण जिले के नगरा प्रखंड क्षेत्र के अफौर गांव में गुरुवार की गैस सिलेंडर लीकेज करने से घर के सभी परिवार के सदस्य बुरी तरह झुलस कर घायल हो गए।घायलों को स्थानीय लोगों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नागरा में भर्ती कराया गया।जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ द्वेषचंद्र ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए छपरा रेफर कर दिया।घटन स्थल से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त व्यक्ति के घर पर बेटी के घर मकर संक्रांति में भेजने के लिए मिठाई बन रहा था जहां गैस लीकेज करने लगा ,देखते देखते ही आग की लपेट तेजी से फैलने लगा ,आस पास मौजूद लोगों को अपने चपेट में ले लिया।लोगों ने किसी भी तरह आग बुझाकर काबू पा लिया गया।घायलों में मिली जानकारी अनुसार एक ही घर के सात व्यक्ति घायल है.जिसमें विश्वरंजन राय की 36 वर्षीय पत्नी पूजा देवी,तथा दस वर्षीय पुत्री साक्षी कुमारी ,सुभाष राय की पत्नी 35 वर्षीय सीमा देवी ,राजेश राय की पत्नी अमरावती देवी ,संतोष राय की 13 वर्षीय पुत्री नीतू कुमारी सहित अन्य घायल है।

वहीं इस संबंध में नगरा थानाध्यक्ष विजय कुमार रंजन ने बताया कि जानकारी मिली है जांच पड़ताल की जा रही है। और सभी घायलों को नगरा में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

## देश की पहली महिला शिक्षिका,समाज सुधारक सावित्री फुले की 194 वीं एवं फातिमा शेख की जयंती मनाई गयी



**प्रातः किरण संवाददाता**

आरा। सावित्रीबाई फुले और फातिमा शेख की जयंती ऐपवा आरा नगर कमेटी की ओर से क्रांति पार्क पूर्वी नवादा,बहिरो,शीतल टोला,एवं धरहरा में मनाई गई !इस इन महापुरुषों के तस्वीर पर माल्यार्पण अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई !

कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए ऐपवा नगर सचिव संगीता सिंह ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने आज से 175 साल पहले बालिका शिक्षा के लिए जो काम किया वह आज भी अनुकरणीय है !पितृसत्तात्मक,ब्राह्मणवादी,जातिव ादी समाज से लड़ते हुए सावित्रीबाई फुले ने बालिका शिक्षा के लिए फातिमा शेख के घर में पहला कन्या स्कूल खोला !फुले दंपती ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले ने उस्मान शेख और उनकी बहन फातिमा शेख के साथ मिलकर स्कूल चलाया !हिंदू-मुस्लिम एकता के दम पर उन्होंने समाज में फैली रुढ़ियों पर जिस प्रकार से गहरी चोट की,वह आज के वैमनस्य फैलाने वाले दौर में बहुत प्रेरणास्पद है !

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऐपवा नगर अध्यक्ष शोभा मंडल ने कहा कि आज जब शिक्षा का बाजारीकरण होने के कारण शिक्षा महंगी हो गई है ,जिसकी वजह से एक बार फिर स्त्रियों को शिक्षा के अधिकार से वंचित किया जा रहा है !लाखों रुपए की फीस देकर उच्च शिक्षा में प्रवेश कर पाना महिलाओं के लिए चुनौती है।

लिंगभेद पर टिके इस समाज में शिक्षा के बाजारीकरण और निजीकरण की पहली मार महिलाओं और वंचित तबकों पर ही पड़ रही है ! सावित्री बाई फुले को याद करते हुए हमें सबके लिए समान और मुफ्त शिक्षा सुनिश्चित करने के संघर्ष को तेज करना होगा !इस कार्यक्रम में नगर कमेटी सदस्य कलावती देवी,पुष्पा देवी,ज्ञांती देवी,गायत्री देवी, लखमुनिया देवी,सरिता देवी,कांति देवी कई शामिल थी !

# भोजपुर डीएम ने किया अंचल कार्यालय आरा सदर का औचक निरीक्षण

## डीएम ने की दाखिल-खारिज, परिमार्जन एवं जमाबंदी के लंबित अभिलेखों की जांच



**प्रातः किरण संवाददाता**

आरा।भोजपुर के जिलाधिकारी श्री तनय सुल्तानिया (भा.प्र.से.) द्वारा अंचल कार्यालय, आरा सदर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने दाखिल-खारिज, परिमार्जन एवं जमाबंदी से संबंधित लंबित आवेदनों के अभिलेखों की गहनता से जांच की। उन्होंने अंचलाधिकारी, आरा सदर को निर्देश दिया कि 20 जनवरी तक परिमार्जन, दाखिल-खारिज और जमाबंदी से संबंधित सभी लंबित आवेदनों को हल्का वार निष्पादित करें। साथ ही, भूमि सुधार उपसमाहर्ता और अनुमंडल पदाधिकारी, आरा सदर को इस प्रक्रिया का सतत अनुश्रवण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, अंचलाधिकारी और अंचल के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## अपार आईडी प्रक्रिया में देरी पर पीएससीडब्ल्यूए जिला अध्यक्ष स्मिता सिंह ने जताई चिंता

**प्रातः किरण संवाददाता**

भोजपुर। अपार आईडी प्रक्रिया में देरी पर पीएससीडब्ल्यूए जिला अध्यक्ष स्मिता सिंह ने जताई चिंताभोजपुर। प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (ढरअउहअ) की भोजपुर जिला अध्यक्ष स्मिता सिंह ने अपार आईडी प्रक्रिया में हो रही देरी और प्रशासनिक लापरवाही पर गंभीर चिंता व्यक्त की है।स्मिता सिंह ने बताया कि छात्रों की सभी फाइलें, जैसे जीपी , ईपी (एढ), और एफपी) पूर्ण होने के बावजूद पेन जेनरेशन में अनावश्यक देरी हो रही है। इस कारण निजी विद्यालयों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी (ऊएड) को ज्ञापन सौंपा गया है, जिसमें इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की गई है।इसके अलावा, जिन विद्यालयों ने आधार सेंटर स्थापित करने के लिए आवेदन दिया है, उनके सेंटर की नियुक्ति प्रक्रिया में भी विलंब हो रहा है। इस संबंध में ढरउहअ ने जिला अधिकारी (उट) को ज्ञापन सौंपकर आधार सेंटर की शीघ्र नियुक्ति का अनुरोध किया है, ताकि अपार आईडी प्रक्रिया को तेज किया जा सके।

स्मिता सिंह ने कहा, हमारी एसोसिएशन का उद्देश्य सभी निजी विद्यालयों और छात्रों को सुगम सेवाएं प्रदान करना है। प्रशासन से अनुरोध है कि पेन जेनरेशन और आधार सेंटर की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए।ढरउहअ टीम श्री मधेस्वर सिंह ,मधु सिन्हा ,अरविन्द कुमार ,नन्द कुमार सिंह ,हिमांशु कुमार ,सुधीर कुमार ,राजेश राजमणि ,आदित्य विजय जैन , विकाश परिहार ,बिनोद शाह ,श्रेयांस जैन ,रब्नावाज खान ,डॉक्टर कांति सिंह ,सनी कुमार ,रविकांत सिंह , बबलू सिंह , मोनोज सिंह , शबाज वारिस खान ,एन के पाण्डेय ,निर्मल कुमार सिंह , जयशंकर प्रसाद सिंह ,सुजीत सिंह , संजय कुमार , वासी अख्तर , संजय सिन्हा , राजेंद्र प्रसाद सिंह , संजीव पटेल , अंकुर आनंद ,अमरेन्द्र कुमार ,राजेंद्र सिंह ,प्रमोद कुमार ,संजय कुमार ,जहाँगीर आलम , अजय सिंह ,नागेन्द्र राय, अफजल इमाम ,डॉक्टर गणेश कुमार आदि थे।

## मनुआपुल के लपटही गांव मेंआग से झुलस कर वृद्ध की मौत

**प्रातः किरण संवाददाता**

मनुआपुल। मनुआपुल थाना क्षेत्र के कोइरीटोला लपटही गांव में देर रात अचानक लगने से गहरे नींद में सो रहे बृद्ध गंभीर रुप से जल गया । ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पा तो लिया गया।आग की लपटे इतनी भयावह थी की घर में सो रहे कोइरीटोला लपटही गांव निवासी सुधन भगत उर्फ वर्मा आग लपट के भेंट चढ़ गया। घर में रखे तीन बाइक चार साईकल समेत हजारों की सम्पत्ति जलकर खाक हो गया ।घटना की खबर मिलते हीं घटनास्थल पर 112 व मनुआपुल थाने की पुलिस ने घायल को बेहतर इलाज कराने के लिए जीएमसीएच बेतिया लेकर गई। जहां गम्भीर रूप से जले सुधन को चिकित्सकों ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौप दिया है ।मृतक अविवाहित है।वह अपने भाई चन्द्रिका भगत के पुत्र के साथ रहकर जीवन यापन कर रहे थे। कुछ दुरी पर घोटा पर वना एलवैस्टर नुमा में रखे हुए समान के पास में रहते थे ।

# सर्किल इंस्पेक्टर ने थाने का किया निरीक्षण

## लंबित फाईलों का जायजा लिया, निपटाने का दिया निर्देश



**प्रातः किरण संवाददाता**

संझौली (रोहतास)। गुरुवार को सर्किल इंस्पेक्टर ने थाने का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने थाने में लंबित कांडों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान इंस्पेक्टर ने थाने के कार्यप्रणाली व मौजूद रिकॉर्ड को भी गंभीरता से देखा। सर्किल इंस्पेक्टर शेर सिंह यादव ने थाने के पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि वे लंबित मामलों को प्राथमिकता दें व कार्य में तेजी लाए। उन्होंने कहा कि आम जनता की सुरक्षा व उनके न्याय की प्रक्रिया को बहुत गंभीरता से लेना आवश्यक है। इंस्पेक्टर ने थाना के वातावरण का भी आकलन किया और बिना किसी बाधा के कर्मचारियों द्वारा नागरिकों से संवेदनशीलता से व्यवहार करने को निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक के निदेशों का पालन करने, आदेशों को समय पर पूरा करने के लिए सभी को प्रेरित किया। मौके पर थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार, अशोक कुमार, मुकेश कुमार आदि पदाधिकारी मौजूद थे।

## अनुमंडल पदाधिकारी ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण

**प्रातः किरण संवाददाता**

पिरो । अनुमंडल पदाधिकारी, पीरो द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,पीरो का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र का रोस्टर, दवा वितरण केंद्र, ओपीडी,डॉक्टर कक्ष, दवा की उपलब्धता आदि का गहनता से जांच की। रोस्टर के अनुसार डॉक्टर एवं स्टाफ उपस्थित थे,1डॉक्टर अनुपस्थित पाए गए। दवा वितरण केंद्र के निरीक्षण के क्रम में उन्होंने दवा की सूची दवा वितरण केंद्र के बाहर लगाने हेतु निर्देशित किया।साथ ही उन्होंने मरीजों से फीडबैक भी लिया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी,पीरो,कार्यपालक पदाधिकारी,नगर परिषद,पीरो एवं अन्य उपस्थित थे

# फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित 72 वीं बिहार फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 - 25 मोइनुल हक ट्रॉफी के दूसरे दिन भी खेला गया



**प्रातः किरण संवाददाता**

सासाराम(रोहतास)। रोहतास जिला फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित 72 वीं बिहार फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 - 25 मोइनुल हक ट्रॉफी के दूसरे दिन का पहला मैच कैमूर बनाम अरवल के बीच हुआ। जिसमें कैमूर के 12 नंबर खिलाड़ी रामू मध्यांतर के बाद शानदार गोल दाग कर अपने टीम को एक जीरो के बढ़त दिला दी । औरंगाबाद की टीम प्रयास करती रही लेकिन गोल करने में नाकाम रही। कैमूर की टीम 1- 0 से जीत दर्ज किया। दूसरा मैच भोजपुर बनाम अरवल के बीच हुआ। जिसमें मध्यांतर के ठीक पहले भोजपुर के 11 नंबर खिलाड़ी प्रद्युम्न सिंह ने शानदार गोल दागकर अपने टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी।

मध्यांतर के बाद भी दोनों टीम शानदार खेल का प्रदर्शन करती रही लेकिन गोल करने में असफल रही। भोजपुर की टीम 1-0 से जीत दर्ज किया। पहले मैच में रोहतास जिला प्रभात खबर के ब्यूरो चीफ अनुराग शरण मुख्य अतिथि के रूप में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। दूसरे मैच में कैमूर जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। पहले मैच में निर्णायक मनीष कुमार, शशिमोहन सिंह, उपेंद्र यादव थे। दूसरे मैच में निर्णायक संतोष कुमार, सुनील चंद्रवंशी, अंतिम राज थे । रोहतास जिला फुटबॉल संघ के कोषाध्यक्ष विमल सिंह ने बताया की 10 जनवरी को पहला मैच कैमूर बनाम अरवल 11.30 बजे से और दूसरा मैच रोहतास बनाम औरंगाबाद 02.30 बजे होगा । यह टूनामेंट 12 जनवरी तक चलेगा । मौके पर रोहतास जिला फुटबॉल संघ के सचिव नौशाद आलम, कोषाध्यक्ष विमल कुमार सिंह, संरक्षक सैयद एनाम अहमद कार्यालय सचिव उपेंद्र यादव , आदिल इमाम ,रामजी सिंह बादल सिंह , अनुज कुमार उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### रतिकांत तिवारी को मिला प्रदेश उपाध्यक्ष का कमान

**प्रातः किरण संवाददाता**

आरा। बिहार प्रदेश छात्र जनता दल ने अपने नए प्रदेश उपाध्यक्षों की सूची जारी कर दी है। जिसमें भोजपुर जिले से रतिकांत तिवारी को प्रदेश उपाध्यक्ष की सूची में जगह मिली है। भोजपुर से एक मात्र रतिकांत तिवारी का नाम मनोनीत किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ राधे श्याम ने रतिकांत पर भरोसा जताते हुए छात्र जनता दल यूनाइटेड का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। जिसपर रतिकांत तिवारी ने सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया है। साथ ही रतिकांत ने कहा कि जिस प्रकार से वो पूरी निष्ठा के साथ पिछले कई वर्षों से जनता दल यूनाइटेड के सिपाही रहे है। जिस प्रकार से उन्होंने पार्टी के साथ सक्रियता दिखाई है। उसी प्रकार से आगे भी सक्रिय रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष के साथ साथ नीतीश कुमार के हाथों को भी मजबूत करने का काम करेंगे।

### आरा शहर में चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

आरा। भोजपुर पुलिस के निर्देश पर शहर में चलाया गया वहान चेकिंग अभियान जो भी वहान टू व्हीलर फोर व्हीलर सड़क पर लगाए थे उसको किरान के द्वारा उठाया गया और ऑनलाइन चालान भी काटा गया। इस अभियान में यातायात थाना अध्यक्ष सरवन कुमार एस आई अजीत कुमार एएस आई अखिलेश कुमार एवं बिहार पुलिस के जवान ऋषभ कुमार श्रीनिवास धर्मेंद्र कुमार जनकधारी सिंह के सहयोग से यह अभियान चलाया गया।

### प्रितम कुशवाहा जदयू के के जिला अध्यक्ष मनोनीत

आरा,जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश के छात्र अध्यक्ष डॉक्टर राधेश्याम के द्वारा प्रीतम कुशवाहा को भोजपुर जिला के छात्र जदयू का पुनः दूसरी बार अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। संगठन में खुशी की लहर है और वहीं जनता दल यूनाइटेड के कार्यकताओं ने उम्मीद जताया है कि इनके पुनः दूसरी बार छात्र के जिला अध्यक्ष बनने से संगठन को काफी मजबूती मिलेगी और विधान सभा चुनाव में काफी मददगार होगा इसके लिए कई नेताओं ने प्रीतम कुशवाहा को बधाई दिया है ।

वहीं छात्र नेता प्रीतम कुशवाहा म ने कहा है की प्रदेश नेतृत्व ने जिस तरह से मुझ पर पुनः भरोसा जताते हुए जिम्मेदारी दी है उसे हर संभव निभाना का प्रयास करूंगा उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी एवं बिहार प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा एवं जदयू छात्र प्रदेश अध्यक्ष डॉ राधेश्याम छात्र प्रभारी वीरेन्द्र नारायण यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बधाई दिया है।

# राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक संपन्न

**प्रातः किरण संवाददाता**

सासाराम(रोहतास) । सासाराम के कुशवाहा भवन के सभागार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की एक बैठक संपन्न हुई । इस बैठक की अध्यक्षता रोहतास जिला जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा ने तथा संचालन हम के जिलाध्यक्ष कमलेश पासवान ने की।बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुशील चंद्रवंशी ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की यह बैठक कार्यकताओं में नव चेतना जागने का काम करेगी और गठबंधन को मजबूत करेगी ।

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिला अध्यक्ष कमलेश राय ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव की तैयारी में लगेंगे और रोहतास जिले के सभी सीटों पर विजय हासिल करेंगे जिससे प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर होगा और नेतृत्व मजबूत हाथों में होगा।हिंदुस्तान आवामी मोर्चा के जिला अध्यक्ष कमलेश पासवान ने कहा कि राजग की यह बैठक संगठन की मजबूती का प्रतीक है और इस बैठक से कार्यकताओं का मनोबल दृढ होगा जिससे आने वाले विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित होगा। हम के जिला अध्यक्ष कमलेश पासवान ने कहा कि प्रदेश में स्थिर सरकार बनाने के लिए और प्रदेश के समुचित निरंतर विकास के लिए यह जरूरी है की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करें और आपस में समन्वय स्थापित कर विधानसभा सीट में गठबंधन को बड़ी जीत दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें । राष्ट्रीय लोक मंच के जिला अध्यक्ष कपिल कुशवाहा ने कहां की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन आने वाले विधानसभा चुनाव में एक पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी और प्रदेश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सभी कार्यकर्ता अपने आप में दृढ़ संकल्पित है और प्रदेश का नेतृत्व एक मजबूत हाथों में सौंपने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाने के लिए तैयार है।बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री जयकुमार सिंह ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विश्वास रखने वाले अनुशासित और ईमानदार कार्यकर्ता है । वह पूरी तरह पार्टी तथा प्रदेश के प्रति समर्पित हैं और प्रदेश के हित के लिए निरंतर प्रयत्नरत हैं।

प्रदेश के वरीय नेताओं के द्वारा भी राजग गठबंधन को मजबूत बनाने के लिए और आपसी सहयोग और भाईचारे का वातावरण उत्पन्न करने के लिए निरंतर प्रयत्न किये जा रहे हैं। हर परिस्थिति में हम लोगों को अपने नेता के समर्थन में उनके साथ खड़ा रहना है और संगठन को मजबूत करते हुए रोहतास जिले के सातों विधान सभा सीटों पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को विजय दिलाना है।

## विकास आयुक्त ने किया क्लस्टर योजना के विकास कार्यो का निरीक्षण

**प्रातः किरण संवाददाता**

आरा । उप विकास आयुक्त,भोजपुर डॉ अनुपमा सिंह(भा.प्र.से) द्वारा पॉलीटेक्निक कॉलेज,ककिला एवं हरीगांव ग्राम में क्लस्टर योजना अंर्तगत चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंचायत सरकार भवन,जीविका भवन,हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर,राम गुलाम उच्च विद्यालय में निमार्णाधीन खेल के मैदान में चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने निमार्णाधीन कार्यों को ससमय पूर्ण करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, जगदीशपुर,डीआरडीए डायरेक्टर, प्रखंड विकास पदाधिकारी,जगदीशपुर,प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, डीपीओ,मनरेगा एवं अन्य उपस्थित थे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष बनने पर संतोष को लोगों ने दी बधाई

**प्रातः किरण संवाददाता**



बिक्रमगंज (रोहतास) रोहतास जिला भाजपा का जिलाध्यक्ष बनने पर संतोष पटेल को लोगों ने दी बधाई। पहली बार उन्हें रोहतास जिला भाजपा की कमान सौंपी गई है। गुरुवार को भाजपा के रोहतास जिला चुनाव प्रभारी रणवीर नंदन द्वारा सर्वसम्मति से भाजपा कार्यकर्ता संतोष पटेल को रोहतास का जिलाध्यक्ष चुना गया। अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला कमेटी के विभिन्न प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्षों का मनोनयन होने पर पार्टी कार्यकताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है। कार्यकताओं ने बधाई व शुभकामना देते हुए यह विश्वास व्यक्त किया है कि इनके नेतृत्व में पार्टी को मजबूती के साथ एक नई दिशा मिलेगी। जबकि खुशी व्यक्त कर उज्जवल भविष्य की कमाना करते हुए भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डॉ. मनीष रंजन ने बताया कि नवनिर्वाचित संतोष पटेल के जिलाध्यक्ष बनने से बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एनडीए पार्टी मजबूती से बिहार की सत्ता में आयेगी। साथ ही देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशन में जन-कल्याण का काम भी करेगी। जो एनडीए संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए रोहतास में विरोधी दलों को विधानसभा चुनाव में पटकनी देने का भी काम करेगी। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का सामाजिक जीवन में भी लोगों के बीच इनकी कार्यकुशलता काफी सराहनीय होती है। जो बक्सर जिला में भाजपा जिला प्रभारी के रूप में पदभार उपरांत इसको उन्होंने स्थापित कर दिखाया है। उक्त अवसर पर बधाई देने वालों में भाजपा प्रदेश कार्यकारणी समिति सदस्य सह व्यापार मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ उर्फ जवाहर सिंह, राजेश्वर सिंह, अजीत सिंह, ललन चौरसिया, भाजपा नेता मदन प्रसाद वैश्य, बलिराम मिश्रा, विनोद पासवान, अजीत सिंह, लव मिश्रा, ललित मोहन सिंह, नागेश्वर कुशवाहा,राजेश कुमार, सुरेश गुप्ता, धनंजय सिंह, संतोष पाठक, नंदा पांडे, मुन्ना पांडे, गौतम तिवारी, हरेंद्र सिंह हरियाली, मनोज सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

## सीबीएसई ने घोषित किया ज्ञान ज्योति को सर्वोत्कृष्ट मैथमेटिक्स प्रमोशन स्कूल

**प्रातः किरण संवाददाता**

आरा,इस वर्ष ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय की तरफ से सर्वाधिक संख्या में आर्यभट्ट गणित चैलेंज में विद्यार्थियों के भाग लेने तथा सर्वाधित सर्टिफिकेट्स एवं आवाड्र्स जीतने के उपलक्ष्य में ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय को सेंट्रल बोर्ड आफ सेकेंडरी एजुकेशन अर्थात सी बी एस ई द्वारा ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय को मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान किया गया जिसको लेकर सम्पूर्ण विद्यालय परिवार में हर्ष व्याप्त है। ज्ञान ज्योति की प्राचार्या डॉक्टर सीपी जैन ने इस चैलेन्ज में भाग लेने वाले सभी बच्चों और विजेताओं को बधायी देते हुए विद्यालय के सभी गणित के शिक्षकों को उनके द्वारा उत्कृष्ट शिक्षा अपने बच्चों को देने के लिए साधुवाद दिया और भविष्य में बच्चों को और बढ़ चढ़ कर इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय के निदेशक डॉक्टर आदित्य बिजय जैन ने ज्ञान ज्योति को मिले इस मेरिट सर्टिफिकेट पर हर्ष जाहिर करते हुए सीबीएसई को तहे दिल से धन्यवाद दिया और ज्ञान ज्योति के द्वारा बच्चों को दी जा रही शिक्षा की सही दिशा को पुष्ट करते हुए आगे और भी उपलब्धि प्राप्त करते रहने के लिए प्राचार्या डॉक्टर सीपी जैन साहित समस्त विद्यालय टीम को शुभकामनाएं दी। विदित है की सीबीएसई ने ज्ञान ज्योति को प्रथम तथा द्वितीय, दोनों स्टेज में इस वर्ष सर्वोत्कृष्ट मैथमेटिक्स प्रमोशन स्कूल घोषित करते हुए इस स्कूल को मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान किया है। विदित है की ज्ञान ज्योति में कक्षा पढ़ने में पढ़ने वाली दो छात्राओं, स्वाती सिंह एवं आस्था सिंह ने शीर्ष के एक सौ विद्यार्थियों में स्थान पाकर अपने माता पिता के साथ साथ अपने ज्ञान ज्योति स्कूल का नाम भी रौशन किया है।

# पूर्व सांसद महाबली का भाजपा प्रदेश महामंत्री ने किया भव्य स्वागत

■ विधानसभा चुनाव को लेकर पूर्व सांसद ने चुनावी रणनीति पर की चर्चा

**प्रातः किरण संवाददाता**



बिक्रमगंज (रोहतास) काराकाट लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित जदयू के पूर्व सांसद महाबली सिंह का बिक्रमगंज शहर में पहुंचने पर भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डॉ. मनीष रंजन के नेतृत्व में उनके समर्थकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

जहां पूर्व सांसद को फूल माला पहनाकर जिंदाबाद का नारा लगाते हुए कार्यकताओं ने कहा पुनः इस बार बिहार के विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत सुनिश्चित है। मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉक्टर मनीष रंजन सिंह ने कहा कि बिहार में एनडीए सबका साथ और सबका विकास चाहती है। जिस एनडीए गठबंधन में आज सभी वर्ग के लोगों को मान सम्मान प्राप्त हुआ है। साथ ही पूर्व सांसद महाबली सिंह के कार्यकाल में पूरे काराकाट लोकसभा क्षेत्र विकास की बयार बह रही थी।उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान मद की राशि शत प्रतिशत सदुपयोग करने का ख्याति प्राप्त है। उक्त अवसर पर पूर्व सांसद महाबली सिंह ने बिक्रमगंज में एनडीए समर्थकों का अभिनंदन करते हुए बताया कि लगातार आज बिहार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास की एक नई गाथा लिख रहा हैं। जिसे देख विरोधी दल भी इस बार की बिहार विधानसभा चुनाव में परास्त होती नजर आ रही है। जिस चुनाव को लेकर जेडीयू व एनडीए कार्यकर्ता संबोधन करते हुए बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से ही कमर कसने की जरूरत है। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार उर्फ फुलेंद्र सिंह, घनश्याम सिंह, भाजपा नेता सुनील सिंह, अजीत सिंह, नंदा पांडे, ललन चौरसिया, संतोष पाठक, अभय सिंह, अजय सिंह, हरेंद्र हरियाली,नरेंद्र सिंह, अनिल सिंह, परवेज खान, मनोज सिंह, गौतम तिवारी, धनंजय सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला कमिटी की बैठक सम्पन्न

■ सोन नहर पक्कीकरण, कदवन जलाशय के निर्माण को लेकर 17 जनवरी 25 को किसान देंगे धरना

**प्रातः किरण संवाददाता**




आरा। आज भाकपा - माले जिला कार्यालय आरा में अखिल भारतीय किसान महासभा की जिला कमिटी की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें सोन नहर बचाओ इंद्रपुरी जलाशय निर्माण कराओ आंदोलन को तेज करें ! एमएसपी की कानूनी गारंटी, खाद्य सुरक्षा, कर्ज मुक्ति, कृषि मंडियों की पुनर्बहाली मुफ्त बिजली सिंचाई का स्थाई प्रबंध आदि मांगों पर सोन कमांड क्षेत्र के सिंचाई कार्यालयों पर 17 जनवरी को महाजुटान को लेकर चर्चा हुई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए सुदामा प्रसाद, जिला अध्यक्ष सह आरा सासंद ने कहा कि सोन नहर प्रणाली जो बिहार के आठ जिलों के 60 से अधिक प्रखंड क्षेत्र के 7 लाख एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई करती थी आधुनिकीकरण व डैम (जलाशय) के अभाव में अब किसी तरह से दो लाख एकड़ ही सिंचाई कर पा रही है. इस पर तुर्रा यह है कि इसी से नबीनगर थर्मल पावर प्लांट के लिए भी पानी दिया जा रहा है. लेकिन फिर भी सोन नहर प्रणाली में स्थाई जल प्रबंधन हेतु इंद्रपुरी जलाशय का निर्माण सरकार की कार्य सूची से ही गायब है. उन्होंने किसान विरोधी केंद्र व राज्य सरकार के रुख के चलते सिर्फ सोन नहर प्रणाली ही नहीं बल्कि सोन नदी ही बिहार में मृतप्राय होती जा रही है. अब इस क्षेत्र को भी सुखाड़ का सामना करना पड़ रहा है जबकि यह क्षेत्र बिहार में धान का कटोरा कहा जाता था. आज सोन नहर प्रणाली के साथ सोन नदी को भी बचाने का आंदोलन तेज करना होगा।

उन्होंने कहा कि शाहबाद के सांसदों प्रधान मंत्री को इसके लिए ज्ञापन देना चाहा लेकिन किसान विरोधी प्रधानमंत्री के पास किसानों के लिए समय नही है।

बैठक को सम्बोधित करते हुए चन्द्रदीप सिंह, जिला सचिव कहा कि किसान अब तक के इतिहास में सबसे गहरे संकट के दौर से गुजर रहे हैं. जब राजसत्ता ही हमारी खेती - खेत व फसल को कारपोरेट के पक्ष में हमसे छीन लेना चाह रही है. पहले हमारी खेती में मिलने वाली सभी सुविध 1ओं को समाप्त कर उसे घाटे का कार्य बना दिया, फिर कानून के सहारे खेत-खेती फसल पर कारपोरेट का कब्जा दिला देना चाहती है. किसान यूरिया 267 के जगह पर 350 रुपया खरीद रहें हैं। जिले के नहरों में पानी नही है।

रबी फसल चौपट हो रहा है है। लेकिन हमारी सरकार को कोई असर नही है।

बैठक में किसान नेता व माले केंद्रीय कमिटी सदस्य राजू यादव, राम किशोर राय, बिनोद कुशवाहा, उदय आनंद सिंह, शिवमंगल सिंह, अभय सिंह, भोला यादव, दुदुन सिंह, प्रमोद सिंह, राम बाबू यादव, हरेराम सिंह, शिवनारायण साह, ददन सिंह, मुकेश कुमार सिंह, अश्विन कुमार, सुरेश सिंह, विनोदकुमार सिंह सहित कई प्रमुख किसान नेता शामिल थे।

## डालमिया सीमेंट ने अपनी आरसीएफ एक्सपर्ट सीमेंट रेंज का किया अनावरण




पटना जनवरी, 2025ः भारत की प्रमुख सीमेंट कंपनी डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड ने गर्व से अपने प्रमुख भारतीय बाजारों में ह्यरूफ, कॉलम, फाउंडेशन (आरसीएफ) एक्सपर्टह्ण ब्रांड के तहत अपने नए सीमेंट पोर्टफोलियो का अनावरण किया। इसके प्रमुख उत्पाद, डालमिया डीएसपी आरसीएफ एक्सपर्ट++ और डालमिया सीमेंट (डीसी) आरसीएफ एक्सपर्ट, उन्नत फॉर्मूलेशन और अत्याधुनिक नैनो बॉन्डिंग टेक्नोलॉजी (एनबीटी) से लैस हैं, जो आधुनिक निर्माण की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। आरसीएफ एक्सपर्ट रेंज उच्च शक्ति, बेहतर संक्षारण प्रतिरोध और समय की कसौटी पर खरी उतरने वाली मजबूत संरचनाएं सुनिश्चित करती है। डालमिया सीमेंट (डीसी), मूल ब्रांड, अपनी 80 से अधिक वर्षों की विश्वसनीय विरासत के साथ अपनी लगातार गुणवत्ता और सिद्ध विश्वसनीयता के लिए जानी जाती है, जो इसे विविध निर्माण आवश्यकताओं के लिए एक पसंदीदा विकल्प बनाती है। डालमिया डीएसपी आरसीएफ++, पोर्टफोलियो में प्रीमियम पेशकश को अल्टीमेट कंक्रीट एक्सपर्ट के रूप में स्थान दिया गया है।

## जन सुराज प्रमुख प्रशांत किशोर ने तिलेश्वर कौशिक को दी बड़ी जिम्मेवारी

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल) भाकपा माले से अपने राजनीतिक कैरियर की शुरूआत करने वाले नेता तिलेश्वर कौशिक ने बिगत दिनों जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर से राजनीतिक से प्रभावित होकर जनसुराज का दामन थामा जिसके बाद पार्टी के संस्थापक ने तिलेश्वर कौशिक को प्रदेश में जगह दी।

उन्हें प्रदेश कार्य समिति के सदस्य के साथ-साथ जहानाबाद जिले के रतनी प्रखंड के प्रभारी भी मनोनीत किया गया। तिलेश्वर कौशिक के भेजे गए पत्र में जन सुराज के संस्थापक ने कहा है कि देश के गरीब और पिछले राज्य बिहार में समाज की मदद से व्यवस्था परिवर्तन के इस अभियान में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है ।जैसा कि आपको पता है कि पिछले वर्ष 2 अक्टूबर 2022 को भीतीहरणा गांधी आश्रम पश्चिम चंपारण से शुरू हुई पदयात्रा अभी भी नियंत्रण जारी है इस दौरान बिहार के हजारों लोग जन सुराज की विचारधारा से जोड़कर इस अभियान के संस्थापक सदस्य बने हैं

# डीएम ने किया जिलास्तरीय पर्यावरण समिति एवं जिला टास्क फोर्स के कार्यों की समीक्षा

## ईट भट्ठा व बालू घाट से हो रहे प्रदुषण पर रोक के निर्देश

■ कोई किसान पराली जलाकर प्रदुषण करते हैं तो होगा कार्रवाई

प्रातः किरण संवाददाता



अरवल। जिला पदाधिकारी कुमार गौरव द्वारा जिला पर्यावरण समिति एवं जिला टास्क फोर्स के कार्यों की समीक्षा संबंधित जिला स्तरीय बैठक की गई। समीक्षा बैठक में जिलान्तर्गत नदियों के जल की गुणवत्ता में सुधार लाने, जिला को प्रदूषण मुक्त बनाने तथा कचरे को एकत्रित कर डोर-टू-डोर अपशिष्ट उठाव एवं पृथक्करण करते हुए समाज को जागरूक करने पर विशेष चर्चा की गई।

बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि इस कार्य में स्वयं अभिरूची लेते हुए ब्यापक प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें। जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, अरवल को नगर पालिका के ठोस अपशिष्ट के नियंत्रित निपटान हेतु भरावक्षेत्र की जगह चयनित करने हेतु निदेशित किया गया। ईट भट्ठा तथा बालू घाट से हो रहे प्रदुषण के मद्देनजर खनिज विकास पदाधिकारी को कतिपय निदेश दिये गये। पराली जलाये जाने के संबंध में जिला कृषि पदाधिकारी, अरवल को निदेशित किया गया कि यदि कोई किसान पराली जलाकर प्रदुषण करते हैं तो उनपर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।

यातायात एवं वाहनों से हो रहे प्रदुषण पर चिंता व्यक्त करते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी, अरवल को निदेशित किया गया कि वैसे वाहन जो 15 साल से उपर के हैं अथवा जिनका फिटनेश समाप्त हो चुका है, की सूची तैयार करते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। सिविल सर्जन, अरवल को निदेशित किया गया कि बायोमेडिकल अपशिष्ट का उठाव तथा उपचार पर विशेष सतर्कता एवं निगरानी रखें एवं इसके उठाव हेतु समुचित प्रबंध करायें। बैठक में जिला पदाधिकारी के साथ पुलिस अधीक्षक, अरवल, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, औरंगाबाद-सह-अरवल, असैनिक शल्य चिकित्सक पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, कार्यपालक अभियंता, जल संसाधन विभाग, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित हुए।

# विशेष केंद्रीय सहायता योजना अंतर्गत प्रशासनिक सह स्वास्थ्य शिविर का भव्य आयोजन किया गया

प्रातः किरण संवाददाता



गया। गया जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र बोधगया प्रखंड के ग्राम पंचायत बसाढ़ी के पास झारखंडी महादेव मंदिर के समीप में आपका प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम विशेष केंद्रीय सहायता योजना अंतर्गत प्रशासनिक सह स्वास्थ्य शिविर का भव्य आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने किया है। इस कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते हैं जिला पदाधिकारी सर्वप्रथम एक-एक कर सभी काउंटर पर जा जा कर आम जनों को दिए जाने वाले विभागीय योजनाओं के लाभ के संबंध में जानकारी लिया साथ ही यह भी देखा कि लोगों को किस प्रकार से योजनाओं की जानकारी दिया जा रहा हैं और शिविर में कितने योजनाओं को लाभ पहुंचाने हेतु आवेदन प्राप्त किए गए हैं।

आयुष्मान कार्ड के लिए 33 आवेदन, लोक शिकायत के तहत 9 आवेदन, बैंक अकाउंट खाता खोलना संबंधित 23 आवेदन, अंचल कार्यालय बोधगया में विभिन्न भूमि संबंधित मामलों के लिए 51 आवेदन, कृषि आत्मा कार्यालय अंतर्गत आने वाले मामलों के लिए 68 आवेदन, कल्याण विभाग काउंटर में 33 आवेदन, सामाजिक सुरक्षा में 50 आवेदन, डीआरसीसी काउंटर में 61 आवेदन, स्वास्थ्य शिविर में 227 ओपीडी की सेवा साथ ही 28 लोगों को दिव्यांगता कार्ड वितरण किया गया, आवास योजना अंतर्गत 33 लोगों के आवेदन प्राप्त किए गए, सांख्यिकी विभाग अंतर्गत 53 आवेदन, उद्यान निदेशालय अंतर्गत पांच आवेदन प्राप्त हुए हैं, पशुपालन काउंटर में आठ आवेदन, कुशल युवा केंद्र में 30 आवेदन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 14 आवेदन, आपूर्ति विभाग काउंटर में 14 आवेदन, आरटीपीएस बोधगया काउंटर में 96 आवेदन, जीविका काउंटर में 16, मनरेगा काउंटर में 52, शिक्षा विभाग काउंटर में एक, अल्पसंख्यक कल्याण काउंटर में 6, विद्युत विभाग काउंटर में 6, खुले में शौचालय संबंधित काउंटर में 10, श्रम संसाधन विभाग के काउंटर में 100 आवेदन प्राप्त किए गए हैं ।डीएम ने सभी काउंटर पर रुक-रुक कर आवेदकों से जानकारी लिया एवं आवेदकों को अस्वस्थ कराया है कि आप अच्छे तरीके से योजना के संबंध में जानकारी ले समझे और योजना का लाभ हेतु आवेदन करें।, निश्चित तौर पर योजना का लाभ आप सबको को दिलाया जाएगा। आप सभी लोगों के लिए पूरे जिले से सभी पदाधिकारी को आपके पंचायत में लाया गया है ताकि आपकी समस्याओं को सुने और उन्हें समाधान करें। जिला पदाधिकारी ने पशुपालन पदाधिकारी को निर्देश दिया है की डोर टू डोर पशु उपचार के लिए एक विशेष कार्यक्रम चलाएं बताया गया कि इस पंचायत में लगभग 1000 से ऊपर पशुओं का इलाज किया गया है। जिला पदाधिकारी ने श्रम अधीक्षक को निर्देश दिया है कि असंगठित मजदूरों को हर प्रकार की मदद करें। उन्हें सरकार के स्तर से जितने भी योजना संचालित हैं उन्हें हर हाल में उपलब्ध करवाये। नियोजन कार्यालय द्वारा लगाए गए स्टॉल के निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा कि ए स्टूडेंट स्टडी किट एवं टूल किट ज्यादा से ज्यादा वितरित करवाए। विभिन्न स्टाल के निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि विभिन्न स्टॉल में आने वाले ग्रामीणों को यथासंभव ऑन द स्पॉट निवारण करें। जो भी समस्या ग्रामीणों की है उसे तुरंत निराकरण करें ।इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी गया ने ग्रामीणों को बताया कि इस शिविर में 32 विभागों का अलग अलग स्टॉल लगाया गया है। आप सबों का जो भी समस्या है उसे संबंधित स्टॉल पर जाकर मौजूद अधिकारी को दे। कुछ मामलों का ऑन द स्पॉट निराकरण भी हो रहा है। आप सभी की समस्या सुनने के लिए ही हम सभी जिला स्तरीय पदाधिकारीगण यहां पर आए है। आप सब अपनी समस्या को संबंधित अधिकारी के पास रखते हुए उसे निराकरण कराये ।उप विकास आयुक्त ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के विभिन्न योजनाओं के संबंधित अधिकारी इस शिविर में मौजूद है। इस शिविर का ज्यादा से ज्यादा आप सब लाभ उठाये. सरकार के लाभकारी योजनाओं का लाभ घर-घर पहुंचे। यही सरकार और जिला प्रशासन का सोच है। स्टॉल निरीक्षण के पश्चात शिविर में ही जिला पदाधिकारी ने जनता दरबार लगाया गया है। जहां सैकड़ों लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लिखित रूप से डीएम को आवेदन सौंपा. ग्रामीणों की समस्या सुनने और पढ़ने के पश्चात लोगों को आश्वासन दिया कि बहुत जल्द ही समस्या को दूर कर दी जाएगी। जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने संबोधित करते हुए कहा कि आपका प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन आपके समस्याओं को सुनने और जानने आपके पंचायत में आया है। सरकार का उद्देश्य है कि सुदूरवर्ती क्षेत्र और समाज के अंतिम पायदान पर जीवन बसर करने वाले हर एक लोगों तक सरकार की हर एक योजना पहुंचे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सरकार के एक एक छोटी बड़ी योजनाओं को हर एक परिवार तक पहुंचाने के लिए कट्टीबद्ध है।

# आईएफडब्ल्यूजे के प्रदेश उपाध्यक्ष और आसा पार्टी प्रवक्ता की हुई बातें

## पार्टी विस्तार की गति तेज, 18 जनवरी को होगा राजगीर में कार्यकर्ता सम्मेलन

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिन्हा और आप सबकी आवाज (आसा) पार्टी के प्रवक्ता सह उपाध्यक्ष सह अध्यक्ष (कलमजीवी प्रकोष्ठ) डॉ प्रभात चंद्रा की पार्टी की गतिविधियों पर विस्तार से हुई बातें। वार्ता के क्रम में श्री सिन्हा ने कई प्रश्न किए जिसका उत्तर डॉ प्रभात चंद्रा ने विस्तार से दिया। जितेन्द्र कुमार सिन्हा :- आप सबकी आवाज (आसा) पार्टी एक राष्ट्रीय पार्टी होने की घोषणा की थी, क्या बिहार से बाहर देश के अन्य राज्यों में पार्टी की विस्तार हुई? डॉ प्रभात चंद्रा :- आसा पार्टी अपनी पार्टी का विस्तार लगातार कर रही है। देश के कई राज्यों में पार्टी की मजबूती के लिए अध्यक्षों की नियुक्ति हुई है। जितेन्द्र कुमार सिन्हा :- यदि कुछ राज्यों और उस राज्य में नियुक्त किए गए पार्टी अध्यक्ष का नाम बताना चाहेंगे? डॉ प्रभात चंद्रा :- अवश्य बताना चाहूंगा। देश के सिक्किम प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष देवानन्द अग्रवाल को, हरियाणा प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष सुनील सेहगल को, पश्चिम बंगाल का प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वंसल को नियुक्त किया गया है और अन्य राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करने की कारवाई चल रही है।

जितेन्द्र कुमार सिन्हा :- राष्ट्रीय स्तर पर उपाध्यक्ष और महासचिव का भी नियुक्ति हुई है?

डॉ प्रभात चंद्रा :- हां हुई है। कवल दीप सिंह जी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के साथ-साथ ब्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नियुक्ति किया गया है। वहीं, अमित रजक जी को राष्ट्रीय महासचिव के पद पर नियुक्ति किया गया है। लव किशोर निषाद जी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर, विनय कुमार उर्फ गुड्डू साह जी को राष्ट्रीय महासचिव के पद पर नियुक्ति किया गया हैं ।जितेन्द्र कुमार सिन्हा:- आप सबकी आवाज पार्टी महिलाओं को भी तरजीह दे रही हैं?

डॉ प्रभात चंद्रा :- यह भी पूछने की बात है। हमारी पार्टी महिलाओं में रीता देवी को नारी शक्ति प्रकोष्ठ गिरियक का प्रखण्ड अध्यक्ष बनाया है। वहीं, उर्मिला देवी को नारी शक्ति प्रकोष्ठ बेन का प्रखण्ड अध्यक्ष बनाया गया है।

जितेन्द्र कुमार सिन्हा :- पार्टी में पिछड़ा प्रकोष्ठ का गठन हुआ है?

डॉ प्रभात चंद्रा :- हां, पिछड़ा प्रकोष्ठ ही नहीं बल्कि 26 प्रकोष्ठ का गठन हो चुका है। अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदन कुमार सहनी को बनाया गया है। कलमजीवी प्रकोष्ठ का मै स्वयं ही प्रदेश अध्यक्ष हूं ।जितेन्द्र कुमार सिन्हा :- अल्पसंख्यकों की भागीदारी और गतिविधियों की भी कुछ जानकारी देना चाहेंगे? डॉ प्रभात चंद्रा :- क्यों नहीं। आसा पार्टी प्रदेश में लगभग सभी जिलों में जिला अध्यक्ष की नियुक्ति हो चुकी है। आप की जानकारी के लिए बता दूं कि अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह बिहार प्रदेश अध्यक्ष सरफराज अहमद को बनाया गया है और सरफराज अहमद जी ने अपने प्रकोष्ठ का विस्तार करते हुए बिहार प्रदेश के 32 जिलों में जिला अध्यक्ष मनोनीत कर दिया है।

# पाटलिपुत्र और बलिया के मध्य पैसेंजर स्पेशल ट्रेन का परिचालन



प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पाटलिपुत्र और बलिया के मध्य एक पैसेंजर स्पेशल 05297/05298 ट्रेन के परिचालन का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन पाटलिपुत्र और बलिया से 10 जनवरी से 31 मार्च, 2025 तक प्रतिदिन चलायी जाएगी।

गाड़ी सं. 05297 पाटलिपुत्र-बलिया पैसेंजर स्पेशल पाटलिपुत्र से प्रतिदिन 08.15 बजे खुलकर 10.40 बजे छपरा सहित विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए 12.45 बजे बलिया पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 05298 बलिया-पाटलिपुत्र पैसेंजर स्पेशल बलिया से 13.00 बजे खुलकर 15.10 बजे छपरा रुकते हुए 17.55 बजे पाटलिपुत्र पहुंचेगी।

## गोरखपुर-गोण्डा रेलखंड पर इंजीनियरिंग कार्य हेतु ब्लॉक, ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर। रेल प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुविधा हेतु लखनऊ मण्डल के गोरखपुर-गोण्डा रेल खण्ड पर स्थित टिनिच-गौर-बभनान स्टेशनों के मध्य अप लाइन पर इंजीनियरिंग कार्य हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण निम्नलिखित 02 ट्रेनों का परिचालन परिवर्तित मार्ग से किया जाएगा । 1.दिनांक 13, 20 एवं 27 जनवरी तथा 03, 10 एवं 17 फरवरी, 2025 को कटिहार से खुलने वाली गाड़ी सं. 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी।2.दिनांक 15, 22 एवं 29 जनवरी तथा 05, 12 एवं 19 फरवरी, 2025 को सहरसा से खुलने वाली 05577 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनस स्पेशल परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी।

## मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासन सुस्त

प्रातः किरण संवाददाता

करपी। बैदराबाद शिवगंज राजकीय पथ पर शहर तेलपा बाजार के निकट सड़क पर बह रहा नाली का पानी की समस्या वर्षों से जस का तस बना हुआ है। कोई भी प्रतिनिधि या पदाधिकारी इसके प्रति जागरूक नजर नहीं आ रहा ।उक्त स्थान पर सड़क के किनारे बसे दलित टोला के लोग को काफी परेशानी झेलना पड़ रहा है। इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को आवागमन में भी काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। सड़क पर गिर रहे लगातार पानी के कारण सड़क पर बड़े बड़े गढ़े बन चुके है जिसके कारण कई बार वाहन दुर्घटनाग्रस्त भी हो जाती है । आसपास के लोगों का कहना है कि बाजार के तरफ से जो नाली आई है वो इस दलित टोला के आपस आकर ही समाप्त हो जाती है ।इसके आगे नाली के पानी के निकास के लिए कोई उपाय नहीं किया गया है जिसके कारण पानी सड़क पर ही पसरा रहता है। रोजाना ही इस सड़क से कोई न कोई प्रतिनिधि या बड़े पदाधिकारी की गाड़ी गुजरती है लेकिन किसी ने वर्षों से बनी इस समस्या की सुध नहीं ली। वर्तमान में अरवल जिले में मुख्यमंत्री के संभावित यात्रा की तैयारी में पदाधिकारी लगे है और शहर तेलपा थाना क्षेत्र के ही बेलखरा पंचायत में की यात्रा संभावित तय मानी जा रही है बावजूद बेलखरा से कुछ ही दूरी पर शहर तेलपा के नजदीक बने इस समस्या को जिला स्तरीय पदाधिकारी नजर अंदाज किए हुए है।

## ट्रक पर लदा हुआ 625 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो कारोबारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता




शेरघाटी। डोभी प्रखंड क्षेत्र के बहेरा थाना के द्वारा एक ट्रक पर 625 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ तो अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए शेरघाटी एएसपी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि वरिय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार कार्रवाई करते हुए बहेरा थाना एनएच 99 पर वाहन जांच के दौरान एक ट्रक गाड़ी नम्बर बीआर 25जी 6403 पर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के गगिरफ्त में आए शराब कारोबारी के पहचान गणेश यादव एवं उदय यादव दोनों जहानाबाद जिले के गाजीपुर टोली गांव के रहने वाले हैं । पकड़े गए दोनों आरोपी के पास से दो मोबाइल को भी बरामद किया गया है जिसकी जांच पड़ताल की जा रही है।

# कर्नाटक में कावेरी संगम और गुम्बज दर्शनीय स्थल



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। कर्नाटक राज्य में श्रीरंगपटना से लगभग तीन किलोमीटर दूर कावेरी नदी, लोकपावनी नदी और हेमावती नदी, इन तीन पवित्र नदियाँ एक साथ मंड्या जिला में मिलती है। इसलिए इस जगह को ‟कावेरी संगम‟ के नाम से जाना जाता है और कर्नाटक में यह स्थान ‟कावेरी संगम‟ से प्रसिद्ध है। इस ‟कावेरी संगम‟ को कावेरी नदी के उत्तरी और दक्षिणी द्वीप भी कहा जाता हैं। इन नदियों के संगम को पवित्र स्थान माना जाता है और बहुत से लोग यहाँ पानी में डुबकी लगाने के लिए आते हैं। ‟कावेरी संगम‟ नदी तट पर एक मंदिर भी स्थित है।

कर्नाटक राज्य में बहने वाली नादियों में एक नदी है हेमावती नदी। यह नदी कर्नाटक राज्य के चिकमंगलूर जिले के मुदिगेरे तालुका में स्थित है। हेमावती नदी हासन जिले से होकर बहती है और इस जिले के गोरुर गाँव में इस नदी पर एक बाँध बना हुआ है। इसकी मुख्य सहायक नदी है यागाची नदी। हेमावती नदी और यागाची नदी एक साथ मिलकर मांड्या जिले में प्रवेश करती है और फिर कृष्णराजसागर के पास कावेरी नदी में मिल जाती है। हेमावती नदी भी कावेरी नदी की एक सहायक नदी है।

लोकपावनी नदी उन पांच नदियों में से एक है जो कर्नाटक के मांड्या जिले से होकर बहती है। यह एक बारहमासी नदी है और कावेरी नदी की सहायक नदियों में से एक है। यह होनाकरे से निकलती है और श्रीरंगपटना से लगभग 3 किलोमीटर दूर कावेरी में मिलने से पहले अरिघट्टा पहाड़ियों से होकर बहती है। यह संगम बिंदु न केवल इन दो नदियों के संगम का प्रतीक है, बल्कि यह वह बिंदु भी है जहां कावेरी की दो अन्य सहायक नदियां नदी में मिलती हैं। लोकपावनी नदी 150 गांवों से होकर गुजरती है और इसमें दो एनीकट हैं। एक बोलेनहल्ली में है और दूसरा उय्यानहल्ली में है।

## मानिकपुर थाने में बिजली चोरी को लेकर चार लोगों पर दर्ज हुई प्राथमिकी, लगाया गया 146222 रुपए का जुमार्ना

कुर्था (अरवल) । साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के निर्देश पर बिजली विभाग के द्वारा चलाए जा रहे छापेमारी अभियान के तहत मानिकपुर थाना क्षेत्र के अहमदपुर हरना में छापेमारी अभियान चलाकर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बिजली चोरी को लेकर चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए 146222 रुपए का जुमार्ना लगाया है उक्त मामले को लेकर कनीय विद्युत अभियंता सूरज कुमार के बयान पर चार लोगों पर केस दर्ज की गई है। जिसमें अहमदपुर हरना निवासी राम विनय कुमार पर 48191 अहमदपुर हरना निवासी सहजानंद सरस्वती पर 65484 अहमदपुर हरना गांव निवासी राजेंद्र मिस्त्री पर 10548 अहमदपुर हरना का निवासी राम लखन कुमार पर 21999 का जुमार्ना लगाया गया है छापेमारी अभियान में कनीय विद्युत अभियंता के अलावे कई मानव बल शामिल थे।

## संरक्षा आयुक्त ने किया सोननगर-पतरातू तीसरी लाईन परियोजना अंतर्गत नवनिर्मित 20.55 किमी लंबे रीचुघुटा-बेन्दि विद्युतीकृत रेलखंड का निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता



हाजीपुर। सुवोमोय मित्रा, संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल, कोलकाता द्वारा आज दिनांक 09.01.2025 को सोननगर-पतरातू तीसरी लाईन परियोजना के अंतर्गत नवनिर्मित 20.55 किमी. लंबे रीचुघुटा-बेन्दि विद्युतीकृत रेलखंड का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के क्रम में संरक्षा आयुक्त (रेलवे) ने पहले रीचुघुटा से बेन्दि तक मोटर ट्रॉली द्वारा निरीक्षण किया । इसके उपरांत स्पेशल ट्रेन द्वारा रीचुघुटा से बेन्दि तक स्पीड ट्रायल भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ । निरीक्षण के दौरान धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल किशोर सिन्हा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे ।

विदित हो कि 291 किमी लंबे सोननगर-पतरातू तीसरी लाइन परियोजना वर्ष 2015-16 में 4500 करोड़ की लागत से स्वीकृत की गयी थी । यह बिहार के औरंगाबाद और झारखंड के रामगढ़, हजारीबाग, लातेहार, पलामू और गढ़वा जिलों से होकर गुजरती है।

सोननगर-पतरातू तीसरी लाइन परियोजना को अलग-अलग चरणों में पूरा किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज लगभग 21 किमी लंबे रीचुघुटा-बेन्दि रेलखंड का निर्माण कार्य पूरा होने के उपरांत संरक्षा आयुक्त (रेलवे) द्वारा इसका निरीक्षण किया गया । इस प्रकार अब तक इस परियोजना के तहत कुल 143.55 किमी का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है ।

## जीबीएम कॉलेज में अभाविप की नई इकाई का हुआ पुनर्गठन

गया। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा कॉलेज में नई इकाई का पुनर्गठन किया गया ।मौके पर विद्यार्थी परिषद दक्षिण बिहार प्रांत के सोशल मीडिया सदस्य मैक्स अवस्थी ने बताया कि आज विद्यार्थी परिषद अपने अलग-अलग आयामों के माध्यम से समाज में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है ।राष्ट्रीय कला मंच के माध्यम से कला के क्षेत्र में, खेलो भारत के माध्यम से खेल के क्षेत्र में , एसएफडी के माध्यम से पर्यावरण के क्षेत्र में, एसएफएस के माध्यम से सेवा के क्षेत्र में कार्य निरंतर जारी है। इस अवसर पर अध्यक्ष पद पर आन्या कुमारी, उपाध्यक्ष वैष्णवी कुमारी, श्रेया मिश्रा, अंजलि कुमारी, रोशनी, मंत्री हर्षिता मिश्रा सह मंत्री प्यारी कुमारी, सामंती, रागिनी, अन्नू, कौशल्या कुमारी, राष्ट्रीय कला मंच में कशिश कुमारी, सोशल मीडिया प्रमुख गीतांजलि कुमारी, एनसीसी प्रमुख मनु कुमारी, एसएफएस प्रमुख आदि थे।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल का किया गया वितरण



प्रातः किरण संवाददाता

गया ।कड़ाके की ठंड व शीतलहरी को देखते हुए गुरुवार को रोटरी गया सिटी के तत्वावधान में ऋतु डालमिया एवं शिव अरुण डालमिया के द्वारा रसूलगंज, अगनी, अदियापुर, चंदनकटी, सरजापुर, मियांबिगहा, डगुनियां टाड, धनसिरा, सहित अन्य गांवों के लगभग 150 लोगों को एक स्थान पर कंबल का वितरण किया गया ।इस दौरान दुर दराज से आने वाले लोगों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी। मौके पर ऋतु डालमिया ने बताया कि दिन प्रतिदिन बढ़ रही सर्दी में गरीब, जरूरतमंद लोगों को देखते हुए दस गांवों में करीब150 लोगों को कंबल वितरण किया गया ।वहीं शिव अरुण डालमिया ने बताया कि ठंड व शीतलहरी से कोई प्रभावित न हो इसपर विशेष रूप से ध्यान रखते हुए कंबल वितरण किया गया ।

साथ ही उन लोगों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी ।अंत में आर्ट ऑफ लिविंग के वेंकटेश ने नशामुक्ति, जैविक खेती के बारे में विस्तार रूप से लोगों को जानकारी दी ।इस मौके पर शिव अरुण डालमिया, ऋतु डालमिया कई स्थानीय लोग मौजूद थे।

# माता मंगला के दरबार में श्रद्धालु मांगते हैं मंगलमय जीवन का आशीर्वाद

प्रातः किरण संवाददाता



गया ।बिहार के धार्मिक स्थलों की बात करें तो प्रायः हर जिले में एक से बढ़कर एक तीर्थ स्थल हैं। हालांकि इनमें सबसे खास मोक्ष की नगरी गया धाम है ।ये बौद्ध के साथ-साथ हिंदू धर्म के लिये भी विशेष स्थान रखता है ।यहां के प्रसिद्ध मंदिरों में से एक देवी दुर्गा को समर्पित मां मंगला गौरी मंदिर है। जिसे शक्तिपीठ की मान्यता प्राप्त है ।भस्मकूट पर्वत पर गुफा में विराजित मां मंगला देवी के दर्शन पूजन करने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु यहां मन्नत मांगने आते हैं। स्थानीय लोगों के अलावे प्रतिदिन दक्षिण भारत से भी भारी संख्या में पिंडदानीयों की भीड़ लगी रहती है। ऐसा कहा जाता है कि मां मंगला की पूजा-अर्चना करने से सारी मनोकामनाएं पूरी होती है।

मंगला गौरी मंदिर को पालनहार पीठ या पालनपीठ भी कहा जाता है। 15वीं सदी में बना यह मंदिर 18 महाशक्तिपीठों में से एक है। दरअसल देवी सती का वक्ष स्थल यहीं पर गिरा था। पौराणिक कथाओं के मुताबिक जब भगवान शिव सती के शरीर को लेकर तीनों लोकों में घूम रहे थे तब सृष्टि को बचाने के लिए भगवान विष्णु ने देवी सती के शरीर को सुदर्शन चक्र से काट दिया था। ऐसे में सती के शरीर के टुकड़े धरती पर चारों ओर बिखर गए थे। उनमें से एक वक्ष स्थल का भाग गया के भस्मकूट पर्वत पर गिरा था।

मंदिर के अंदर आदि अनादि काल से अनवरत ज्योत जलती आ रही है ।श्रद्धालु आरती कुमारी बताती है कि ऐसी आस्था है कि भस्मकूट निवासिनी मां मंगला देवी सबकी मुरादे पूरी करती है। उसके दरबार में जो कोई भी सच्चे दिल से जाता है उसके सारे काम बन जाते हैं ऐसा ही मां का सच्चा दरबार है। मंगलदायनी मां मंगला अपने भक्तों पर हर पल हर घड़ी मंगलमय बनाए रखती हैं। उन्हें बताया कि मां का आशीर्वाद पाकर सचमुच मन में सुकून और शांति मिली ।स्थानीय निवासी वीणा गिरी ने बताया कि कि मंगला गौरी मंदिर में मंगलवार को दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहती है ।सावन महीने के प्रत्येक मंगलवार को महिलाएं मंगला गौरी का व्रत रखती है। नवरात्रि के दिनों में मां मंगला की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है ।इस पूजा में देवी माला गौरी को 16 तरह की चूड़ियां, सात प्रकार के फल और पांच तरह की मिठाइयां अर्पित की जाती है ।सबसे पहले देवी की प्रतिमा को दूध, दही और जल से स्नान कराने के बाद लाल कपड़े में लपेटा जाता है। फिर सिंदूर, मेहंदी और काजल से देवी का श्रृंगार किया जाता है। दरअसल यहां पर देवी के वक्षस्थल को पोषाहार का स्वरूप मानकर पूजा जाता है।

## सांसद अभय कुशवाहा ने पूर्व आईएस स्व किशोर कृणाल पुष्पांजलि अर्पित की



गया ।संसदीय दल राजद सह औरंगाबाद सांसद माननीय अभय कुशवाहा ने पटना के कुर्जी सदाकत आश्रम में पहुंचकर स्व० किशोर कृणाल सेवानिवृत आईएएस के चित्र पर माल्यार्पण कर श्राद्ध सुमन अर्पित किये है। साथ में उनके परिजन सितामढी सांसद शांभवी चौधरी एवं परिवार जनो को सांत्वना व्यक्त किए औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा ने।

# 15 लाख रूपया लेकर फरार हुआ प्राईवेट फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी, पुलिस जांच में जुटी

**■ गुस्साएं लोगों ने जमकर काटा बवाल, कार्यालय में की तोड़फोड़, सड़क जाम**

प्रातः किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। उदाकिशुनगंज में एक प्राइवेट फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी इलाके के करीब पांच सौ लोगों से करीब 15 लाख रुपया लेकर फरार हो गया। गुस्साएं लोगों ने कंपनी का कार्यालय में तोड़फोड़ की। वहीं जिस मकान में कार्यालय चल रहा था, उस मकान मालिक के साथ भी मारपीट की। मकान मालिक को पुलिस ने भीड़ से बचाया। वहीं लोगों ने उदाकिशुनगंज - बिहारीगंज स्टेट हाइवे 91 को जाम कर दिया। बाद में लोग उदाकिशुनगंज थाना का घेराव किया। पुलिस माईकिंग के जरिए भीड़ में शामिल लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे थे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बिहारीगंज थाना की पुलिस और एसडीपीओ अविनाश कुमार भी पहुंचे। एसडीपीओ के समझाने पर लोग शांत हुए। जहां खबर लिखे जाने तक लोगों की भीड़ जमा थी। जानकारी के अनुसार उदाकिशुनगंज अनुमंडल के बिहारीगंज थाना अंतर्गत गोरपार गोरियारी टोला के समीप एसएच 91 के किनारे गुलाब दास के मकान में फेडरल बैंक नाम से फाइनेंस कार्यालय चल रहा था।

यह कार्यालय विगत कई माह से किराए के मकान में चल रहा था। जहां दर्जनों कार्यालय कर्मी घूम घूम के पूर्णिया जिला अंतर्गत बड़हरा, कसमरा, मोजमपट्टी एवं मधेपुरा जिला अंतर्गत चंदा, पैना, बिहारीगंज, मुरलीगंज आदि गांवों जाकर महिलाओं को प्रलोभन देकर जाल में फंसाया। लोगों से कहा गया सभी तीन - तीन हजार रुपए जमा करें।

वहीं 12 लोगों का समूह बनाकर रूपया की वसूल की गई। फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी ने लोगों को बताया कि तय राशि जमा करने पर 75 हजार का लोन आसानी से मिल जाएगा। लोग कर्मचारी के झांसे में आकर तीन - तीन हजार रूपए जमा किए। लोगों को पावती रसीद भी दिया गया। लोन की राशि के लिए सबों को गुरुवार को कार्यालय बुलाया गया था। गुरूवार को ही लोगों को लोन की राशि मिलने की बात बताया गया था। जब गुरूवार को लोग कंपनी के पते वाले कार्यालय पर पहुंचे तो ताला लटका पाया। वहीं कर्मचारियों का मोबाइल स्विच ऑफ मिला। लोगों का शक गहराया गया। मकान मालिक भी लोगों को संतोषप्रद जबाव नहीं दे पाए। लोगों का कहना था कि मकान मालिक की भी सहभागिता है। आक्रोशित लोगों ने पहले कार्यालय के गेट को पत्थर से तोड़ दिया। घर में तोड़फोड़ की खबर पर मकान मालिक सहित परिजन पहुंचे।

# कोसी रेंज डीआईजी ने किया हाईटेक सुविधा से लेस जिला नियंत्रण कक्ष का विधिवत उद्घाटन

## 24 घंटे पुलिस नियंत्रण कक्ष काम करेगा:डीआईजी

प्रातः किरण संवाददाता



मधेपुरा। पुलिस आम लोगों की सुविधा और किसी तरह की आपराधिक घटनाओं को तत्काल निपटने के लिए धीरे-धीरे हाईटेक हो रही है। जिले में अब 24 घंटे पुलिस नियंत्रण कक्ष काम करेगा। मधेपुरा सदर थाना परिसर स्थित नए भवन में पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह की उपस्थिति में डीआइजी मनोज कुमार ने अत्याधुनिक जिला नियंत्रण कक्ष का शुभारंभ किया। शुभारंभ के साथ ही जिला नियंत्रण कक्ष फंक्शनल हो गया है। वहीं इस मौके पर डीआइजी मनोज कुमार ने बताया कि जिला नियंत्रण कक्ष काम करने लगा है। नियंत्रण कक्ष से ई-मेल, बेसिक फोन, मोबाइल, इंटरनेट मीडिया सहित अन्य पर नियंत्रण रहेगा। इससे पुलिस को कार्य करने में आसानी होगी। प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी पहल है। वायरलेस वेहतर और विश्वसनीय सोर्स है, उसे आज से संगठित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक, एसडीपीओ सहित सभी पुलिस पदधिकारी एवं थाना भी वायरलेस से जुड़ गया है। ट्रैफिक हो या पुलिस का कोई अन्य विभाग हो सभी का कार्य नियंत्रण कक्ष से प्रारम्भ होगा। डीआइजी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति का लैंडलाइन फोन, मोबाइल फोन के जरिए काल कर अथवा ई- मेल आदि से किसी प्रकार की शिकायत नियंत्रण कक्ष को मिलेगा तो उसे लाग बुक में अंकित करते हुए उसी सूचना पर पुलिस पदाधिकारी त्वरित कार्यवाई शुरू करेंगे। सभी तरह की कारवाई अब नियंत्रण कक्ष से संचालित होगा। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रवेद्र भारती, मुख्यालय डीएसपी मनोज मोहन, ट्रैफिक डीएसपी चेतनानंद झा, प्रशिक्षु डीएसपी स्नेह सेतु, प्रभारी सदर थानाध्यक्ष इंद्रजीत तांती सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## प्रशासन किया शिविर का आयोजन,लोगों की समस्याओं का किया गया निष्पादन

जमुई/ई०अलीगंज। जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को अलीगंज प्रखंड के आढ़ा पंचायत के मध्य विद्यालय परिसर में शिविर का आयोजन पंचायत के मुखिया हिना कौसर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ अभिषेक भारती, एमो सन्नी कुमार दिवाकर,पीओ असलम हुसैन, प्रभारी चिकित्सा पर अधिकारी साजिद हुसैन, सीडीआपो ज्योति कुमारी ,मुखिया प्रतिनिधि समशाद आलम ,ने संयुक्त रूप से फीता काटकर दीप प्रज्वलित करते हुए आरम्भ किया।इस शिविर में सभी विभाग राजस्व विभाग , चिकित्सा विभाग ,मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, कृषि विभाग, वाल विकास परियोजना, बिजली विभाग, आपूर्ति विभाग, कृषि विभाग,पीएचडी सहित अन्य विभाग के द्वारा अलग-अलग स्टाल लगाकर मामले का ऑन स्पोर्ट निदान करने तथा सरकार द्वारा सम्बंधित विभाग के माध्यम से चलाये जा रहे है ।

# छात्र जदयू मधेपुरा का पुनः दूसरी बार जिला अध्यक्ष बने अभिमन्यु पटेल

प्रातः किरण संवाददाता




मधेपुरा। बिहार प्रदेश छात्र जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राधेश्याम ने संगठन को सशक्त, मजबूत एवं धारदार बनाने के लिए छात्र जिला अध्यक्ष का मनोनयन किया है एवं पत्र भी जारी किया है। इसी कड़ी में पुनः दूसरी बार अभिमन्यु पटेल को छात्र जदयू मधेपुरा के जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है।

अभिमन्यु पटेल छात्र हित में जिला एवं प्रखंड में हमेशा अपनी आवाज बुलंद करते रहे हैं, छात्रों की कोई भी समस्या को वरीय अधिकारियों तक तक्षण पहुँचाकर समाधान कराते हैं। अपनी मेहनत व संघर्ष के बल पर यहां तक पहुँचे है। इन्होंने मनोनयन पर मधेपुरा सांसद दिनेशचंद्र यादव एवं पूर्व मंत्री सह जदयू जिला अध्यक्ष रमेश ऋषिदेव, छात्र जदयू प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राधेश्याम एवं छात्र जदयू बीएनएमयू अध्यक्ष निखिल सिंह यादव के प्रति आभार प्रकट किया है। अभिमन्यु पटेल ने कहा कि जिस उम्मीद से मुझे पुनः दूसरी बार छात्र जदयू मधेपुरा का जिला अध्यक्ष बनाया गया है, उस पर मैं हर पल खड़ा उतरने का प्रयास करूंगा। छात्र जदयू संगठन और मजबूत करूंगा एवं छात्रहित में मजबूती से संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार का आभार प्रकट किया एवं उनके द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को छात्रों के बीच पहुंचाने का कार्य करेंगे।

अभिमन्यु पटेल के छात्र जदयू जिला अध्यक्ष बनने पर पूर्व मंत्री सह वर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश ऋषिदेव, मधेपुरा सांसद दिनेश चंद्र यादव, बिहार विधानसभा उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव, बिहारगंज विधायक निरंजन मेहता, मधेपुरा सांसद प्रतिनिधि बिजेंद्र नारायणयादव, जदयू नेता निखिल मंडल, डॉ. अमरदीप, युगल पटेल, महेंद्र पटेल, जदयू महासचिव सत्यजीत यादव, युवा जदयू मधेपुरा जिला अध्यक्ष नवीन कुमार मेहता, मनोज भटनागर, जदयू जिला प्रवक्ता राजीव जोशी, जदयू नेता सुजीत मेहता, जदयू नेता अशोक चौधरी, महिला मधेपुरा जिला अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा देवी, छात्र जिला उपाध्यक्ष अमित पटेल, छात्र जदयू विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष सनोज यादव, छात्र जदयू विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष शिवम सिंघानिया, निवर्तमान जदयू जिला उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार, जदयू नेता आदि ने बधाई व शुभकामना दी है।

# प्रशांत किशोर और बीपीएससी अभ्यर्थियों के खिलाफ कार्रवाई निंदनीय : रंजीत सिंह

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा । जन सुराज पार्टी के जिला मुख्य प्रवक्ता रंजीत सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मधेपुरा में पटना में पार्टी के नेता प्रशांत किशोर के खिलाफ हुई कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। रंजीत सिंह ने बताया कि प्रशांत किशोर बी पी एस सी छात्रों के समर्थन में उनकी मांगों को लेकर गांधी मैदान में शांतिपूर्ण तरीके से 2 जनवरी से अनशन पर बैठे थे। 6 जनवरी की सुबह करीब 4 बजे पुलिस ने अनशन पर बैठे प्रशांत किशोर, बी पी एस सी छात्रों और अन्य समर्थकों को बलपूर्वक अनशन स्थल से हटाया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करना देश के हर नागरिक का मौलिक अधिकार है। गांधी मूर्ति के नीचे अगर बैठ कर कोई सत्याग्रह कर रहा है तो इसमें क्या गुनाह है? सरकार को इस बात का जवाब देना चाहिए। रंजीत सिंह ने आगे बताया कि जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर 2 जनवरी से लगातार आमरण अनशन पर हैं। बिहार में बी पी एस सी परीक्षा में हुई धांधली और अनियमितताओं के खिलाफ छात्रों के आंदोलन को समर्थन देते हुए प्रशांत किशोर सबसे पहले 29 दिसंबर को पटना के गांधी मैदान में छात्र संसद में शामिल हुए थे। छात्र संसद में ये निर्णय हुआ कि मार्च निकाला जाए। पुलिस ने छात्रों के मार्च को जेपी गोलंबर पर रोक दिया था। प्रशांत किशोर जी छात्रों के प्रतिनिधिमंडल और हजारों छात्रों के साथ इस मार्च का नेतृत्व कर रहे थे। अधिकारियों ने छात्रों के प्रतिनिधिमंडल को बिहार के मुख्य सचिव से मिलवाने का वादा किया और सभी छात्रों से मार्च को खत्म करने की अपील की। प्रशांत जी ने भी ये बात मीडिया और छात्रों के साथ साझा किया। इसके प्रशांत जी और ज्यादातर छात्र वहां से लौट गए। इसके बाद पुलिस ने कायरतापूर्ण कार्रवाई करते हुए कुछ बचे हुए सैकड़ों छात्र पर लाठियां बरसाई, पानी की बौछार की और उन्हें बेरहमी से पीटा। इस घटना से प्रशांत किशोर जी बेहद आहत हुए। हालांकि अगले दिन छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने बिहार के मुख्य सचिव से मुलाकात की और अपनी बातों को रखा। प्रशांत किशोर जी ने 30 दिसंबर को कहा कि अगर सरकार 2 दिनों में छात्रों की मांगों पर विचार नहीं करती है तो वो खुद 2 जनवरी से बी पी एस सी के छात्रों के साथ सत्याग्रह करेंगे। सरकार ने बी पी एस सी छात्रों की मांगें नहीं मानी। इसके बाद 2 जनवरी से प्रशांत किशोर जी छात्रों के साथ पटना में गांधी मैदान में गांधी मूर्ति के नीचे आमरण अनशन पर बैठ गए।

उन्हें लगातार छात्रों का समर्थन मिलता रहा और बिहार के सभी ज़िलों के युवा, छात्र और उनके माता-पिता इस अभियान से जुड़ते चले गए और बड़ी संख्या में लोग पटना के गांधी मैदान पहुंच कर प्रशांत जी को अपना समर्थन देने लगे। प्रशांत जी को पूरे बिहार से मिल रहे इस व्यापक समर्थन से घबरा कर नीतीश और भाजपा की सरकार ने एक बार फिर कायरता दिखाई और 6 जनवरी के अहले सुबह करीब 4 बजे प्रशांत किशोर जी समेत सभी अनशनकारियों को जबरन उठाकर ले गई और गिरफ्तार कर उनके ऊपर एफ आई आर कर दिया। प्रशांत जी को पुलिस 5 घंटे से अधिक एंबुलेंस और फिर अन्य वाहन में पटना और उसके आसपास के इलाके में घुमाती रही। फिर उन्हें कोर्ट लेकर गई, जहां से उन्हें जमानत मिल गया। छात्रों और आमलोगों ने इस पुलिसिया कार्रवाई का भारी विरोध किया।

हजारों की संख्या में लोगों ने पटना में सड़क पर उतरकर प्रशांत किशोर और अन्य लोगों की गिरफ्तारी का विरोध किया। पुलिस ने प्रशांत किशोर जी को सिविल कोर्ट में पेश किया, जहां उन्होंने सशर्त बेल लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद उन्हें बेऊर जेल ले जाया गया। उनके बेऊर जेल पहुंचने के कुछ घंटों के भीतर ही कोर्ट ने उन्हें बिना शर्त जमानत दे दी। इस बीच प्रशांत किशोर जी ने अपना आमरण अनशन जारी रखा है।

## श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी ने छापा मारकर किया दो बच्चे को रेस्क्यू

पुरैनी (मधेपुरा)। पुरैनी प्रखंड मुख्यालय के डुमरैल चौक पर दो अलग- अलग दुकानों में गुप्त सूचना के आधार पर जिला धावा दल (श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी) ने छापा मार दो बाल श्रमिक को रेस्क्यू कर बाल सुधार गृह में भेज दिया हैं। बता दें कि बुधवार को दोपहर तकरबन एक बजे एकाएक श्रम प्रवर्तन की गाड़ी देख आसपास की दुकानदारों में हड़कंप का माहौल बन गया। वही स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि विगत कई महीनो से लाडली स्वीट्स कॉर्नर में पुरैनी बाजार के वार्ड संख्या 7 निवासी मो. फारूक आलम के पुत्र मो. आरिफ और आरिफ मोटरसाइकिल गैरेज में कलासन धुरिया के वार्ड 7 निवासी मिथिलेश राम के पुत्र अभिनंदन कुमार कार्य कर रहे थे जिन्हें रेस्क्यू किया गया। उक्त धावा दल में रंजन कुमार सिंह श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी पुरैनी, कुमारी शैलजा श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मुरलीगंज, चंदन पासवान श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मधेपुरा और सागर कुमार चौधरी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी उदाकिशुनगंज मौजूद रहे।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव का श्रद्धांजलि कार्यक्रम 12 को

मधेपुरा। जिला मुख्यालय के कपूर्री चौक स्थित शरद यादव निवास पर महागठबंधन के तत्वाधान में पूर्व केंद्रीय मंत्री सह समाजवादी नेता शरद यादव की पुण्यतिथि 12 जनवरी को आयोजित की जाएगी। यह जानकारी राजद नेता डॉ. अमरेश कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम दिन के 12 बजे से आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में पूर्व विधान परिषद सदस्य विजय कुमार वर्मा, पूर्व शिक्षा मंत्री सह सदर विधायक प्रो. चंद्रशेखर, सिंहेश्वर विधायक चंद्रहास चौपाल, राष्ट्रीय नेता शांतनु शरद यादव, पूर्व विधायक परमेश्वरी प्रसाद निराला, पूर्व विधायक अमित कुमार भारती, पूर्व विधायक भूपेंद्र ऋषिदेव, भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में गठबंधन के सभी नेता एवं शरद यादव के प्रति आस्था रखने वाले सभी कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शरद यादव को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

## लहटन चौधरी कॉलेज में सेमिनार को लेकर डॉ. किरण कुमारी ने की कुलसचिव से चर्चा

मधेपुरा। भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के अधीन संबद्ध डिग्री कॉलेज के विकास को लेकर लहटन चौधरी कॉलेज पस्तवार की सचिव डॉ. किरण कुमारी ने बीएनएमयू के कुलसचिव प्रो. (डॉ.) बिपिन कुमार राय सहित अन्य पदाधिकारियों से कॉलेज के सम्यकविकास और आगे की गतिविधियों पर विमर्श किया। उन्होंने कहा कि आजादी के 78 वर्ष बाद भारतीयसंविधान की सफलता और विफलता विषय पर एक सेमिनार का आयोजन करने पर विचार किया गया। सचिव ने कुलसचिव को सेमिनार आयोजित करने की जानकारी देते हुए उसमें शामिल होने का आग्रह किया। सचिव डॉ. किरण कुमारी ने शिक्षक और कर्मचारियों की सेवा सामंजन, अनुदान, पठन पाठन सहित अन्य गतिविधियों पर भी चर्चा की।

## हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार द्वारा आयोजित बैठक में रामपुकार कुमार होंगे शामिल

मधेपुरा । हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के सचिव राणा प्रताप सिंह ने सभी जिले के सचिव को स्पेशल मीटिंग के लिए 11 जनवरी को पटना बुलाया है। जहां मधेपुरा जिला सचिव के रूप में घैलाढ़ प्रखंड के भतरंधा परमानपुर पंचायत के वार्ड 15 परमानपुर गांव निवासी रामपुकार कुमार उक्त बैठक में शामिल होंगे।

## विकास अहमद ने सीवी रमन टैलेंट टैस्ट में प्राप्त किया जिला में 9 वां स्थान, परिजनों में खुशी

चौसा (मधेपुरा) ।चौसा प्रखंड क्षेत्र के चौसा पश्चिमी पंचायत वार्ड 4 चौसा बस्ती निवासी तबशीर अहमद के पुत्र वकास अहमद ने बिहार काउंसिल ऑन साइंस एंड टेक्नोलॉजी पटना के द्वारा आयोजित सी वी रमन टैलेंट सर्च टेस्ट इन साइंस 2025 तहत 7 वीं कक्षा की परीक्षा में उत्तीर्णता प्राप्त कर मधेपुरा जिला में 9 वीं स्थान प्राप्त किया। वकास ग्रीन क्रिसेंट चिल्ड्रेन एकेडमी, पहाड़पुर बाजार (सिमरी बख्तियारपुर) में अध्ययनरत हैं। इस अवसर पर पूर्व मुखिया सूर्य कुमार पटवे, सचिन उर्फ.बंटी पटवे, शिक्षक मशीर सिद्दकी, शिक्षक याहिया सिद्दकी,अबू साले सिद्दकी, जेडीयू नेता मनोज प्रसाद, राजद नेत्री सीमा गुप्ता, भाजपा नेता अरुण मंडल, लोजपा नेता मनोवर हुसैन आदि ने बधाई दी।

## जमुई के सांसद क्षेत्रीय प्रत्यक्ष कर सलाहकार समिति सदस्य नामित

जमुई । जमुई लोकसभा के सांसद सह मुख्य सचेतक लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास)आदरणीय अरुण भारती को भारत सरकार संसदीय मंत्रालय ने संसदीय कार्य मंत्रालय ने क्षेत्रीय प्रत्यक्ष कर सलाहकार समिति के सदस्य नामित किया है। माननीय सांसद को संसदीय कार्य मंत्रालय के सचिव अनिल कुमार ने इस आशय की लिखित जानकारी दी है। समिति के सदस्य बनाए जाने पर माननीय सांसद अब बिहार के करदाताओं को हो रही परेशानी व उनकी सुविधाओं के बारे में न सिर्फ वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग से जानकारी ले सकेंगे ।

# पत्रकार महासंघ द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन समारोह-सह-मकर संक्रांति पर्व मनाया गया

प्रातः किरण संवाददाता



मधुबनी। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के मधुबनी जिला इकाई द्वारा संगठन के नए प्रदेश अध्यक्ष प्रो. जगदीश प्रसाद यादव का अभिनंदन किया गया। अभिनंदन समारोह का आयोजन जयनगर के इन्टर महिला कॉलेज के सभागार में हुआ जहा माला पहनाकर जिला अध्यक्ष नारायण यादव ने प्रदेश अध्यक्ष को बधाई दी। सभी सदस्यों ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते हुए 2025 में राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का प्रस्ताव रखा। संगठन के रजत जयंती वर्ष पर राष्ट्रीय और प्रदेश पदाधिकारियों को बुलाने पर सहमति बनी। जिला कोषाध्यक्ष संजय कुमार पंडित ने पिछले वर्ष 2024 में आयोजित कार्यक्रमों का लेखा-जोखा रखते हुए आगामी योजनाओ का प्रस्ताव रखा। जिला महासचिव मनीष सिंह यादव ने बैठक में हुए निर्णयो पर सहमति जताई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार प्रदेश अध्यक्ष प्रो. जगदीश प्रसाद यादव और संचालन सुरेश कुमार गुप्ता ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साहित्यकार नारायण यादव ने पत्रकारों पर हो रहे हमले और चौथे स्तम्भ की सुरक्षा पर बल दिये। सचिन कुमार कसेरा ने गीत के अंदाज में पत्रकारो की स्थिति को बताया।

राहुल शर्मा ने संगठन की आवश्यकता पर बल दिये। पिंकी झा ने दुष्ट प्रवृत्ति के तत्वों की आलोचना की। गोविंद जोशी ने नकारात्मक लोगो के हतोत्साहन से दूर रहने की सलाह दी। प्रदेश अध्यक्ष प्रो. जगदीश प्रसाद यादव ने संगठन को बिहार के हर जिले में विस्तार और पत्रकारो को आपसी सहयोग का सुझाव दिये।

# जिला नियोजनालय में सामान्य प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी को ले पुस्तकालय प्रारंभ

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा। जिला मुख्यालय स्थित जिला नियोजनालय में विद्यार्थियों को सामान्य प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी को लेकर पुस्तकालय का प्रारंभ किया गया है, जो सोमवार से शनिवार तक सुबह दस बजे से शाम के पांच बजे तक खुला रहेगा। जहां शहर के काफी संख्या में वैसे युवा और युवती पढ़ सकते हैं जो सामान्य प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। इस पुस्तकालय का लाभ उठाने के लिए युवाओं को नियोजन कार्यालय में अपना निबंधन कराना अनिवार्य है। इससे एक तरफ जहां उन्हें पुस्तकालय में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने की सुविधा उपलब्ध हो रही है, वहीं दूसरी ओर निजी कंपनियों एवं विभिन्न सरकारी संस्थानों द्वारा निकाली जा रही वैकेंसी की भी समय-समय पर जानकारी मिलती रहती है। इस लाइब्रेरी में विद्यार्थियों को निःशुल्क इंटरनेट, एसी अध्ययन कक्ष सहित कई अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। कैरियर इर्फॉर्मेशन सेंटर में एक हजार से अधिक पुस्तकें उपलब्ध करायी गयी है। पढ़ाई के लिए एकांत जरूरी है, लेकिन परिवार में रहते हुए तैयारी के लिए युवाओं को एकांत की कमी अखरती है। इस कारण जिला मुख्यालय सहित अन्य शहरों में निजी लाइब्रेरी पनपने लगा है। शहर में 50 से ज्यादा छोटी बड़ी प्राइवेट लाइब्रेरी हैं और निरंतर नई खुलती जा रही हैं। लेकिन प्राइवेट लाइब्रेरी में युवाओं को अध्ययन करना महंगा पड़ता है।

जिला नियोजन पदाधिकारी लरविन कुमार ने बताया कि जिला नियोजनालय की यह पहल युवाओं के लिए भविष्य संवारने का काम कर रहा है। शहर केयुवा नियोजन फार्म भरकर नियोजन कार्यालय में जमा कर निबंधित करा सकते हैं। जिन युवाओं को फार्म भरना है, उन्हें जाति, योग्यता, आवासीय से संबन्धित कोई कागजात का मूल प्रमाण-पत्र के साथ इसकी फोटो कॉपी भी लानी होती है, जिसकेबाद नियोजन कार्यालय से मिला फॉर्म को एक फोटो के साथ भरकर जमा करना होता है। जिसके बाद तुरंत निबंधन कर दिया जाता है।

## बीपीएससी टीआरई 4 से पूर्व एसटीईटी आयोजन करवाने की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा। बिहार में शिक्षक भर्ती की चौथे चरण की सुगबुगाहट को देखते हुए छात्र राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष अमृत कुमार अमरकांत ने शिक्षा विभाग के कई अधिकारियों से मिलकर बीपीएससी टीआरई 4 से पहले एसटीईटी आयोजन करने की बात रखी। लेकिन अधिकारीयों द्वारा सकारात्मक जवाब नहीं मिलने के कारण बुधवार को पटना उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर किया। अमृत कुमार अमरकांत ने मांग किया कि बीपीएससी टीआरई 4 से पहले एसटीईटी का आयोजन हो और उसमे बीएड सत्र 22-24 एवं स्नातकोत्तर सत्र 22-24 में उत्तीर्ण हुए या एपीयरिंग छात्रों को भी मौका मिले। छात्रों की तरफ से अधिवक्ता एसएन यादव ने कहा कि समानता के अधिकार के तहत सत्र 22-24 वाले छात्र को भी मौका मिलना चाहिए इसी आधार पर माननीय उच्च न्यायालय पटना में एक याचिका दायर हुआ है। आपको बता दें कि विगत एसटीइटी परीक्षा जो जून में आयोजित हुई थी उस परीक्षा में भी सत्र विलंब होने के वजह से हजारों छात्रों को पहले फॉर्म भरने से वंचित कर दिया गया था। उस समय भी छात्र राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष अमृत कुमार अमरकांत के द्वारा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर उन हजारों छात्रों के लिए पुनः पोर्टल खुलवाकर एसटीइटी फॉर्म भरने की तिथि जारी करवाया था।

## सुनील निषाद को युवा जदयू का प्रदेश सचिव बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

चौसा (मधेपुरा)। युवा जदयू के बिहार प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल ने मधेपुरा की माटी के लाल, तेज-तर्रार युवा नेता और पूर्व जिला महासचिव मधेपुरा (युवा जदयू) सुनील निषाद को प्रदेश युवा जनता दल यूनाइटेड द्वारा प्रदेश सचिव पद पर नियुक्त किया। बताया गया कि इस नियुक्ति की घोषणा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय संजय झा, पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के विचार विमर्श के बाद की गई। सुनील निषाद ने इस अवसर पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका पूरा प्रयास रहेगा कि वे पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने और दल को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बक्सर और शाहाबाद के पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ प्रदेश के सभी युवा साथियों का धन्यवाद किया। श्री निषाद ने इस पद पर पुनर्नियुक्ति के बाद अपने कार्यकताओं से विश्वास और समर्थन की अपेक्षा करते है।

## भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में सेशन को अपडेट करने की कवायद हुई तेज

मधेपुरा। भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में सेशन को अपडेट करने की कवायद तेज हो गई है। इस कड़ी में विवि के परीक्षा विभाग ने पीजी फर्स्ट सेमेस्टर और डिग्री ह्यथर्ड सेमेस्टर का परीक्षा फार्म यूएमआईएस के माध्यम से आनलाइन भरने की तिथि जारी कर दी है। साथ ही विवि के परीक्षा विभाग ने परीक्षा तिथि भी निर्धारित कर दी है।

# राजद ने सदस्यता अभियान चलाकर दर्जनों लोगों को पार्टी से जोड़ा

प्रातः किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। प्रखंड अंतर्गत मधुबन पंचायत के तीनटेंगा में गुरुवार को महादलित आयोग के पूर्व सदस्य कंतलाल शर्मा के उपस्थिति में राजद के प्रखंड अध्यक्ष गजेंद्र राम ने सदस्यता अभियान चलाकर दर्जनों लोगों को पार्टी से जोड़कर सदस्यता दिलाई। इस दौरान महादलित आयोग के पूर्व सदस्य सह राजद प्रदेश सचिव कंतलाल शर्मा ने कहा कि 2025 में बिहार में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनेगी। बिहार में राजद की सरकार बनने पर माई बहिनमान योजना के तहत सभी महिलाओं को पच्चीस सौ रुपये प्रतिमाह दिया जायेगा, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर होकर जीवन-यापन कर सकेगी। उन्होंने कहा कि आज बिहार के लोग महंगाई से त्रस्त हैं। दिनभर मेहनत-मजदूरी करने के बाद भी रात में भरपेट भोजन नसीब नहीं हो पाता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को जब प्रत्येक माह पच्चीस सौ रुपए हस्तांतरित होगा तो, वे अपने परिवार की भलाई के लिए अधिक से अधिक रुपये का निवेश कर अपने आर्थिक स्थिति को सुधार सकेंगी। उन्होंने कहा कि सुशासन बाबू के इस अफसरशाही राज से जनता त्रस्त हो रही है। लूट, हत्या, रिश्वतखोरी का पल पल जनता शिकार हो रही है।शराब बंदी आंख मे धूल झोंक रही है, खुलेआम शराब की डिलीवरी घर तक हो रही है। सरकार का पदाधिकारियों पर नियंत्रण नहीं है। वही राजद प्रखंड अध्यक्ष गजेंद्र राम ने कहा कि राजद की सदस्यता लेने के लिए प्रखंड के अलग अलग पंचायत में अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें पढ़ी संख्या में लोग जुड़ रहे है। उन्होंने कहा कि हर जाति के लोग पार्टी से जुड़कर प्रतिपक्ष के नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के हाथों को मजबूती प्रदान करने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार जनता ने नीतीश सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प ले लिया है। उन्होंने कहा कि आगामी विधान सभा चुनाव में राजद रिकोर्ड वोट से जीत दर्ज कर बिहार के सत्ता पर आसीन होकर बिहार का चहुंमुखी विकास करेगी। वही बेरोजगार को रोजगार उपलब्ध करायेगी। देश का भविष्य युवा वर्ग राजद के साथ है। मौके पर राजद प्रखंड महासचिव विवेक कुमार यादव, पूरण मंडल, प्रभात कुमार मंडल, रवि यादव, शिवम यादव, किशोर मंडल, रामस्वरूप मंडल, अशोक मंडल, सवानंद कुमार, प्रवीण कुमार, इंदल कुमार छोटेलाल मंडल, महादेव मंडल आदि थे।

**भवन निर्माण विभाग**
बिहार सरकार
**विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना**
**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–51 वर्ष–2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–3 पटना, भवन निर्माण विभाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि :20.01.2025 3:00 बजे अपराहन तक ।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :21.01.2025 3:00 बजे अपराहन तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :21.01.2025 (3:30 बजे अपराहन्)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–3 एवं 2, भ0 नि0 वि0, पटना, विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य अंचल दक्षिण बिहार, भ0 नि0 वि0,पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :क्रमांक 5 के अनुरूप

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लाख में | अग्रधन की राशि 2% | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Temporary lighting arrangement with LED rope Light and LED flood Light as per requirement on the occasion of Republic Day "26 Jan -2025" on the statue of Karpuri Thakur Golamber & Anugrah narayan singh golember in the Bihar Vidhan Sabha Premises Patna, Statue/Golamber of Batukeshwar Dutt Statue Patna, & Satmurti Golember Patna. | 90,041.00 | 1,900.00 | 500.00 | 25 January to 26 January 2025 (2Days) |
| 2. | Temporary lighting arrangement with LED rope Light and LED flood Light as per requirement on the occasion of Republic Day "26 Jan -2025" on the Statue/golamber of K.B. sahay Patna & Birshamunda Golember Near Irrigation Bhawan Patna. | 52,781.00 | 1100.00 | 250.00 | 25 January to 26 January 2025 (2Days) |
| 3. | Temporary lighting arrangement with LED rope Light and LED flood Light as per requirement on the occasion of Republic Day "26 Jan -2025" on the Statue of Jagdev Prasad Patna, & Patel golember Near Airport Patna. | 52,781.00 | 1,100.00 | 500.00 | 25 January to 26 January 2025 (2Days) |

PR. No. 016553 (BCD) 2024-25

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

संपूर्ण सुरक्षा केन्द्र में आएँ, नि:शुल्क एच.आईवी. व यौन जनित रोग जाँच एवं उपचार पाएँ।

## प्रणय मलेशिया ओपन के दूसरे दौर में हारे, चीन के लि शि फेंग ने दी मात



**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय बृहस्पतिवार को यहां मलेशिया सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में चीन के लि शि फेंग से हारकर बाहर हो गए। भारत के 32 साल के खिलाड़ी को एक घंटे 22 मिनट तक चले मैच में सातवें वरीय लि से 8-21, 21-15, 21-23 से हार मिली।

इससे पहले त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी को राउंड 16 मैच में चीन की जिया यि फान और झांग शु जियान से 21-15, 19-21, 19-21 से पराजय झेलनी पड़ी। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी को 44 मिनट में चीन की चेंग जिंग और झांग चि की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 13-21, 20-22 से शिकस्त मिली।

## चैंपियंस ट्रॉफी को पाकिस्तान से बाहर स्थानांतरित करने की खबरों पर

**● पीसीबी अधिकारी ने कहा सभी कभी कार्य पूरे होंगे**



**करांची (एजेंसी)।** स्टेडियमों के नवीनीकरण कार्य में देरी के कारण चैंपियंस ट्रॉफी को पाकिस्तान से बाहर स्थानांतरित किए जाने की संभावना का दावा करने वाली रिपोर्टों के बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक अधिकारी ने कहा कि तैयारियां जोरों पर हैं और स्टेडियम से संबंधित सभी कार्य फरवरी के पहले सप्ताह तक पूरे हो जाएंगे। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू होगी। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट में 15 मुकाबले होंगे और यह 9 मार्च को समाप्त होगा। रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम, लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम और कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम में चैंपियंस ट्रॉफी के मैच खेले जाने हैं।

पिछले साल अगस्त में शुरू हुए और 31 दिसंबर तक पूरा होने वाले स्टेडियमों के नवीनीकरण कार्य के अभी तक पूरा नहीं होने के कारण कई रिपोर्ट्स में कहा गया है कि आईसीसी तीनों स्टेडियमों का निरीक्षण करने के लिए एक टीम पाकिस्तान भेजेगा। अगर 12 फरवरी को स्टेडियम हैंडओवर के लिए तैयार नहीं होते हैं तो पूरा टूर्नामेंट यूएई में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

पीसीबी अधिकारी ने कहा, (स्टेडियमों से संबंधित) सभी काम फरवरी के पहले सप्ताह तक पूरे हो जाएंगे। पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी की सफलतापूर्वक मेजबानी करेगा। किसी भी अफवाह पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कुछ लोग हैं जो सोशल मीडिया पर पाकिस्तान की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। हम जानते हैं कि वे कौन हैं और वे ऐसा क्यों कर रहे हैं।

पीसीबी ने बुधवार को दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड की भागीदारी वाली वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला को मुल्तान से कराची और लाहौर स्थानांतरित कर दिया। पीसीबी ने कहा कि यह कदम लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम और कराची के नेशनल स्टेडियम में तैयारियों के अग्रिम चरण के कारण उठाया गया है। ये स्टेडियम चैंपियंस ट्रॉफी के 12 ग्रुप चरण मैचों में से छह की मेजबानी करेंगे। पाकिस्तान 1996 (वनडे विश्व कप की सह-मेजबानी) के बाद पहली बार आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है।

### भारत और आयरलैंड के बीच

# 3 मैचों की विमेंस वनडे सीरीज आज से राजकोट में

### भारत और आयरलैंड की प्लेयर्स ने प्रैक्टिस शुरू की ; स्मृति मंधाना करेंगी इंडिया की कप्तानी

**राजकोट (एजेंसी)।** भारत और आयरलैंड के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज 10 जनवरी से राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेली जाएगी। सोमवार को दोनों टीमों की प्लेयर्स राजकोट पहुंचीं। आज से दोनों टीमों की खिलाड़ियों ने मैदान पर नेट प्रैक्टिस भी शुरू कर दी।




### दोनों टीमों ने 6 घंटे प्रैक्टिस की

मंगलवार सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक दोनों टीमों ने प्रैक्टिस की। जिसमें दोनों टीमों की खिलाड़ियों ने वॉर्म-अप, फील्डिंग, कैच और नेट प्रैक्टिस के साथ बैटिंग और बॉलिंग की प्रैक्टिस की। राजकोट में पहली बार ही कोई विमेंस इंटरनेशनल मैच खेला जाएगा। वेस्टइंडीज को वनडे और टी-20 सीरीज में हराया था। अब टीम आयरलैंड के खिलाफ 3 वनडे की सीरीज खेलेगी। 12 और 15 जनवरी को बाकी 2 मुकाबले खेले जाएंगे।

### हरमनप्रीत कौर को आराम

आयरलैंड के खिलाफ हरमनप्रीत कौर को आराम दिया गया, उनकी जगह स्मृति मंधाना कप्तानी करेंगी। राजकोट एयरपोर्ट पर दोनों टीमों का फूल मालाओं से स्वागत हुआ। प्लेयर्स को किताबें भी गिफ्ट की गईं।

**मंधाना को मिल सकता है प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड** - भारत की ओपनिंग बैटर स्मृति मंधाना ने दिसंबर में 9 मैच खेले और 463 रन बना दिए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक शतक भी लगाया। उन्होंने फिर वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार 5 मैचों में 50+ स्कोर बनाए। उन्होंने वनडे में 270 और टी-20 में 193 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द दिसंबर मंथ के लिए ढ्रष्ष्ट ने नॉमिनेट किया। वह अवॉर्ड जीतने की रेस में टॉप पर भी हैं।

### भारतीय महिला क्रिकेट टीम टीम

स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा (उप कप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देओल, जेमिमा रोड्रिग्ज, उमा छेत्री, ऋचा घोष, तेजल हसबनीस, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, राघवी बिष्ट, तितास साधु, साइमा ठाकोर और सयाली साटघरे।

### आयरलैंड महिला क्रिकेट टीम टीम

गैबी लुईस (कप्तान), एवा कैनिंग, क्रिस्टीना कूल्टर रीली, अलाना डाल्ज़ेल, लौरा डेलानी, जॉर्जीना डेम्प्सी, सारा फोर्ब्स, अर्लीन केली, जोआना लॉफ्रान, एमी मगुरी, लेह पॉल, ओर्ला प्रेंडरगास्ट, उना रेमंड-होय, फ्रेया सार्जेंट और रेबेका स्टोकेलो।

## मनोविज्ञान की छात्रा होने से क्रिकेट में काफी मदद मिली : प्रतीका रावल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की युवा क्रिकेटर प्रतीका रावल ने कहा कि मनोविज्ञान की छात्रा होने से उन्हें सीनियर महिला टीम में अपनी जगह पक्की करने में मदद मिली क्योंकि उन्हें मानसिक पहलू के महत्व के बारे में पता था। प्रतीका ने वेस्टइंडीज के खिलाफ हाल ही में हुई महिला वनडे श्रृंखला में शानदार पदार्पण करके स्मृति मंधाना के साथ पारी की शुरूआत के लिये अपना दावा पक्का किया है। प्रतीका ने पहले दो मैचों में 40 और 76 रन बनाए। 24 वर्ष की प्रतीका ने कहा कि मनोविज्ञान में उनकी गहरी रूचि और क्रिकेट के लिये प्यार ने भारतीय टीम तक उनका सफर आसान किया।




उन्होंने बीसीसीआई द्वारा 'एक्स' पर साझा किए गए वीडियो 'प्रतीका रावल – मनोविज्ञान का क्रिकेट से मिलन' में कहा, 'मैं इंसानी दिमाग के बारे में पढ़ना चाहती थी। जब मैंने पढ़ना शुरू किया तो मैं जानना चाहती थी कि हम मैदान पर और उससे बाहर हालात का सामना कैसे करते हैं। इससे मुझे क्रिकेट में भी काफी मदद मिली। दिल्ली की इस क्रिकेटर ने कहा, 'जब मैं मैच से पहले मैदान पर होती हूं तो खुद से काफी सकारात्मक बातें करती हूं। मैं अभी क्या करना चाहती हूं और भविष्य में क्या करूंगी। बल्लेबाजी के दौरान भी मैं खुद से कहती हूं कि तुम बेस्ट हो और यह कर सकती हो। आयरलैंड के खिलाफ आगामी वनडे श्रृंखला के लिये टीम में जगह बरकरार रखने वाली रावल ने कहा, 'मैं मॉडर्न स्कूल बाराखम्बा में पढ़ती थी। मेरे परिवार का जोर शिक्षा पर हमेशा रहा हालांकि क्रिकेट के लिये अपने प्यार और जुनून से मुझे इनकार नहीं है। मैं हमेशा से क्रिकेट ही खेलना चाहती थी।

# कोंस्टास या हेड : श्रीलंका में कौन करेगा ओपनिंग, ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता ने दिया संकेत

**सिडनी (एजेंसी)।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में प्रसिद्ध भारतीय गेंदबाजी इकाई के खिलाफ प्रभावित करने के बाद सैम कोंस्टास को ऑस्ट्रेलिया के आगामी दो मैचों के श्रीलंका दौरे के लिए चुना गया है। लेकिन अभी भी अनिश्चितता है कि वह उपमहाद्वीप में ऑस्ट्रेलिया के लिए ओपनिंग करेंगे या नहीं। भारत के खिलाफ ओपनर के रूप में अपने प्रदर्शन के दौरान युवा खिलाड़ी ने अलग तकनीक का प्रदर्शन किया। आक्रामकता के साथ उनके अपरंपरागत शॉट्स ने दुनिया का ध्यान खींचा, जो अगली पीढ़ी को केंद्र में देखना चाहते हैं। कोंस्टास ने दो टेस्ट में 113 रन बनो जिसमें उनका औसत 28.25 रहा जबकि स्ट्राइक रेट 81.88 रहा। अपनी घरेलू धरती पर दिखाए गए सभी शानदार प्रदर्शन के बावजूद इस बात पर अभी भी संदेह है कि क्या युवा खिलाड़ी श्रीलंका की स्पिनिंग ट्रैक पर अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे। चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने स्वीकार किया कि कोंस्टास के पास स्पिनिंग ट्रैक के लिए 'अच्छी तकनीक' है, लेकिन उन्होंने ट्रेविस हेड के ओपनिंग की संभावना दिखाई।

बेली ने कोंस्टास के बारे में कहा, सच में आप तब तक नहीं जान सकते जब तक कोई (उपमहाद्वीप की परिस्थितियों) का सामना न कर ले। हमने जो देखा है, वह यह है कि वह बहुत जल्दी सीखता है, और बहुत सारी जानकारी को इकट्ठा करता है। ऑस्ट्रेलिया में उसके स्पिन खेलने और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में उसके द्वारा खेले गए अवसरों से हमें लगता है कि उसके पास एक ऐसा खेल है जो अच्छी तरह से अनुकूल है और एक ऐसी तकनीक है जो टिक सकती है। उन्होंने कहा, यह इस दौरे की सबसे रोमांचक चीजों में से एक है। हम ऑस्ट्रेलिया में उनके द्वारा सामना की गई परिस्थितियों के अलावा अन्य परिस्थितियों में उनके खेल के बारे में थोड़ा और जानेंगे। ट्रैव एक (ओपनिंग) विकल्प है... जाहिर है, उस टीम के साथ, हमारे पास कई विकल्प हैं। हेड को टर्निंग ट्रैक पर रेड-बॉल क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के लिए ओपनिंग करने का काफी अनुभव है। 2023 में भारत में सलामी बल्लेबाज के रूप में बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने 55 की औसत और 71 की स्ट्राइक रेट से 223 रन बनाए। पैट कमिंस के सीरीज से बाहर रहने के कारण स्टीवन स्मिथ अंतरिम कप्तान की भूमिका निभाएंगे। बैगी ग्रीन्स के लिए स्पिनर मैट कुहनेमैन और टॉड मर्फी की वापसी हुई है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया को जोश हेजलवुड की कमी खलेगी, जो पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। हेजलवुड के साथ-साथ अनुभवी ऑलराउंडर मिशेल मार्श को उपमहाद्वीप दौरे के लिए बाहर रखा गया है। युवा कूपर कोनोली और नाथन मैकस्वीनी को अनुभवी सितारों एडम जम्पा और पीटर हैंड्सकॉम्ब पर तरजीह दी गई जिन्हें दौरे के लिए संभावित यात्रियों के रूप में चुना गया था। श्रृंखला 29 जनवरी को गॉल में शुरू होगी और दूसरा टेस्ट 6 फरवरी को उसी स्थान पर शुरू होगा।




### श्रीलंका टेस्ट दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम

स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कूपर कोनोली, ट्रैविस हेड (उपकप्तान), जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मैट कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, नाथन मैकस्वीनी, टॉड मर्फी, मिशेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

# ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम घोषित की, स्मिथ को मिली कप्तानी

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका के खिलाफ 29 जनवरी से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 16 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की है। दाएं हाथ के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को राष्ट्रीय टीम का अंतरिम कप्तान नियुक्त किया गया है। स्मिथ पैट कमिंस की अनुपस्थिति में टीम की अगुआई करेंगे जो पितृत्व अवकाश पर हैं और हाल ही में घरेलू गर्मियों के दौरान टखने की थोड़ी समस्या से जूझ रहे हैं।



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप कप्तान कूपर कोनोली को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है जबकि साथी युवा खिलाड़ी नाथन मैकस्वीनी को हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में मेलबर्न और सिडनी टेस्ट में नहीं खेलने के बावजूद वापस बुलाया गया है। स्पिनर मैट कुहनेमैन और टॉड मर्फी भी वापसी कर रहे हैं, हालांकि टीम को जोश हेजलवुड की पिंडली की चोट और मिशेल मार्श की कमी खलेगी, क्योंकि यह जोड़ी आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

ग्लेन मैक्सवेल, एडम जाम्पा और पीटर हैंड्सकॉम्ब जैसे खिलाड़ियों को दौरे के लिए संभावित यात्रियों के रूप में चुना गया था, लेकिन उन्हें टीम में नहीं चुना गया। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि श्रीलंका में खेलने की अनूठी चुनौतियां नए खिलाड़ियों को अपने देश के लिए लाल गेंद से खेलने का मौका देती हैं। आईसीसी की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार जॉर्ज बेली ने कहा, %श्रीलंका दौरे के लिए चुनौतीपूर्ण और रोमांचक जगह है, क्योंकि यहां खिलाड़ियों को अलग-अलग परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। यह टीम प्रत्येक मैच में किस तरह के विकेट का सामना कर सकती है, इसके आधार पर इलेवन को तैयार करने के कई तरीके प्रदान करती है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा, हम उन टीम के सदस्यों के लिए आगे के अवसर को लेकर उत्साहित हैं, जो अपने टेस्ट करियर की शुरुआत में हैं और उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में अपने खेल को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे, जहां आने वाले वर्षों में हमारे पास कई महत्वपूर्ण दौरे हैं। सीरीज के दोनों मैच विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023-2025 चक्र का हिस्सा हैं, हालांकि ऑस्ट्रेलिया (संभावित अंकों का 63.73त्न) और दक्षिण अफ्रीका (संभावित अंकों का 69.44त्न) पहले की फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं और 11 जून से लॉर्ड्स खिताब के लिए भिड़ेंगे।

श्रीलंका बनाम ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज
29 जनवरी से 2 फरवरी - गॉल।
6 फरवरी से 10 फरवरी - गॉल।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम

स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कूपर कोनोली, ट्रैविस हेड (उपकप्तान), जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोन्स्टास, मैट कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, नाथन मैकस्वीनी, टॉड मर्फी, मिशेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

## जसप्रीत बुमराह आगे बढ़कर नेतृत्व करते हैं, वे भारत के अगले कप्तान होंगे: सुनील गावस्कर

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के महान खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि हाल ही में संपन्न बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने शानदार प्रदर्शन के बाद जसप्रीत बुमराह भारतीय टेस्ट टीम के अगले कप्तान क्यों हो सकते हैं। बुमराह ने गेंद से आगे बढ़कर नेतृत्व किया, पांच मैचों की श्रृंखला में 32 विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार जीता।




इसके अलावा बुमराह की कप्तानी की व्यापक प्रशंसा हुई, जब उन्होंने पर्थ में स्टैंड-इन कप्तान के रूप में भारत को श्रृंखला की एकमात्र जीत दिलाई। रोहित शर्मा के हटने के बाद उन्हें अंतिम टेस्ट में फिर से कप्तानी सौंपी गई, लेकिन पीठ की चोट के कारण वे तीसरे दिन गेंदबाजी नहीं कर पाए। कई लोगों ने बुमराह को भारतीय टेस्ट टीम के भावी कप्तान के रूप में समर्थन दिया है और सुनील गावस्कर ने भी पीछे नहीं हैं।

भारतीय दिग्गज ने कहा कि तेज गेंदबाज में एक नेता की छवि है, लेकिन वह ऐसा व्यक्ति नहीं है जो अपने साथियों पर दबाव डाल सके। उन्होंने कहा, वह अगला खिलाड़ी हो सकता है। मुझे लगता है कि वह अगला खिलाड़ी होगा। क्योंकि वह आगे बढ़कर नेतृत्व करता है। उसके अंदर एक बहुत अच्छी छवि है। एक नेता की छवि। लेकिन वह ऐसा व्यक्ति नहीं है जो आप पर दबाव डालने वाला हो। कभी-कभी आपके पास ऐसे कप्तान होते हैं जो आप पर बहुत दबाव डालते हैं।

गावस्कर ने आगे कहा कि बुमराह खिलाड़ियों से अपना काम करने की उम्मीद करते हैं और उन पर अतिरिक्त दबाव नहीं डालते। भारतीय दिग्गज ने यह भी बताया कि कैसे तेज गेंदबाज मिड-ऑफ और मिड-ऑन पर खुद को रखकर और लगातार उनका मार्गदर्शन करके बाकी तेज गेंदबाजों की मदद कर रहा था।

गावस्कर ने कहा, बुमराह के मामले में आप देख सकते हैं कि वह दूसरों से यही उम्मीद करते हैं कि वे वही करें जो उनका काम है और जिसके लिए वे राष्ट्रीय टीम में हैं। लेकिन वह किसी पर दबाव नहीं डालते। तेज गेंदबाजों के मामले में वह बिल्कुल शानदार रहे हैं।

मिड-ऑफ, मिड-ऑन पर खड़े रहे। हर बार वह उन्हें बताने और उनका मार्गदर्शन करने के लिए मौजूद थे। मुझे लगता है कि वह बिल्कुल शानदार थे और अगर वह जल्द ही कमान संभाल लेते हैं तो मुझे आश्चर्य नहीं होगा। बुमराह जून में इंग्लैंड दौरे के दौरान टेस्ट मैचों में अगली बार एक्शन में दिखाई देंगे।

# मेरा चरित्र हनन किया जा रहा- युजी चहल से तलाक पर धनश्री वर्मा ने दी सफाई

**मुंबई (एजेंसी)।** पति युजी चहल के साथ मजबूत रिश्तों की आखिरकार मशहूर कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा ने एक बार फिर से गवाही भर दी है। सोशल मीडिया पर जब युजी और धनश्री के बीच दूरियां बढ़ने और बात तलाक तक पहुंचने की बातें आई तो आखिरकार धनश्री ने खुद आगे आकर अपने प्रशंसकों के नाम एक संदेश साझा की है। धनश्री ने अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर की है जिसमें ट्रोर्ल्स को मुंहतोड़ जवाब देने की कोशिश की है। युजी और धनश्री की शादी साल 2020 में हुई थी। इसके बाद लगातार युजी और धनश्री के बीच रिश्तों को लेकर तनाव की खबरें आती रही लेकिन यह हर बार अफवाह मात्र ही साबित होती रही।



एक बार फिर से अपने खिलाफ नाकारात्मक माहौल बनने पर धनश्री के सब्र का बांध टूट गया। उन्होंने सफाई ते हुए इंस्टाग्रम स्टोरी में लिखा- पिछले कुछ दिन मेरे परिवार और मेरे लिए अविश्वसनीय रूप से कठिन रहे हैं। जो बात वास्तव में परेशान करने वाली है वह है तथ्य-जांच से रहित आधारहीन लेखन और नफरत फैलाने वाले फेसलेस ट्रोल्स द्वारा मेरे चरित्र का हनन। मैंने अपना नाम और ईमानदारी बनाने के लिए वर्षों तक कड़ी मेहनत की है। मेरी खामोशी कमजोरी की निशानी नहीं है। नकारात्मकता ऑनलाइन आसानी से फैलती है, दूसरों के उत्थान के लिए साहस और करुणा की आवश्यकता होती है। मैं अपनी सच्चाई पर ध्यान केंद्रित करना और अपने मूल्यों पर कायम रहते हुए आगे बढ़ना चुनती हूं। औचित्य की आवश्यकता के बिना सत्य सीधा खड़ा रहता है। ऊँ नमः शिवाय।

### लव स्टोरी है बेहद रोचक

युजवेंद्र चहल ने एक इंटरव्यू के दौरान अपनी और धनश्री की लवस्टोरी का खुलासा किया था। चहल ने एक वीडियों में बताया कि कैसे उन्होंने डांस क्लास के दौरान धनश्री के साथ दोस्ती की और उस दोस्ती के साथ कैसे प्यार आगे बढ़ा। चहल ने इस वीडियो के दौरान कहा कि मैं बचपन से ही डांस और भांगड़ा सीखना चाहता था। इसलिए मैंने क्लास को ज्वॉइन किया और इस दौरान हम एक दूसरे को जानने लगे। धीरे धीरे हम एक दूसरे के साथ रिलेशनशिप में आए और इसके बारे में परिवार को बताया। मैंने दो महीने की डांस क्लास के बाद अपने घरवालों को बताया कि मैं धनश्री के साथ शादी करना चाहता हूं। इस इंटरव्यू के दौरान जब धनश्री से पूछा गया कि आप उन्हें डांस में कितने नंबर देंगी तो धनश्री ने कहा कि वह अच्छे डांसर हैं और उन्हें मैं 10 में से 7 नंबर दूंगी। क्योंकि वह बेहद ईमानदार हैं और काफी मेहनती भी हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### जापोरिज्जिया पर रूसी हमले में 13 लोगों की मौत

कीव। यूक्रेन के दक्षिणी शहर जापोरिज्जिया में बुधवार को हुए रूसी हमले में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई जबकि 63 अन्य लोग घायल हो गए। यह जानकारी यूक्रेन के अभियोजक जनरल के कार्यालय के एक बयान के माध्यम से दी। जापोरीज़िया क्षेत्रीय गवर्नर इवान फेडोरोव ने कहा कि ह्लस्थानीय समयानुसार शाम लगभग 4 बजे (जीएमटी 1400) दो निर्देशित बमों ने शहर पर हमला किया, जिससे औद्योगिक अवसंरचना और आवासीय भवनों को नुकसान पहुंचा। घायलों में से चार की हालत गंभीर है।ह्व राज्य की आपातकालीन सेवा ने कहा कि इन हमलों में चार प्रशासनिक भवन और 27 वाहन क्षतिग्रस्त हुए।

### श्रीलंका की नौसेना ने 10 भारतीय मछुआरों को पकड़ा

कोलंबो। श्रीलंका के नौसेना और तटरक्षक बल ने बुधवार रात श्रीलंकाई जलक्षेत्र में मछली पकड़ रहे 10 भारतीय मछुआरों को पकड़ लिया और उनकी नाव भी जब्त कर ली। नौसेना ने गुरुवार को कहा कि नाव को जाफना के कराईनगर में कोविलन लाइटहाउस के समुद्र से जब्त किया गया, जो 2025 में इस तरह की पहली जब्ती है। उन्होंने कहा कि वे स्थानीय मछुआरों की आजीविका पर उन प्रथाओं के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, विदेशी मछली पकड़ने वाली नौकाओं की अवैध मछली पकड़ने से को रोकने के लिए श्रीलंकाई जल में नियमित गश्त और अभियान चलाते हैं। नौसेना ने कहा कि मछली पकड़ने वाली नाव और 10 भारतीय मछुआरों को कांकेसंथुराई बंदरगाह लाया गया और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मैलाडी मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया गया।

### बोलीविया में भारी बारिश से 16 लोगों की मौत

ला पाज। बोलीविया में नवंबर 2024 से बरसात के मौसम में हुई भारी बारिश ने कम से कम 16 लोगों की जान चली गई है जबकि 16,000 से अधिक परिवार प्रभावित हुए हैं। यह जानकारी अधिकारियों ने बुधवार को दी। बोलीविया के उप नागरिक सुरक्षा मंत्री जुआन कार्लोस कैल्विमोंटेस ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नवंबर से जनवरी के पहले सप्ताह तक भारी बारिश ने दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र में कहर बरपाया है, जिससे घातक बाढ़ और भूस्खलन हुआ है। अधिकारी के अनुसार, लगभग 36 नगरपालिकाओं को बहुत नुकसान हुआ है। अधिकारियों ने पश्चिमी ला पाज विभाग में अपोलो, ला असुंता और लुरीबे की नगरपालिकाओं में परिणाम से निपटने के लिए आपदा की स्थिति की घोषणा की है। देश के नौ विभागों में से आठ ने मौसम संबंधी समस्याओं और क्षति की सूचना दी है, जिसमें एकमात्र अपवाद ओरुरो है। नवंबर के बाद से दर्ज की गई अन्य जलवायु घटनाओं, जिनमें ठंढ और ओलावृष्टि शामिल हैं, ने भी पांच विभागों में नुकसान पहुंचाया है।

### यूएई ने आतंकवाद समर्थकों की सूची में 19 व्यक्तियों, कानूनी संस्थाओं को किया शामिल

दोहा। संयुक्त अरब अमीरात ने मुस्लिम ब्रदरहुड आंदोलन (रूस में आतंकवादी समूह के रूप में प्रतिबंधित) से कथित संबंधों को लेकर ब्रिटेन स्थित शिक्षा केंद्र कैंब्रिज एजुकेशन एंड ट्रेनिंग सेंटर सहित 19 व्यक्तियों और कानूनी संस्थाओं को देश की आतंकवादी सूची में शामिल किया है। यह जानकारी डब्ल्यूएएम समाचार एजेंसी ने दी। यूएई सरकार के संबंधित डिक्री ने आतंकवाद के समर्थकों की सूची में 11 व्यक्तियों और आठ कानूनी संस्थाओं को शामिल करने को मंजूरी दी। एजेंसी ने कहा कि इनमें संयुक्त अरब अमीरात के नौ नागरिक शामिल हैं जिनके पास स्वीडिश और तुर्की नागरिकता भी है। एक यमनी नागरिक और एक लाइबेरिया नागरिक, जिसके पास स्वीडिश नागरिकता भी है।

### चाड राष्ट्रपति परिसर पर हमला, 19 की मौत

याउंडे। चाड के राष्ट्रपति परिसर में बुधवार शाम बंदूकधारियों के हमले में 19 लोगों की मौत हो गई जिसमें 18 हमलावर और एक सैनिक शामिल हैं। यह जानकारी सरकारी सूत्रों ने दी। सरकार के प्रवक्ता और विदेश मंत्री अब्देरमान कुलमल्ला ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर कहा कि घायलों में छह हमलावर और तीन सैनिक शामिल हैं। पहले की रिपोर्टों में संदेह व्यक्त किया गया था कि आतंकवादी समूह बोको हराम ने हमले को अंजाम दिया था, लेकिन बाद में विदेश मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि शायद यह मामला नहीं था, हमलावरों की पहचान चाड की राजधानी एनह्लजामेना के एक जिले के एक सशस्त्र समूह के रूप में की गई थी। अब्देरमान कुलमल्ला ने कहा, सुरक्षा स्थिति अब नियंत्रण में है और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

# यूक्रेन के दक्षिणी शहर जापोरिज्जिया पर बड़ा रूसी हमला, 13 की मौत

प्रात: किरण/एजेंसी

कीव। यूक्रेन के दक्षिणी शहर जापोरिज्जिया पर रूस ने एक बड़ा मिसाइल हमला किया। यूक्रेन के अधिकारियों के मुताबिक इस हमले में 13 लोग मारे गए और 63 अन्य घायल हो गए। जापोरिज्जिया के क्षेत्रीय गवर्नर इवान फेडोरोव ने इस बड़े हमले की जानकारी देते हुए कहा कि स्थानीय समयानुसार शाम करीब 4 बजे शहर में दो बम गिरे, जिससे औद्योगिक बुनियादी ढांचे और आवासीय इमारतों को काफी नुकसान पहुंचा है। फेडोरोव ने कहा कि घायलों में से चार की हालत गंभीर है। स्टेट सर्विस फॉर इमरजेंसी ने बताया कि इस हमले में चार प्रशासनिक इमारतें और 27 वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि हमले में 13 लोगों के मारे जाने की खबर है। जेलेंस्की ने इस हमले की एक वीडियो शेयर की, जिसमें हमले की भयावह तस्वीरें देखी जा सकती हैं। एक्स पर एक वीडियो शेयर करने के साथ जेलेंस्की ने कहा, रूसियों ने जापोरिज्जिया पर बम बरसाए। यह शहर पर जानबूझकर



किया गया हमला था। अब तक इस हमले में कई लोगों के घायल होने की खबरें मिल रही हैं। सभी घायलों को आवश्यक सहायता मुहैया कराई जा रही है। उन्होंने दुनिया के बड़े देशों से अपील भी की। कहा, पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी संवेदना है। यह बहुत दुख की बात है कि इस हमले में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। एक शहर पर हवाई बमबारी से ज्यादा क्रूर कुछ नहीं है, यह जानते हुए कि आम नागरिक इसका निशाना बनेंगे। दुनिया रूस पर दबाव बनाए कि वो ऐसा न करे। केवल ताकत के जरिए ही इस तरह के युद्ध को स्थायी शांति के साथ समाप्त किया जा सकता है। यूक्रेन के प्रॉसिक्यूटर जनरल कार्यालय ने हमले में हुए नुकसान का ब्योरा दिया। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, इस हमले में यात्रियों को ले जा रही एक ट्राम और एक बस को काफी नुकसान पहुंचा है। गवर्नर इवान फेडोरोव ने कहा कि रूसी सेना ने दोपहर में एक आवासीय क्षेत्र में बम दागे और हमले में दो आवासीय इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। इससे पहले बुधवार को यूक्रेनी सेना ने बताया कि उसने रूस में एक ईंधन भंडारण डिपो को निशाना बनाया है।

# लॉस एंजिल्स के जंगलों की भयानक आग 10 हजार एकड़ में फैली, 5 की मौत

**कैलिफोर्निया के जंगलों में लगी आग अब विकराल रूप ले चुकी है। यह आग फैलकर अब लॉस एंजेलिस और हॉलीवुड हिल्स में तबाही मचा रही है, जिससे हजारों लोग पलायन को मजबूर हैं। वहीं अब तक 5 लोगों की मौत कर खबर है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार इस भयानक आग ने लगभग 1,000 से ज्या। दो घरों को अपनी चपेट में ले लिया है। इससे सांता मोनिका पर्वतमाला और प्रशांत महासागर के बीच बने कई महंगे घर भी प्रभावित हुए हैं। मालिबू के लिए भी नई चेतावनी जारी की गई है।**

प्रात: किरण/एजेंसी

कैलिफोर्निया। अमेरिका के सबसे अधिक आबादी वाले काउंटी लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी आग अब और भयानक रुप ले लिया है। इससे कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई है। इस आग से 1,100 इमारतें क्षतिग्रस्त हुई हैं। कैलिफोर्निया के जंगलों में लगी आग अब विकराल रूप ले चुकी है। यह आग फैलकर अब लॉस एंजेलिस और हॉलीवुड हिल्स में तबाही मचा रही है, जिससे हजारों लोग पलायन को मजबूर हैं। वहीं अब तक 5 लोगों की मौत कर खबर है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार इस भयानक आग ने लगभग 1,000 से ज्या।दा घरों को अपनी चपेट में ले लिया है। इससे सांता मोनिका पर्वतमाला और प्रशांत महासागर के बीच बने कई महंगे घर भी प्रभावित हुए हैं। मालिबू के लिए भी नई चेतावनी जारी की गई है।



कैलिफोर्निया डिपार्टमेंट ऑफ फॉरेस्ट्री एंड फायर प्रोटेक्शन (कैल फायर) ने जानकारी देते हुए कहा कि पैलिसेड्स में मंगलवार से शुरू हुई विनाशकारी आग ने तेज हवा की वजह से विकराल रुप ले लिया है। बुधवार दोपहर तक यह आग 15,800 एकड़ (63.9 वर्ग किमी) तक फैल गई और इस पर काबू नहीं पाया जा सका। कैल फायर ने कहा, अग्नि की प्रकृति जिसमें छोटी और लंबी दूरी से आग का पता लगाना भी शामिल है,एक चुनौती बना हुआ है। लॉस एंजिल्स शहर के पश्चिम में 32 किमी दूर स्थित एक समृद्ध समुदाय में, कई ऐतिहासिक स्थल, जिनमें ग्रीक और रोमन प्राचीन वस्तुओं को प्रदर्शित करने वाला शानदार गेट्टी विला संग्रहालय और मध्य शताब्दी का आधुनिक ईम्स हाउस भी आग के खतरे में है।

वही इस भयानक आग से पैलिसेड्स के तीन स्कूलों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। अग्निशमन और पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार शाम को लगी ईटन की आग ने लॉस एंजिल्स के दो पड़ोसी शहरों अल्ताडेना और पासाडेना के पास 10,600 एकड़ (42.9 वर्ग किमी) से अधिक क्षेत्र को जला दिया, जिससे पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। कैल फायर ने कहा कि अग्निशमन कर्मी आग को फैलने से रोकने के लिए काम कर रहे है। भीषण के कारण राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपना विदेशी दौरा रद्द कर दिया है। वहीं नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कैलिफोर्निया के गवर्नर पर भड़कते दिखाई दिए। अधिकारियों ने दक्षिणी कैलिफोर्निया में खतरनाक जंगली आग की स्थिति के लिए तेज हवाओं और सूखी वनस्पति को जिम्मेदार ठहराया है। रात में 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से असाधारण रूप से शक्तिशाली हवाएं चलीं। स्थानीय टीवी स्टेशन केटीएलए ने बताया कि दक्षिणी कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स, वेंचुरा, ऑरेंज, सैन बर्नार्डिनो, रिवरसाइड और सैन डिएगो काउंटियों में जंगली आग के कारण व्यापक बिजली कटौती से बुधवार दोपहर तक 4 मिलियन से अधिक ग्राहक प्रभावित हुए। वहीं कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने मंगलवार को आपातकाल घोषित करने के साथ तेजी से फैल रही आग के चलते हजारों लोगों से वहां से निकलने का कहा।

## जस्टिन टूडो सरकार को बड़ा झटका, हरदीप सिंह निज्जर हत्या केस में चारों आरोपी जमानत पर रिहा

प्रात: किरण/एजेंसी




ओटावा। हरदीप सिंह निज्जर हत्या केस में जस्टिन टूडो सरकार को बड़ा झटका लगा है। सुपीम कोर्ट ने मामले में चारों आरोपियों को कानूनी सुनवाई लंबित रहने तक जमानत पर रिहा कर दिया है। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक चार प्रतिवादियों में से तीन वीडियो के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पेश हुए जबकि चौथे का प्रतिनिधित्व वकील ने किया। अभियुक्त की अगली अदालती उपस्थिति 11 फरवरी, 2025 को निर्धारित की गई है।

18 जून 2023 को खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारा की पार्किंग में गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में करण बराड़, कमलप्रीत सिंह, करणप्रीत सिंह और अमनदीप सिंह को आरोपी बनाया गया। निज्जर हत्याकांड नई दिल्ली और ओटावा के संबंधों में बड़े विवाद की वजह बन गया जब कनाडा के पीएम जस्टिसन टूडो ने इस हत्या में भारत के शामिल होने का आरोप लगाया। उन्होंने 18 सितंबर 2023 को संसद में कहा था, पिछले कुछ हफ्तों से, कनाडाई सुरक्षा एजेंसियां भारत सरकार के एजेंटों और निज्जर की हत्या के बीच संभावित संबंध के विश्वसनीय आरोपों की सक्रिय रूप से जांच कर रही हैं। नई दिल्ली ने इस आरोप को मजबूती से खारिज कर दिया और कनाडा की तरफ से इसे लेकर कभी कोई सबूत सामने नहीं रखे गए। इस मामले में चारों आरोपियों की रिहाई जस्टिन टूडो के लिए मुश्किलों को और बड़ा सकती है जिन्होंने पीएम पद और लिबरल पार्टी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की घोषणा कर दी है। हालांकि, वह लिबरल पार्टी के नए नेता चुने जाने तक प्रधानमंत्री पद पर रहेंगे।

## बाइडेन ने कैलिफोर्निया में आग की घटना के बाद बड़ी आपदा की घोषणा की

प्रात: किरण/एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने गुरुवार को कैलिफोर्निया में एक बड़ी आपदा की घोषणा की, क्योंकि सप्ताह की शुरूआत से राज्य में बड़ी आग लगी हुई है। यह जानकारी व्हाइट हाउस ने दी। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि आज, राष्ट्रपति जोसेफ आर. बाइडेन ने घोषणा किया कि कैलिफोर्निया राज्य में एक बड़ी आपदा मौजूद है और 07 जनवरी से शुरू हुई जंगल की आग और सीधी हवाओं से प्रभावित क्षेत्रों में राज्य, जनजातीय और स्थानीय पुनः प्राप्ति प्रयासों के लिए संघीय सहायता का आदेश दिया। यह निर्णय लॉस एंजिल्स में प्रभावित लोगों को सहायता निधि उपलब्ध कराता है। एक बयान में कहा गया कि सहायता में अस्थायी आवास और घर की मरम्मत के लिए अनुदान, गैर-बीमावाली संपत्ति के नुकसान को कवर करने के लिए कम लागत वाले ऋण, और व्यक्तियों और व्यापारियोंको आपदा के प्रभाव से उबरने में मदद करने के लिए अन्य कार्यक्रम शामिल हो सकते हैं। वानिकी और अग्नि सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि लॉस एंजिल्स में पैलिसैड्स आग की सूचना सबसे पहले मंगलवार को दी गई और यह 15,000 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैल गई है। ईटन में आग मंगलवार रात को लगी, जिसके बाद लोगों को निकालने के आदेश भी दिए गए। इसने पांच लोगों की जान ले ली। आग ने बुधवार दोपहर तक 10,000 एकड़ से अधिक क्षेत्र को जला दिया। हर्स्ट में मंगलवार देर रात लॉस एंजिलिस के सिल्मर इलाके में आग लग गई। वुडली में आग बुधवार सुबह लगी।

एक्यूवेदर मीडिया कंपनी ने कहा कि कैलिफोर्निया में जंगल की आग से नुकसान और आर्थिक नुकसान का प्रारंभिक अनुमान 52 से 57 अरब डॉलर है।

## इजरायली सेना को गाजा में एक व्यक्ति का मिला शव , 7 अक्टूबर 2023 को बनाया गया था बंधक

प्रात: किरण/एजेंसी

यरूशलम। गाजा के राफा क्षेत्र में एक सुरंग से एक शव बरामद किया गया है। शव की पहचान यूसुफ जियादने के तौर पर हुई है। इजरायली सेना द्वारा बताया गया कि यूसुफ जियादने को 7 अक्टूबर 2023 के हमले के दौरान हमास ने अपहरण कर लिया था। इजरायल के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक मेडिसिन में जियादने (53) की मंगलवार को मृत होने की पुष्टि की गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सेना ने बुधवार को बताया कि उसकी कैद में मौत हुई है। उसके बेटे हमजा को भी बंधक बनाया गया था। जियादने और उसके तीन बच्चों हमजा (22) बिलाल (18) और आयशा (17) का किबुत्ज होलिट में काम करते समय अपहरण कर लिया गया था। बिलाल और आयशा को नवंबर 2023



में कैदियों की अदला-बदली के दौरान रिहा कर दिया गया। इजरायली अधिकारियों के अनुसार, 7 अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजरायल पर हमास के हमले के दौरान बंदी बनाए गए 251 लोगों में से लगभग 100 गाजा में ही हैं, जिनमें से 36 के मारे जाने की आशंका है। यह खुलासा ऐसे समय हुआ है जब वातार्कार कतर की राजधानी दोहा में संभावित युद्धविराम-बंधक समझौते पर नए सिरे से बातचीत के लिए बैठक कर रहे हैं, हालांकि अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है। रविवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि हमास ने रिहा किए जाने वाले इजरायली बंधकों की नाम सूची उपलब्ध नहीं कराई है।

नेतन्याहू के कार्यालय ने रविवार को एक बयान में कहा, ऱहमास ने अभी तक (इजरायली) बंधकों की नाम सूची हस्तांतरित नहीं की है। उन्होंने पूर्व मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया, जिसमें हमास के एक अधिकारी के हवाले से कहा गया कि समूह 34 बंधकों को रिहा करने पर सहमत हो गया है। कान टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले सप्ताह फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद आंदोलन की ओर से कहा गया था कि फिलिस्तीनी गुटों को संभावित युद्ध विराम समझौते के पहले चरण के दौरान आदान-प्रदान के लिए इजरायली मेजबानों की सूची तैयार करने और सौंपने के लिए एक सप्ताह का समय चाहिए।

## नेपाल के चुनावी कानून में फेरबदल कर बहुदलीय व्यवस्था को खत्म करने की योजना

काठमांडू। नेपाल में सरकार के कहने पर निर्वाचन आयोग ने एक ऐसा कानून प्रस्तावित किया है, जिससे देश में अगले चुनाव से संसदीय निर्वाचन प्रक्रिया में सिर्फ कांग्रेस और एमाले के ही शामिल रहने की पूरी संभावना है। निर्वाचन आयोग के प्रस्ताव पर गृह मंत्रालय ने हरी झंडी दिखाते हुए इसे कानून मंत्रालय के पास भेज दिया है। मौजूदा समय में नेपाल की सरकार में दो सबसे बड़ी पार्टियां नेपाली कांग्रेस और नेकपा एमाले शामिल हैं। दो विपरीत ध्रुव के दलों की सरकार बनने के बाद देश में राजनीतिक स्थिरता के नाम पर बहुदलीय व्यवस्था को ही खत्म करने की योजना पर काम हो रहा है। कानून मंत्री अजय चौरसिया ने गुरुवार को बताया कि उनके पास गृह मंत्रालय से चुनाव संबंधी कानून परिवर्तन के लिए एक प्रस्ताव आया है, जिस पर आज विशेषज्ञों की बैठक बुलाई गई है। कानून मंत्री चौरसिया के मुताबिक प्रस्तावित कानून में राजनीतिक दलों की मान्यता के लिए मतों के प्रतिशत में बढ़ोतरी की गई है। सरकार के इस प्रस्ताव को देश में बहुदलीय व्यवस्था को समाप्त कर द्विदलीय व्यवस्था लागू करने के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल, अभी तक संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक संघीय संसद के चुनाव में कुल मतदान के न्यूनतम तीन प्रतिशत और प्रदेश के चुनाव में डेढ़ प्रतिशत मत लाने वाले पार्टियों को ही राजनीतिक दल की मान्यता मिलती है। ऐसे दल को ही सिर्फ समानुपातिक वोट के आधार पर सीटें आवंटित की जाती हैं। अब निर्वाचन आयोग के प्रस्ताव में संघीय चुनाव में तीन प्रतिशत को बढ़ाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है और प्रदेश के चुनाव में डेढ़ प्रतिशत को बढ़ाकर तीन प्रतिशत किया गया है। यानी अगर यह कानून परिवर्तन हो जाता है तो नेपाल में दो या तीन दल ही बचेंगे, जिनको मान्यता मिलेगी। प्रमुख निर्वाचन आयुक्त दीपक थपलिया का कहना है कि सरकार की तरफ से मिले निर्देशों के बाद ही उनकी तरफ से यह प्रस्ताव गृह मंत्रालय को भेजा गया था।

## भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के अध्यक्ष ने सेवानिवृत्त पाक सैन्य अधिकारी को भेजा 50 करोड़ का नोटिस

प्रात: किरण/एजेंसी

लाहौर। लाहौर की एक गैर-लाभकारी संस्था के अध्यक्ष ने बुधवार को एक सेवानिवृत्त पाकिस्तानी सैन्य अधिकारी को महान स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह को अपराधी करार देने के लिए बिना शर्त माफी मांगने को कहा है। साथ ही उन्होंने अधिकारी को कानूनी नोटिस भेजकर 50 करोड़ रुपये का हजार्ना मांगा है। यह कानूनी नोटिस लाहौर मेट्रोपोलिटन कॉरपोरेशन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी एवं पाकिस्तान सशस्त्र बलों से सेवानिवृत्त अधिकारी तारिक मजीद को अधिवक्ता खालिद जमा खान के माध्यम से भेजा गया है। मजीद ने भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन पाकिस्तान के अध्यक्ष इम्तियाज रशीद कुरैशी पर विदेशी अनुदान लेने का आरोप लगाया है तथा महान स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह को अपराधी कहा है। नोटिस में कहा गया है, मेरे मुवक्किल (भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन पाकिस्तान के अध्यक्ष इम्तियाज रशीद कुरैशी) एक देशभक्त हैं और देश व इस्लाम के प्रति ईमानदार हैंह्व और अपनी क्षमता के अनुसार जीवन व्यतीत कर रहे हैं तथा उन्होंने पाकिस्तान या विदेश में किसी भी व्यक्ति या समूह से एक भी पैसा नहीं लिया है। नोटिस में कहा गया है कि उनके मुवक्किल (कुरैशी) का उद्देश्य आम आदमी की बेहतरी के लिए लड़ना और पाकिस्तान और भारत को करीब लाना है ताकि आम लोगों को फायदा हो सके। नोटिस में भगत सिंह के बारे में कहा गया हैः राष्ट्रपिता कायदे-आजम मोहम्मद अली जिन्ना ने 12.09.1929 को सेंट्रल असेंबली दिल्ली में भगत सिंह की सराहना की थीह्व। कुरैशी ने कहा कि मजीद ने नवंबर में लाहौर उच्च न्यायालय को सौंपी अपनी रिपोर्ट में अत्यंत भद्दी और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया था। नवंबर में जिला प्रशासन ने लाहौर उच्च न्यायालय को बताया कि कमोडोर (सेवानिवृत्त) मजीद द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आलोक में उसने लाहौर के शादमान चौक का नाम भगत सिंह के नाम पर रखने की योजना को रद्द कर दिया है, जहां उन्हें लगभग 94 साल पहले फांसी दी गई थी।

अपनी रिपोर्ट में मजीद ने दावा किया कि सिंह क्रांतिकारी नहीं बल्कि एक अपराधी थे। आज की भाषा में वह एक आतंकवादी थे जिन्होंने एक ब्रिटिश पुलिस अधिकारी की हत्या की और इस अपराध के लिए उन्हें दो साथियों के साथ फांसी पर लटका दिया गया। मजीद ने कुरैशी पर विदेशी धन लेने का भी आरोप लगाया था और उनकी आस्था पर भी सवाल उठाए थे।

**आरोप** न्यूयॉर्क में न्यायाधीश जुआन एम. मर्चन की अदालत शुक्रवार को ट्रंप को सजा सुनाएगी।

## ट्रंप ने उच्चतम न्यायालय से 'हश मनी' मामले में सजा सुनाए जाने पर रोक लगाने का अनुरोध किया

प्रात: किरण/ एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क में उच्चतम न्यायालय से पॉर्न स्टार को गुप्त रूप से भुगतान (हश मनी) करने के मामले में शुक्रवार को सजा सुनाने पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। न्यूयॉर्क में न्यायाधीश जुआन एम. मर्चन की अदालत शुक्रवार को ट्रंप को सजा सुनाएगी। सजा सुनाए जाने पर रोक लगाने से न्यूयॉर्क की अदालतों के इनकार के बाद ट्रंप के वकीलों ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया। मर्चन ने इस मामले पर सुनवाई करने के बाद पिछले साल मई में ट्रंप को 34 आपराधिक




आरोपों में दोषी पाया था। हालांकि ट्रंप आरोपों से इनकार करते रहे हैं। अभियोजन पक्ष पर बृहस्पतिवार को सुबह अदालत में अपना जवाब दाखिल कर सकता है। ट्रंप की टीम ने उच्चतम न्यायालय से सजा सुनाए जाने पर तत्काल रोक लगाने का अनुरोध किया है और कहा है कि इससे राष्ट्रपति पद की शपथ लेने की उनकी तैयारियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ट्रंप को 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथ लेनी है। हालांकि मर्चन ने संकेत दिए हैं कि वह ट्रंप को जेल की सजा नहीं सुनाएंगे और न ही कोई जुमार्ना या रोक लगाएंगे, लेकिन ट्रंप के वकीलों का कहना है कि केवल दोषी करार दिए जाने पर भी ट्रंप की छवि को गहरा नुकसान पहुंचेगा। वकील व ट्रंप के आगामी कार्यकाल के लिए सॉलीसिटर जनरल चुने गए जॉन सॉसर और न्याय विभाग में दूसरे उच्चस्तरीय भावी अधिकारी टॉड ब्लेंच ने उच्चतम न्यायालय में आपात सुनवाई के लिए याचिका दायर की है। वकीलों ने कहा है कि सजा सुनाए जाने में देरी होनी चाहिए और वे राष्ट्रपति पद और संघीय सरकार के प्रति घोर अन्याय व नुकसान को रोकने के लिए सजा सुनाए जाने के खिलाफ अपील कर रहे हैं। इस बीच, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश सैमुअल एलिटो ने अपने पूर्व लॉ क्लर्क के कहने पर ट्रंप से फोन पर बात की। एलिटो ने कहा कि उनके पूर्व लॉ क्लर्क विलियम लेवी ने मंगलवार दोपहर को ट्रंप से फोन पर बात कराई क्योंकि लेवी आगामी ट्रंप प्रशासन में नौकरी के लिए सिफारिश करवाना चाहते थे। न्यायाधीश अक्सर शीर्ष सरकारी व कानूनी संस्थानों की नौकरियों के लिए अपने पूर्व क्लर्कों के नामों की सिफारिश करते हैं, लेकिन राष्ट्रपति से सीधे संपर्क होना असामान्य प्रतीत होता है। एलिटो ने कहा कि हालांकि दोनों के बीच हश मनी मामले में ट्रंप की आपात याचिका या किसी अन्य अदालती मामले पर कोई बात नहीं हुई। एलिटो ने एक बयान में कहा, हमारी बातचीत के समय मुझे इस बात की जानकारी भी नहीं थी कि ऐसा कोई आवेदन दायर किया जाएगा। न्यायाधीश ने कहा कि भविष्य में न्यायालय के समक्ष आने वाले किसी अन्य मामले पर भी चर्चा नहीं हुई।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129